e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 188

# प्रभात मंत्र

मंगलवार
11.07.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
वर्तमान को सबसे बेहतरीन पल बनाओ क्योंकि वो वापिस नही आता।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB (Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 28° |
| न्युनतम | 22° |

## झारखंड विधान सभा सभागार में आयोजित त्रिदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए सीएम

# विधायिका एवं कार्यपालिका के बीच बेहतर समन्वय जरूरी : हेमंत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन झारखंड विधान सभा के सभागार में विधि निर्माण की प्रक्रिया एवं कार्यपालिका का दायित्व विषय पर आयोजित त्रिदिवसीय प्रशिक्षण के शुभारम्भ कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विधि निर्माण की प्रक्रिया एवं कार्यपालिका का दायित्व एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आने वाले समय में बेहतर विधानसभा के संचालन में सहायक साबित होगी। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री श्री आलमगीर आलम, विधान सभा अध्यक्ष श्री, रबीन्द्र नाथ महतो, विधायक श्री लम्बोदर महतो सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**व्यवस्थाएं एक दूसरे का सहयोगी बनेः** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि देश का संविधान एक ऐसा अद्भुत मिश्रण है जहां संसदीय प्रणाली को चलाने के लिए विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका जैसी संस्थाओं को अलग-अलग अधिकार दिए गए हैं।

विधायिका देश एवं राज्य के लोगों के कल्याणार्थ विधेयक पारित करने, संशोधन प्रस्ताव लाने, नियम-कानून बनाने, नीति निर्धारण सहित कई कार्य करती हैं। कार्यपालिका सरकार द्वारा लायी गई इन नियम-कानून, नीतियों और कार्यक्रमों को लागू करने का काम करती है तथा न्यायपालिका कानूनों की व्याख्या एवं न्याय देने का काम करती है।

### व्यवस्थाएं सुचारू रूप से कैसे चले इस पर होनी चाहिए चिंतन

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड प्रदेश के लगभग 23 साल पूरे होने जा रहे हैं। नया राज्य होने के वजह से झारखंड विधान सभा को विधायिका का बहुत लंबा अनुभव नहीं है लेकिन अब यह जरूरी है कि स्थायी तौर पर विधायिका और कार्यपालिका एक बेहतर समन्वय और तालमेल के साथ कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम जनप्रतिनिधि चुनाव जीतकर आते हैं, सरकार बनाते हैं लेकिन कुछ व्यवस्थाएं स्थायी तौर पर कार्य करती हैं। इन स्थायी व्यवस्थाओं एवं संस्थाओं को राज्य में किसकी सरकार है इसकी चिंता नहीं करनी चाहिए, बल्कि व्यवस्थाएं निरंतर ठीक से चलती रहे इस पर चिंतन करने की आवश्यकता है। मैं समझता हूं कि कुछ चीजें निरंतर बिना रुकावट के चलती हैं और ये व्यवस्थाएं सुचारू रूप से कैसे चलें इस निमित्त यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित है।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थित

इस अवसर पर लोकसभा के पूर्व महासचिव पीडीटी आचार्य, पीआरएस के चक्षु राय, डीजीपी झारखंड अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्रीमती वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, झारखंड विधान सभा के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर सहित भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा, झारखंड प्रशासनिक सेवा के वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।



### लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल आत्मा संविधान में निहित

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल आत्मा हमारे संविधान में निहित है। जिस तेजी से विधायी व्यवस्थाओं के अंतर्गत नए कानून बनते हैं या कानूनों में संशोधन होते हैं, ऐसी परिस्थिति में विधायिका द्वारा पारित विधेयक अथवा अध्यादेश का अनुपालन सुनिश्चित किया जाना जरूरी होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक लंबे समय अंतराल पर इन विषयों को पुनः रिवाइज करने की आवश्यकता होती है। समय के साथ कई चीजें अलग-अलग दिशा में चलने लगती हैं। जरूरी है कि इन सब चीजों पर विचार और संगोष्ठी होती रहे। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम एवं झारखंड विधान सभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने भी卐विधि निर्माण की प्रक्रिया एवं कार्यपालिका का दायित्व卐 विषय पर अपनी-अपनी बात रखी।

# देवघर में उमड़ पड़ा आस्था का जनसैलाब



### * सावन की पहली सोमवारी पर लाखों श्रद्धालुओं ने बैद्यनाथ धाम में किया जलाभिषेक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**देवघर :** सावन की पहली सोमवारी को लेकर विश्व प्रसिद्ध द्वादश ज्योतिर्लिंग बाबा बैद्यनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है. सावन में बाबा धाम का स्वरूप देखते ही बनता है. श्रद्धालुओं की भीड़ बिहार के सुल्तानगंज से गंगा जल लेकर 105 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर बाबा के दर्शन को पहुंच रहे हैं. इस दौरान उनका उत्साह देखते ही बन रहा है. पूरा क्षेत्र बोल बम के नारों से गूंज उठा है. भारी संख्या में श्रद्धालु भगवा पहनकर बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंच रहे हैं.

बाबा बैद्यनाथ पर जलार्पण कर सुख शांति और समृद्धि की कामना कर रहे हैं. यहां पर कावरियों की लगभग 8 किलोमीटर की लंबी कतार लगी हुई है. सुबह 4 बजे मंदिर का पट खुलने के बाद से ही जलार्पण को लेकर श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है. भीड़ नियंत्रण और सुलभ जलार्पण को लेकर देवघर जिला प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए है. हर तरफ चाक चौबंद व्यवस्था की गई है.

दुमका स्थित बाबा बासुकीनाथ धाम मंदिर में सावन की पहली सोमवारी को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था काफी चुस्त-दुरुस्त देखी गई. यहां अरघा सिस्टम से जलार्पण कर कांवरिया भी काफी खुश हैं. बाबा बासुकीनाथ धाम में भक्तों की भीड़ को देखते हुए सुबह से ही अरघा के माध्यम से श्रद्धालुओं को जलार्पण कराया जा रहा है.श्रद्धालुओं को सुगमता पूर्वक जलार्पण कराने के लिए पुलिस प्रशासन की टीम चुस्त-दुरुस्त नजर आया. संभावित भीड़ को देखते हुए कांवरिया रुटलाइन के सभी प्वाइंटों पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की नियुक्ति की गई है. शिव गंगा घाट से संस्कार मंडल होते हुए कांवरियों को मंदिर में प्रवेश करा कर जल अर्पण कराया जा रहा है. बासुकीनाथ धाम कांवरियों के बोल बम के नारे से गुंजायमान हो गया है.

## क्विक न्यूज

### प्रतापगढ़ मार्ग दुर्घटना में आठ लोगों की मौत

**प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना क्षेत्र में सोमवार को एक तेज रफ्तार टैंकर ने सवारियों से भरी टेंपो में टक्कर मार दी है। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हुई है, जबकि करीब सात लोग घायल हैं। हालांकि अधिकारियों ने अभी इसकी पुष्टी नहीं की है। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, यहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायलों प्रयागराज के लिए रेफर किया गया है। एएसपी विद्यासागर मिश्र फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए हैं। इस घटना को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद प्रतापगढ़ में सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुःख प्रकट किया है। दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर घायलों को अस्पताल पहुंचाकर उनके समुचित इलाज कराए जाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

### ट्रांसफर-पोस्टिंग अध्यादेश के खिलाफ दिल्ली सरकार की याचिका पर केंद्र और एलजी को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में ट्रांसफर पोस्टिंग के मामले में केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ दिल्ली सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार और दिल्ली के उप राज्यपाल को नोटिस जारी किया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने दो हफ्ते के बाद सुनवाई करने का आदेश दिया। दिल्ली सरकार ने याचिका में केंद्र सरकार के अध्यादेश पर तुरंत रोक लगाने की मांग की है। दिल्ली सरकार ने याचिका में कहा है कि केंद्र सरकार का 19 मई को लाया गया अध्यादेश असंवैधानिक है। गौरतलब है कि 11 मई को सुप्रीम कोर्ट की संविधान बेंच ने कहा था कि उप राज्यपाल के पास केंद्रशासित प्रदेश दिल्ली से संबंधित सभी मुद्दों पर व्यापक प्रशासनिक पर्यवेक्षण नहीं हो सकता है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय बेंच ने सर्वसम्मत फैसले में कहा है कि उप राज्यपाल की शक्तियां उन्हें दिल्ली विधानसभा और निर्वाचित सरकार की विधायी शक्तियों में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं देती हैं।

### सड़क हादसे में दो की मौत

**कोडरमा-चंदवाराः** जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत बांझेडीह फोरलेन पर बीती रात हुई सड़क हादसे में इनोवा कार संख्या एचआर 26 बीक्यू 6519 पर सवार दो लोगों की मौत हो गई, वहीं उसमें सवार चार लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि वाहन पर सवार सभी लोग कहीं रात्रि में हीं कही जा रहे थे तभी यह हादसा हुआ. इस दौरान वाहन के परखच्चे उड़ गए थे. बताया जाता है दुर्घटना के बाद वाहन सड़क से काफी दूर झाड़ी में वाहन चल गया था जहाँ शुबह में आते-जाते ग्रामीणों ने देखा कि एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त है। तब घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को देने के बाद देखा। सभी को कोडरमा सदर अस्पताल भेज दिया गया. जहाँ वाहन में सवार दो लोगो की मौत हो चूकि थी. जिसकी पहचान तनवीर उम्र 26 ग्राम पंजाब और जमशेद उम्र 31 ग्राम हरियाणा के रूप में उनकी पहचान की गई।




# लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होंगे पीएम नरेन्द्र मोदी



**एजेंसी**

**मुंबई।** लोकमान्य तिलक स्मारक ट्रस्ट का प्रतिष्ठित लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार इस साल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया जाएगा। यह पुरस्कार कृषि, स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था, सामाजिक और राजनीति के क्षेत्र में नरेन्द्र मोदी के बहुमूल्य योगदान के लिए 1 अगस्त को दिया जाएगा।

पुणे जिले में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार को आमंत्रित किया गया है। जानकारी के अनुसार यह पुरस्कार लोकमान्य तिलक स्मारक ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. दीपक तिलक के हाथों प्रदान किया जाएगा। इस पुरस्कार में एक स्मृति चिन्ह, प्रमाणपत्र और एक लाख रुपये शामिल हैं। वर्ष 1983 से राष्ट्रीय स्तर पर दिया जाने वाला पुरस्कार कृषि, स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था, सामाजिक और राजनीति के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान के लिए दिया जाता है। दरअसल, नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 से प्रधानमंत्री के रूप में कार्य कर रहे हैं। सबका साथ, सबका विकास के लक्ष्य के साथ काम करते हुए मोदी ने विकासोन्मुखी और भ्रष्टाचार मुक्त देश का सपना देखा है। उनके नेतृत्व में आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री घरकुल योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस योजना जैसी कई योजनाएं लागू की गई हैं। उनके कार्यकाल में देश ने वैश्विक स्तर पर सम्मानजनक स्थान प्राप्त की है।उल्लेखनीय है कि इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से एसएम जोशी, कामरेड डांगे, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, डॉ. मनमोहन सिंह, अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी, उद्योगपति राहुल कुमार बजाज, जी. माधवन नायर, एनआर नारायण मूर्ति, डॉ. सिवाथनु पिल्ले, मोंटेक सिंह अहलूवालिया, डॉ. कोटा हरिनारायण, डॉ. कैलासवादिवु सिवन, बाबा कल्याणी, सोनम वांगचुक, डॉ. साइरस पूनावाला आदि दिग्गज सम्मानित किए जा चुके हैं।

# दिल्ली से हिमाचल तक भारी बारिश से हाहाकार



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** उत्तर भारत के कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश, भूस्खलन एवं वर्षाजनित विभिन्न घटनाओं में कई लोगों की मौत हो गई. दिल्ली में यमुना सहित देश के उत्तरी क्षेत्र में कई नदियां उफान पर हैं. कई शहरों और कस्बों में सड़कें तथा आवासीय क्षेत्र घुटनों तक पानी में डूब गए और रिकॉर्ड बारिश के चलते निकाय व्यवस्था पंगु नजर आई. अचानक आई बाढ़ से पर्वतीय इलाकों में सड़कें बह गईं. हिमाचल में तो बारिश की वजह से उफान पर आई नदियों ने रौद्र रूप ले लिया है. आलम ये है कि कुछ जगह पर सड़क बह तो गई तो कहीं पर पुल. मौसम विभाग के मुताबिक अगले 2 दिनों तक जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी बारिश की संभावना है. इसके साथ 'पंजाब, हरियाणा, यूपी और पूर्वी राजस्थान में भी अगले दो दिनों में भारी बारिश होने का अलर्ट जारी किया गया है. बाढ़ और भूस्खलन की वजह से अब तक 34 लोगों की मौत की खबर है. हिमाचल प्रदेश में 20, उत्तराखंड में 9 और दिल्ली में 5 लोगों की मौत की हुई है.

हिमाचल में अभी भी भारी बारिश का अनुमान है. ऐसे में प्रशासन ने लोगों को घरों में रहने की सलाह दी है और साथ ही एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है. सीएमओ से जारी बयान में कहा गया कि आपदा की इस घड़ी में एकजुट होकर सरकार का सहयोग करे और अगले 24 घंटो तक घरों में ही रहें. उत्तर भारत के पहाड़ी और मैदानी इलाकों में बीते दो दिन से मॉनसून की बारिश से मुश्किलें बढ़ गई हैं. सबसे ज्यादा तबाही हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हुई है. हिमाचल के कुल्लू, मनाली और मंडी में कई जगह भू स्खलन की घटनाएं हुई, जिससे चंडीगढ़-मनाली हाईवे का एक हिस्सा भी बह गया. हिमाचल में भारी बारिश से 700 से ज्यादा सड़कें बंद हैं. तीन नेशनल हाईवे पर भी ट्रैफिक रोकना पड़ा है. यहां बिजली का संकट भी खड़ा हो गया है. करीब 1800 बिजली ट्रांसफॉर्मर ठप्प पड़ गए हैं. राज्य में दो दिन के लिए स्कूल भी बंद कर दिए गए हैं. चंबा, कांगड़ा, मंडी, उना, हमीरपुर, बिलासपुर जिलों में भारी बारिश के अलर्ट के चलते लोगों को सावधान रहने की सलाह दी गई है. मौसम विभाग ने कई इलाकों में भूस्खलन और बाढ़ की आशंका जताई है. शिमला, सोलन और सिरमौर जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है.


### पीएम मोदी ने लिया जायजा

भारी बारिश के कारण कई राज्यों में हो रही तबाही के बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि उन्होंने वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों से बात की और हालात का जायज़ा लिया. पीएम कार्यालय ने एक ट्वीट में बताया कि देश के कई हिस्सों में भारी बारिश से पैदा हुए हालात पर पीएम मोदी ने वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों से बात की और हालात का जायज़ा लिया. स्थानीय प्रशासन, एनडीआरएफ़ और एसडीआरएफ़ी की टीमें सभी की सुरक्षा के लिए काम कर रही हैं.

# धोखाधड़ी मामले में रांची कोर्ट में सशरीर पेश हुई अभिनेत्री अमीषा पटेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** चेक बाउंस मामले में बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल सोमवार को सिविल कोर्ट में पेश हुई। पिछले एक महीने में यह दूसरा मौका है जब इस मामले में अमीषा पटेल कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुई। पेश होने के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री ने अपने ऊपर लगे धोखाधड़ी के सभी आरोपों को गलत बताया तो वहीं इस मामले में अब याचिकाकर्ता की ओर से मध्यस्थता का आग्रह किया गया है। सिविल जज सीनियर डिवीजन डीएन शुक्ला के आदेश के आलोक में अमीषा कोर्ट में सोमवार को सशरीर उपस्थित हुई औ अपने ऊपर लगे आरोप को गलत बताया। वहीं मामले में याचिकाकर्ता अजय कुमार सिंह की ओर से मध्यस्थता से इस मामले को सुलझाने का आग्रह किया गया।सोमवार को कोर्ट ने अमीषा पटेल को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया था। पिछली सुनवाई में अमीषा पटेल की ओर से कोर्ट में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट का आग्रह करते हुए सीआरपीसी की धारा 317 के तहत आवेदन दाखिल किया गया था, जिसमें कहा गया था वह



अर्जेंट कार्य से चंडीगढ़ , मोहाली में एक कार्यक्रम में आई है। इसलिए वे कोर्ट में उपस्थित नहीं हो सकती हैं, जिसके बाद कोर्ट ने उनकी सशरीर उपस्थिति के लिए 10 जुलाई की तिथि निर्धारित की थी। इससे पूर्व पिछले महीने हुई सुनवाई के दौरान अमीषा पटेल ने सिविल जज सीनियर डिविजन डी एन शुक्ला की कोर्ट में सरेंडर किया था, जिसके बाद कोर्ट ने उन्हें 10 हजार के दो निजी मुचलके पर जमानत प्रदान की थी।उल्लेखनीय है कि अमीषा पटेल के खिलाफ रांची सिविल कोर्ट से वारंट जारी किया था। यह वारंट झारखंड के फिल्म निर्माता अजय कुमार सिंह की ओर अमीषा पटेल और उनके बिजनेस पार्टनर कुणाल ग्रूमर के खिलाफ दाखिल चेक बाउंस,धोखाधड़ी और धमकी मामले में किया गया था। अरगोड़ा निवासी अजय कुमार सिंह ने यह केस 17 नवंबर 2018 को सीजेएम कोर्ट में दायर किया था। आरोप था कि म्जूयिक मेकिंग के नाम पर अमीषा पटेल ने अजय कुमार सिंह से ढाई करोड़ की राशि ली, लेकिन राशि लेने के बाद म्यूजिक मेकिंग की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया। बाद में अजय कुमार सिंह ने पैसे की मांग की। काफी टालमटोल के बाद अक्तूबर 2018 में ढाई करोड़ एवं 50 लाख रुपए के दो चेक दिए, जो बाउंस हो गए। इसके बाद अजय सिंह ने मुकदमा किया था।

## यूसीसी पर जमीअत उलमा-ए-हिंद की वर्किंग कमेटी की बैठक

# विधि आयोग को भेजा जवाब

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** जमीअत उलमा-ए-हिंद की वर्किंग कमेटी की एक बैठक जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी की अध्यक्षता में नई दिल्ली स्थित जमीअत मुख्यालय के मदनी हॉल में आयोजित की गई। बैठक में विशेष रूप से समान नागरिक संहिता पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई और मुस्लिम पारिवारिक कानूनों के समक्ष आने वाली चुनौती का सामना करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इससे पूर्व जमीअत उलमा-ए-हिंद के महासचिव मौलाना हकीमुद्दीन कासमी ने पिछली कार्यवाही प्रस्तुत की और एडवोकेट मौलाना नियाज अहमद फारूकी ने जमीअत उलमा-ए-हिंद की ओर से विधि आयोग को दिए जाने वाले जवाब का एक विस्तृत मसौदा पेश किया, जिसमें कई तर्कों द्वारा यह साबित किया गया है कि मुस्लिम पर्सनल लॉ एक्ट महिलाओं के अधिकारों का वाहक और संरक्षक है। अगर इसे निरस्त कर दिया गया तो महिलाओं को प्रदत्त बहुत से अधिकार और छूट खत्म हो जाएगी। इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय भाषण में जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी ने कहा कि जमीअत उलमा-ए-हिंद ने मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीअत एप्लीकेशन एक्ट 1937) के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जैसा कि इस अधिनियम की प्रस्तावना में उल्लेखित किया गया है।

## बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार से जोड़ने हेतु लगाया जाएगा मेगा रोजगार मेला

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: जिला कौशल विकास विभाग, पलामू द्वारा आगामी 14 जुलाई 2023 दिन शुक्रवार को एक दिवसीय मेगा रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला का आयोजन स्थानीय टाउन हॉल मेदिनीनगर में किया जाएगा। मेगा रोजगार मेला में बेरोजगार युवक- युवतियों को रोजगार से जोड़ने हेतु भर्ती कैम्प लगाया जाएगा। मेगा रोजगार मेला में बेस्ट कॉरपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड तमिलनाडु, केपीआर मिल तमिलनाडु, जुबली टेक्स तमिलनाडु, पीपल ट्री ऑनलाइन प्राइवेट लिमिटेड, पेटीएम सर्विस, डिस्टील एजुकेशन एंड टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, यशस्वी अकैडमी फॉर स्किल्स, एसआईएस लिमिटेड बेलचंपा गढ़वा, एल एन्ड टी कंस्ट्रक्शन स्किल्स ट्रेंनिंग, कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री डेवलपमेंट काउंसिल, अमाधान प्राइवेट लिमिटेड, क्रेडिट एक्सीआ, अमास स्किल वेंचर, सेवा सहयोग सिक्योरिटी एंड फैसिलिटी मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, इंटीग्रेटेड पर्सनल सर्विस लिमिटेड मुंबई, डोमिनोज पिज्जा डालटेनगंज, कीज कॉर्पोरेशन (टाटा मोटर्स जमशेदपुर), ग्राम तरंग टेक्निकल वोकेशनल एजुकेशनल एंड ट्रेनिंग प्राइवेट लिमिटेड, एलआईसी ऑफ इंडिया आदि कंपनियों द्वारा भर्ती कैंप लगाया जाएगा।

## किसान हित में घोषित योजनाएं सिर्फ कागजों पर : सीपीआई

**चैनपुर(पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के बेड़मा में सीपीआइ की बैठक हुई। अध्यक्षता रामशरण भुइयां ने की बैठक में ग्रामीणों की समस्याओं पर विमर्श किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि सावन महीना शुरु हो गया है लेकिन पैक्स द्वारा अभी तक किसानों को खाद बीज उपलब्ध नहीं कराया गया है। सीपीआइ के जिला सचिव रुचिर तिवारी ने कहा कि किसान ऊंची कीमत पर दुकानों से बीज खरीदने को विवश है। लेकिन केंद्र व राज्य सरकार का ध्यान किसानों की इस विवशता की और नहीं है। पीएम नरेंद्र मोदी की किसानों के हित में की गईं घोषणाएं सिर्फ कागज पर नजर आती हैं। महंगाई के कारण खाद्‌बीज दोगुना से भी अधिक कीमत पर बिक रहे हैं।मनरेगा के तहत मजदूरों को कोई काम नहीं मिल रहा है। गरीब का बेटा कह कर वोट लेने वाले भाजपा विधायक आलोक चौरसिया को आम जनता की समस्याओं से कोई मतलब नहीं है। आने वाले समय मे जनता उन्हें मुंहतोड़ जवाब देगी। बैठक में नगर सचिव सुरेश ठाकुर, नसीम राइन, सोनू अहमद, रामजन्म भुईयां, गफ्फार अंसारी, बिहारी भुईयां, अहमद अंसारी, सुखलाल भुईयां, श्याम नारायण साव, लोचन भुईयां, सुलोचन कुंवर, शांति कुंवर, लालती देवी, मालो देवी,बनारसी सहित अन्य मौजूद थे।

## बीस सूत्री की बैठक आज

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: प्रखंड कार्यालय के सभागार में 11 जुलाई को 11.30 बजे पूर्वाहन से बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित किया गया है। उक्त आशय की जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने दी।

## दिव्यांगता प्रमाणपत्र के लिये दो दिवसीय दिव्यांगता शिविर का किया गया आयोजन

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: स्थानीय ट्रॉमा सेंटर में सोमवार को दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिये 85 दिव्यांगों का पंजीयन व ऑन लाईन रजिस्ट्रेशन किया गया.रजिस्ट्रेशन के लिये जिला से लिपिक दिनेश उरांव,एमपीडब्ल्यू अनूप कुमार व कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा दिव्यांगों का पंजीयन किया गया.पंजीयन कराने के लिये बड़ी संख्या में दिव्यांग उपस्थित थे.मौके पर अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी,प्रखंड लेखा प्रबन्धक करुणा कुमारी,लिपिकविपेश राज तमांग,एसटीटी सुभाष कुमार,बिटीटी सुनीता कुमारी,एमटीएस विजय पाठक,एमपीडब्ल्यू चंद्रपति सिंह,कौशलेश कुमार,संजय कुमार यादव,सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे,विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ,विभूतिभूषण चौबे सहित अन्य उपस्थित थे।

## बांध में डूबने से दो स्कूली छात्र की मौत

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: जिला के पिपरा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय मधुबना और मध्य विद्यालय बरवाडीह के दो स्कूली बच्चों की बांध में डूब जाने से मौत हो गई। दोनों बच्चे का स्कूल गए थे।जानकारी के अनुसार दोनों बच्चे स्कूल के निकट बांध में नहाने गए थे। मृतक बच्चे मधुबाला निवासी रविंद्र सिंह का लड़का है,जो सातवीं क्लास का छात्र (12 वर्ष) है,जब कि दूसरा लड़का बरवाडीह निवासी विजय सिंह का पुत्र शुभम कुमार सिंह है।समाचार भेजें जाने तक दोनों बच्चों का शव ग्रामीण जनता की उपस्थिति में स्कूल में रखा गया है। जनता स्कूल पर प्रबंधक के ऊपर काफी आक्रोशित हैं। इस घटना के बाद पिपरा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझा बुझा कर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजने की प्रक्रिया में जुट गई है।

## आनंद नर्सिंग होम से बाइक की चोरी

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: शहर थाना क्षेत्र के बस स्टैंड स्थित आंनद नर्सिंग होम में काम कर रहे राज मिस्त्री असमुद्दीन अंसारी की बाइक सोमवार की दोपहर चोर कर चोरी कर फरार हो गए। असमुद्दीन अंसारी चैनपुर थाना क्षेत्र के झरिवा गाँव का है रहने वाला है।वही इस घटना के बाद भुक्तभोगी असमुद्दीन अंसारी के द्वारा इसकी जानकारी शहर थाना को दी गई।घटना की जानकारी मिलते ही शहर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर अस्पताल में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की। सीसीटीवी कैमरे की जांच करने पर पता चला कि एक युवक आया और बाइक का लॉक तोड़ कर आसानी से बाइक लेकर फरार हो गया।वही इस घटना के बाद भुक्तभोगी असमुद्दीन अंसारी के द्वारा बाइक चोरी होने से संबंधित मामला शहर थाना में दर्ज करा दिया गया है। थाना में मामला दर्ज होने के बाद से पुलिस बाइक चोर की तलाश में जुट गई है।



## सीआरपीएफ के जवान ने अपने सर्विस राइफल से गोली मारकर की आत्महत्या

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सदर थाना क्षेत्र के चियांकी 112 बटालियन में तैनात सीआरपीएफ का जवान प्रांजल नाथ उम्र लगभग 31 वर्ष सोमवार की सुबह करीब 3:00 बजे सुबह में अपना सर्विस राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर लिया।वही इस घटना के बाद सीआरपीएफ के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गए हैं।



## राजा पहाड़ी शिव मंदिर में उमड़ी शिवभक्तों की भीड़

# जिला जज व गढ़वा उपायुक्त ने सपरिवार किया पूजा अर्चना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक राजा पहाड़ी शिव मंदिर में

सावन के पहली सोमवारी पर हजारों लोगों ने भगवान शिव का दर्शन करते हुए जलाभिषेक किया। बोल-बम और हर-हर महादेव के नारे से पूरे दिन पूरा क्षेत्र गुंजयमान रहा। मंदिर में दर्शन के लिए जिला के अलावे सीमावर्ती उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही थी।सोमवार सुबह से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था, जो शाम तक चलता रहा। वही भीड़ को देखते हुए मंदिर निर्माण समिति द्वारा खास इंतजाम किए गए थे।पार्किंग, सुरक्षा, प्रसाद सहित श्रद्धालुओं को कतार बद्ध कराकर दर्शन कराया जा रहा था।



**जिला जज व उपायुक्त ने किया राजा पहाड़ी स्थित शिव मंदिर में किया सपत्नीक पूजा**

ऐतिहासिक राजा पहाड़ी शिव मंदिर में पहले सोमवारी को जिले के प्रधान जिला जज राजेश शरण सिंह व डीसी शेखर जमुआर ने सपत्नीक पूजा पाठ किया। मंदिर के पुजारी ने जिला जज व डीसी को विधिवत पूजा कराया।वहीं श्रावणी मेले का भी उद्घाटन किया। पहाड़ी परिसर में श्रावणी मेले को लेकर झूला सहित अन्य दुकानें सज-धज कर तैयार है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं ने पूजा के बाद मेले का भी लुफ्त उठाया।

**750 फिट ऊंची चोटी पर है मंदिर**

राजा पहाड़ी शिव मंदिर की पर्यटन स्थल के रूप में भी ख्याति प्राप्त है। प्राकृतिक और मनोरम दृश्यों के बीच बना मंदिर 750 फिट ऊंची चोटी पर स्थित है। वर्ष 1917 ई0 में भगवान रुद्र की स्थापना कर पूजा प्रारंभ किया गया था। 1980 ई0 से इस मंदिर में प्रातः पूजन व संध्या आरती होते आ रहा है। इसके बाद से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगने से आस्था का केंद्र बनते गया। वर्ष 1988 ई0 में मंदिर निर्माण समिति द्वारा राजा पहाड़ी शिव मंदिर का शिलान्यास वनांचल गुरु शंकराचार्य द्वारा मंदिर का कराया गया था। वही शिवलिंग का स्थापना कर पुराने व छोटे मंदिर की जगह विशाल मंदिर निर्माण के आधारशिला रखी गई। इसके बाद वर्ष 2013 में नर्मदेश्वर शिवलिंग का स्थापना किया गया।

## धर्म हमारे जीवन की वह पद्धति है, जिसके अनुपालन से पतन रूक जाता है : जीयर स्वामी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** दुनिया धर्म पर टिका है. जड़ और चेतन दोनो का अपना-अपना धर्म होता है.धर्म हमारे जीवन को मर्यादित बनाता है. मानव अपने धर्म से विमुख हो जाए तो संसार का संचालन रूक जायेगा.उन्होंने भागवत कथा में सूत जी द्वारा धर्म की व्याख्या की चर्चा करते हुए कहा कि सूत के अनुसार धर्म मानव जीवन की सीढ़ी है. स्वामी ने कहा कि धर्म से अभिप्राय सिर्फ पूजा-वंदना नहीं.जो जिस निमित्त है, उसके द्वारा संबंधित कार्य का संपादन ही धर्म है.संसार का संचालन धर्म के आधार पर ही हो रहा है. उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि माईक आवाज देना, वल्ब प्रकाश देना, पंखा हवा देना और मानव ईमानदारी पूर्वक अपना दायित्व निर्वहन करना छोड़ दे, तो उन्हें धर्म से विचलित माना जायेगा. फिर इनका कोई महत्व नहीं रह जाएगा धर्म या स्वभाव के कारण ही वस्तुओं एवं प्राणियों का वजूद है. केवल भोजन, शयन एवं संतानोत्पत्ति करना मानव धर्म नहीं है. सभी योनियों में मानव जीवन ही धर्म एवं संस्कृति के लिए है. आहार, निद्रा, भय और मैथुन-ये चार बातें मनुष्य और अन्य जीवों में सामान्य रूप से विद्यमान होते हैं. मनुष्य में एक गुण ऐसा है, जो मानवेतर जीवों में नहीं पाया जाता है. वह है धर्म.धर्म मानव का विशेष गुण है, जिसके कारण वह पशु से भिन्न है. शेष भोग भोगने के लिए संसार में आते हैं।

# विशुनपुरा में बाकी नदी के किनारे युवक का शव बरामद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के महुली पीपरदाहा बाकी नदी के किनारे मृत व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया है। शव की पहचान उत्तप्रदेश कोण निवासी संजय चन्द्रवँशी उम्र 35 वर्ष के रूप में किया गया।जानकारी के अनुसार सोमवार कि दोपहर गाय चराने गए ग्रामीणों ने देखा कि बाकी नदी में एक शव पड़ा हुआ है।जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने स्थानीय थाना को दिया।घटना की सूचना पाकर पहुची विशुनपुरा पुलिस ने छानबीन में जुट गयी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दी।मृतक के परिजनों ने बताया कि संजय चन्द्रवँशी अपने ससुराल महुली कला निवासी अशर्फी चन्द्रवँशी के घर रहता था। मृतक अपनी पत्नी एवं एक बच्चे के साथ रह कर खेती



का कार्य करता था। परिजनों ने बताया कि ससुर के कोई लड़का नही होने के कारण मृतक सुसराल में रह कर घर का कार्य करता था।इधर मौत की खबर सुनकर घटना स्थल पर पहुची मृतक की पत्नी आरती देवी ने बताया कि इनके पत्ती संजय चन्द्रवँशी रविवार की सुबह गांव के ही बाकी नदी किनारे खेती करने गए थे।

## पुलिस ने गोली चालन के मुख्य आरोपी विजय प्रसाद सोनी को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक हिरासत में

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदनीनगर :** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर चैनपुर थाना की पुलिस ने गोली कांड के आरोपी विजय प्रसाद सोनी को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में चैनपुर थाना प्रभारी रूपेश दुबे ने बताया कि गुप्त सूचना मिला था कि चैनपुर सोनार मुहल्ला गोली कांड का प्राथमिकी अभियुक्त विजय प्रसाद सोनी अपने घर पर है। इस बात की सूचना मिलने पर चैनपुर थाना की पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई हेतु एक छापामारी दल का गठन किया गया तथा छापामारी कर विजय प्रसाद सोनी को



गिरफ्तार किया गया एवं इस कांड में एक किशोर को निरूद्ध किया गया। कांड के अभियुक्त विजय प्रसाद सोनी पे0 स्व0 आजादी प्रसाद सा0 सोनार मुहल्ला चैनपुर थाना चैनपुर जिला पलामू को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया है। बताते चलें कि शनिवार की रात 10 बजे के करीब की है. पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के पुरनचंद चौक के पास वेदप्रकाश आर्य नामक व्यक्ति घर के अंदर कुछ काम कर रहे थे. इसी क्रम में कुछ लोगों ने घर का दरवाजा खटखटाया. वेदप्रकाश आर्य ने जैसे ही घर का दरवाजा खोला, अपराधियों ने घर में घुसकर उन्हें गोली मार दी. गोली की आवाज सुनने के बाद पड़ोसी और परिजन मौके पर पहुंचे।वेद प्रकाश आर्य मौके पर बेहोश पड़े हुए थे. परिजन उन्हें उठाकर निजी अस्पताल ले गए, जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

## सावन के पहली सोमवारी पर मंदिरों में उमड़ी भीड़



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** सावन की पहली सोमवारी को शहर के विभिन्न शिव मंदिरों में श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी।भक्तों ने आस्था के साथ भगवान नीलकंठ महादेव को सुख समृद्धि और निरोगिकाया की मनोकामना लिए शिवलिंग में जलाभिषेक करने के साथ बेलपत्र अर्पित किए।भक्तों द्वारा दूग्धाभिषेक कर भगवान शिव को प्रसन्न किया गया. हर हर महादेव और बोल बम के जयकारे से शहर का हर शिव मंदिर गूंजती रही। बताते चलें कि मंदिर में पूजा करने के लिए सुबह से ही श्रद्धालु की भीड़ लगी थी।सुबह-सुबह स्नान कर श्रद्धालु भक्तों ने व्रत रखकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और बेलपत्र चढ़ाया। पहली सोमवारी को लेकर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में भक्तों की भीड़ लगी रही।

## बीस सूत्रीय समीक्षात्मक बैठक मे विकास कार्यों मे अनिमियता और मनरेगा योजना करते है पारा शिक्षक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**नौडीहा बाजार (पलामू)**: नौडीहा प्रखंड सभागार मे मासिक समीक्षात्मक बैठक बीस सूत्रीय अध्यक्ष उदय पासवान की अध्यक्षता मे आहूत किया गया।बैठक का सफल संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने किया।इस बैठक मे मुख्य रूप से बाल विकास, स्वास्थ , शिक्षा ,पेयजल,मनरेगा , आवास ,पंचायती राज ,खाद्य आपूर्ति ,पेंशन ,जेएसएलपीएस सहित अन्य सभी विभाग का समीक्षा किया गया। इस बैठक मे अध्यक्ष श्री उदय पासवान ने स्वास्थ ,शिक्षा विभाग मे काफी नाराजगी व्यक्त करते हुआ कहा कि नौडीहा बाजार प्रखंड मुख्यालय मे अवस्थित 236.130 लाख की लागत से भवन बनकर तैयार है और ऑनलाइन उद्घाटन भी हो चुका है लेकिन सप्ताह मे एक दिन



भी डॉक्टर नहीं बैठते है जबकि प्रखंड मुख्यालय का तो यह हाल है,जबकि लगभग 20 किमी दुरी तय कर लोग आते है इलाज कराने के लिए वह लोग निराश होकर वापस चलें जाते है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रखंड के कुछ ऐसे सहायक अध्यापक है जो विधालय छोड़ कर मनरेगा योजना करने मे संलिप्त है और प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी दीपक कुमार के द्वारा मनरेगा योजना स्वीकृत करने मे कोई कोताही नहीं किया जाता है बच्चों के शिक्षा देने के बजाए मनरेगा योजना मे ज्यादा रुचि रखते है और बीपीओ साहेब खुलकर मदद करते है।उन्होंने यह भी बताया की पूर्व के बैठक मे बाल विकास परियोजना,स्वास्थ विभाग के सबंधित पदाधिकारी से जबाब मांगा गया था लेकिन विभाग के अधिकारी के द्वारा संतोषजनक जबाब नहीं मिलने से काफी नाराजगी व्यक्त किया और पुन~शो काउज पूछा गया है। पूरे प्रखंड में आंगनबाड़ी केन्द्र सेविका के द्वारा सिर्फ खिचड़ी बनाने के अलावा शिक्षण कार्य नहीं कराया जाता है। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सीडीपीओ श्री मंडल ने महिला सुपरवाईजर को निर्देश दिया कि अपने -अपने कार्य क्षेत्र मे सभी सेंटर को नियमित विजिट करें और उस तरह के लाफरवाही बरतने वाले सेविका पर सीधेतौर पर करवाई के लिए उच्च पदाधिकारी के अनुसंशा कर दिया जायेगा।

# पलामू पुलिस ने लुट कांड के आरोपियों को किया गिरफतार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस ने हरिहरगंज थाना क्षेत्र के मंगरदाहा नहर के समीप 22 जून को हुए स्वमान कम्पनी के फील्ड ऑफिसर अजीत साह से हुए लूट कांड का खुलासा किया है। कांड में संलिप्त आरोपी रोहित कुमार,गोलू कुमार और रवि रंजन कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया।वही दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है । गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक लेनेवो कम्पनी का टैब और मोबाइल फोन बरामद किया गया है । वही 3 मार्च को हुए पिपरा थाना क्षेत्र के चपरवार मोड़ से चोरी की गई दस चक्का हाइवा को पुलिस ने धनबाद ज़िला के लोयाबाद थाना क्षेत्र से बरामद किया है । इस कांड में संलिप्त आरोपी फिरदौस



खान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है । आरोपी फिरदौस खान और उसके साथी के द्वारा चोरी की गाड़ी का नम्बर प्लेट बदलकर और इंजन चेसिस नम्बर बदलकर चोरी के वाहन को चलाने का काम करता है। एसपी चंदन सिन्हा ने सोमवार को प्रेसवार्ता कर मामले की जानकारी दिया।

# सावन की पहली सोमवारी पर शिवभक्तों ने निकाली कलश यात्रा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पलामू :** उंटारी रोड सावन की पहली सोमवारी के मौके पर सोमवार को प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रो के शिवालयों में शिव भक्तों का सुबह से ही ताता लगा रहा, जहां उंटारी रोड प्रखंड से होकर गुजरे कोयल नदी के तट से जल उठाकर प्राचीन शिव संपत धाम मंदिर में शिव भक्तों के द्वारा जलाभिषेक किया गया। सावन की पहली सोमवारी के अवसर पर 201 श्रद्धालु भक्तों ने लगभग 2 किलोमिटर पैदल गाजे बाजे के साथ सफर कर जलाभिषेक किया , शिवसंपत धाम मंदिर समिति के अध्यक्ष सह उंटारी रोड जिला पार्षद अरविंद सिंह ने बताया की सावन की पहली सोमवारी के अवसर पर प्रत्येक वर्ष शिव संपत धाम मंदिर परिसर से कलश यात्रा का आयोजन किया जाता है जिसके तहत इस वर्ष भी



शिव संपत धाम मंदिर परिसर से गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा का आयोजन किया गया था , मौके पर कैप्टन आरसी यादव , प्रिंस सिंह , रघुवीर यादव , अगस्त तिवारी , डॉक्टर जोगी सिंह , राजकुमार शर्मा , सहित कई भक्त शामिल थें।

# डाल्टनगंज से चोपन के बीच चलाया गया विशेष टिकट चेकिंग अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन से चोपन के बीच लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों अहमदाबाद एक्सप्रेस, टाटा-जम्मू तवी, शक्तिपूँज, पलामू एक्सप्रेस गाड़ीयों में अतिविशेष टिकट चेकिंग चलाया गया। सीआईटी बीएम पांडेय के नेतृत्व में चलाया गया विशेष चेकिंग अभियान में 291 बेटिकट यात्रियों को अनाधिकृत रूप से यात्रा करने के जुर्म में पकड़ा गया। पकड़े गए यात्रियों से राजस्व 1 लाख 77 हजार 740 रुपये बतौर जुर्माना वसूला गया। सीआईटी बीएम पांडेय ने बताया कि विशेष चेकिंग अभियान के सभी ऊर्जावान साथियों के अथक प्रयास से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। लोग जागरूक भी हो रहे है। ज्यादातर यात्री टिकट लेकर यात्रा कर रहे हैं यह बहुत अच्छी बात है।




आलाधिकारियों के दिशा निर्देश पर मध्यरात्रि लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों में गहनता से जांच की गई। जिसमें इतनी बड़ी सफलता हाथ लगी। विशेष चेकिंग अभियान में टीटीई कुमार अजय, भरतलाल, दिलीप कुमार, रविन्द्र कुमार दुबे, शशिकांत, बैकुंठ यादव, के अलावे आरपीएफ के कई जवान शामिल थे।

## झामुमो चैनपुर पंचायत कमिटी के प्रखंड अध्यक्ष बने अजमल खान और सचिव रंजीत सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर(पलामू)**: चैनपुर प्रखंड में झामुमो, युवा मोर्चा की बैठक हुई, जिसमें चैनपुर प्रखंड कमिटी की घोषणा हुई। इस बैठक का संचालन सचिव आशुतोष विनायक जी ने की और मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी जी उपस्थित थे। समाजसेवी सह मुखिया पति अजमल खान के नाम की घोषणा प्रखंड अध्यक्ष के रूप में की गई, सचिव शिक्षाविद रंजीत सिंह और कोषाध्यक्ष पंकज कुमार को बनाया गया। बैठक को संबोधित करते हुए सन्नी शुक्ला ने कहा झामुमो पार्टी का विस्तार तेजी से सभी प्रखंडों में हो रहा है, पलामू के युवा तेजी से आज युवा मोर्चा से जुड़ रहे हैं। हमारी सोच गरीबों के समस्याओं को हल करने की, युवाओं को आगे लाने की है। अजमल जी समाज सेवक के रूप में हमेशा से कार्य करते आ रहे हैं, प्रखंड अध्यक्ष एक रूप में ये काफी मजबूती से कार्य करेंगे, पंचायत और बूथ स्तर तक



कमिटी तैयार करेंगे। मुख्य अतिथि सुनील तिवारी ने कहा झामुमो झारखंड की पार्टी है, यहां दिल्ली दौड़ कर नहीं जाना पड़ता है हमारी माटी की पार्टी आज ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान उनके द्वार पर आ कर सरकार और उसके पदाधिकारी करते हैं। युवाओं का पार्टी की ओर बढ़ता रुझान हेमंत सोरेन की लोकप्रियता की देन है।सभी युवाओं से आग्रह है की सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनमानस तक पहुंचाएं।

## बाल गृह से नाबालिग फरार, घटना के दो दिन बाद दर्ज हुई प्राथमिकी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू बाल गृह से 16 वर्षीय नाबालिग शौचालय की खिड़की तोड़ कर फरार हो गया. घटना दो दिन पूर्व 8 जुलाई की है. इस संबंध में दो दिन बाद सोमवार को मेदिनीनगर शहर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है. बाल गृह के अधीक्षक उत्तम कुमार के आवेदन के आधार पर ही प्राथमिकी दर्ज की गयी है. बताया जा रहा है कि नाबालिग आठ जुलाई को शौचालय के लिए कमरे में गया था. काफी देर तक जब वह बाहर नहीं निकला, तब दरवाजे को तोड़कर देखा गया तो खिड़की टूटा हुआ पाया गया।फरार नाबालिग उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिलान्तर्गत रेणुकूट के कबाड़ी मोहल्ले का रहने वाला है। बीते 19 जून को उसे रेस्क्यू कर बाल गृह में रखा गया था. बाल गृह का संचालन ÷ वात्सल्य धाम ÷ नामक गैर सरकारी संगठन करती है. इस संबंध में एएसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि फरार नाबालिग की खोज के लिए एक विशेष टीम बनाई गई है, जो विभिन्न संभावित स्थानों पर उसकी तलाश कर रही है।

# सावन के पहली सोमवरी को शिवालयों में उमड़ी भीड़

**पहाड़ी मंदिर में सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस कतार वध होकर लोगों को जलाभिषेक करवा रहे हैं।**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सावन की पहली सोमवारी को लेकर रांची के पहाड़ी मंदिर सहित सभी शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी हुई है। पहाड़ी मंदिर में रविवार देर रात नामकुम के स्वर्णरिखा से जल लेकर अहले सुबह से ही भक्त भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर रहे हैं।वहीं दूसरी ओर चुटिया के सुरेश्वर धाम, कोकर के शिव मंदिर, लालपुर, डोरंडा, बरियातू, हिनू, हरमू , थड़पकना सहित अन्य शिवालयों में भी सोमवार सुबह से ही भीड़ लगी हुई है। सभी भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सुख समृद्धि मांग रहे हैं। हर हर महादेव, ओम नमः शिवाय, हर हर शंभू के जयकारे से पूरा वातावरण शिवमय हो गया है। पहाड़ी मंदिर में सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस कतार वध होकर लोगों को जलाभिषेक करवा रहे हैं। इसके अलावा हिंदू संगठन के कार्यकर्ता भी भक्तों का सहयोग कर रहे हैं।पंडित मनोज पाठक ने बताया कि सोमवार का व्रत करने से भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण होती है। सोमवार के व्रत का भगवान शिव की आराधना और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए सोमवार का विशेष महत्व माना गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### पहाड़ी मंदिर में लगाया सेवा शिविर

**रांची।** सेवा कार्यों के लिए जानें जाने वाली सूरजभान सिंह की युवा टोली सावन के प्रथम सोमवार को रांची के राजा कहे जाने वाले पहाड़ी बाबा के मंदिर में दूर से आए बाबा के भक्तों के लिये सेवा शिविर लगाकर सेवा दिया। मौके पर दूध, पुष्प ,बेलपत्र, गंगाजल आदि का वितरण किया । महादेव के भक्तों में प्रथम सोमवारी के अवसर पर खुशी जोश उमंग देखने को मिला। टोली के सभी लोगों ने बाबा भोलेनाथ से देश की तरक्की उन्नति की कामना की, मुख्य रूप भाजपा नेता रमेश सिंह, हिंदू जागरण मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष सुजीत सिंह ,समाजसेवी निशांत यादव, समाजसेवी नंदकिशोर सिंह चंदेल , सुदेश नायक , विकास गुप्ता ,अमर केसरी ,अमित अग्रवाल, बादल सोनी, नवीन कुमार, रवि गुप्ता, रोशन सिंह, मानिक कुमार, श्याम बाबू, अविनाश सिन्हा ,आलोक सोनी ,शुभम कुमार,आदि ने सेवा दिया।

### कांग्रेस का मौन सत्याग्रह 12 जुलाई को

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस 12 जुलाई को मोरहाबादी रांची स्थित बापू वाटिका के समक्ष एक दिवसीय मौन सत्याग्रह का आयोजन करेगी। गुजरात हाई कोर्ट की ओर से राहुल गांधी की संसद सदस्यता की याचिका खारिज करने के मामले को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन के तहत ये मौन सत्याग्रह किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने सोमवार को बताया कि कार्यक्रम में सभी मंत्री, सांसद, विधायक, जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष सहित कांग्रेस नेता मौजूद रहेंगे।

# झारखंड हाई कोर्ट ने इंटरनेट सेवा बंद करने के मामले में राज्य सरकार को नोटिस जारी किया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में सोमवार को राज्य के जिलों में कई मौकों पर अधिकृत अधिकारियों के द्वारा इंटरनेट सेवा बंद करने के आदेश को प्रकाशित नहीं करने को लेकर दाखिल सॉफ्टवेयर फ्रीडम लॉ सेंटर की जनहित याचिका की सुनवाई हुई। खंडपीठ ने राज्य सरकार को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है। कोर्ट ने इसे जनहित याचिका मानते हुए राज्य सरकार से पूछा है कि इंटरनेट सेवा बंद करने का आदेश क्यों प्रकाशित नहीं किया गया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 11 सितंबर निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शैलेश पोद्दार ने पैरवी की।

याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया राजधानी रांची सहित राज्य के कई जिलों में हिंसा की आशंका को लेकर इंटरनेट सेवा अचानक बंद कर दी जाती है। इससे संबंधित अधिकारियों के आदेश को प्रकाशित किए बिना शहरों में इंटरनेट सेवा बंद कर दी जाती है। इससे आम लोगों को इंटरनेट बंद होने की जानकारी नहीं मिल पाती है। जबकि इंटरनेट बंद होने की जानकारी सार्वजनिक होनी चाहिए। याचिकाकर्ता का यह भी कहना था कि सुप्रीम कोर्ट के एक जजमेंट अनुराधा बाशिन बनाम केंद्र सरकार में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि इंटरनेट सेवा बंद होने का संबंधित अधिकारी का आदेश प्रकाशित किया जाना चाहिए, लेकिन झारखंड में ऐसा नहीं हो रहा है।

याचिकाकर्ता ने रांची में 10 जून 2022 को हनुमान मंदिर के पास पथराव की घटना सहित हजारीबाग, गिरिडीह, चतरा में सरस्वती पूजा के विसर्जन के मौके पर दो गुटों में हुई हिंसा के बाद इंटरनेट सेवा बंद होने जैसी कई घटनाओं की जानकारी देते हुए कहा है कि इंटरनेट सेवा बंद का आदेश प्रकाशित नहीं किया गया।

साथ ही कहा है कि इंटरनेट सेवा बंद करने का आदेश जारी होने को प्रकाशित किया चाहिए था, जिससे आम लोगों को इंटरनेट सेवा बंद होने की जानकारी पहले से मिल जाए।

# राजनीति छोड़ सकता हूं,पार्टी नहीं : संजय प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजद के प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने सोमवार को कहा कि राजनीति छोड़ सकता हूं, लेकिन पार्टी कभी नहीं छोड़ूंगा। यादव राजद प्रदेश मुख्यालय में सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में मीडिया में चल रही खबरों का खंडन किया। एक न्यूज चैनल ने संजय यादव के राजद से दूरी को लेकर खबर प्रसारित की थी। इस पर उन्होंने कहा कि सारी दुनिया पलट जाएगी, लेकिन संजय यादव नहीं पलट सकता है। राजद और राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव से मेरा पारिवारिक संबंध है। जनता दल के समय से पार्टी का सच्चा सिपाही रहा हूं। बांका का जिला अध्यक्ष था। राजद बनने के बाद भी संगठन के साथ जुड़ा रहा और आगे भी रहूंगा। संवाददाताओं के एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में हमारी पार्टी की चार सीट पर दावेदारी है। गोड्डा, कोडरमा, चतरा और पलामू हमारी परंपरागत सीट है। हम लोगों ने लिस्ट आलाकमान को सौंप दिया है। वहीं बोर्ड निगम में जगह नहीं मिलने पर संजय ने कहा कि हमलोग लालची नहीं है। राजद मेहनत पर विश्वास करने वाली पार्टी है। सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन को हमारी पार्टी का हमेशा से सहयोग रहा है। यह भी कहा कि विधानसभा चुनाव में पोड़ैयाहाट सीट पर राजद ने अपनी दावेदारी पेश की है।

# पूर्व उपायुक्त छवि रंजन को बेल के लिए करना होगा इंतजार, ईडी ने जवाब के लिए मांगा समय




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सेना के बरियातू स्थित जमीन सहित अन्य भूमि घोटाला मामले के आरोपित रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत याचिका पर ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में सोमवार को सुनवाई हुई। इस दौरान ईडी की ओर से उपस्थित विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने कोर्ट से जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया। अदालत ने ईडी के आग्रह को स्वीकार करते हुए छवि रंजन की याचिका पर सुनवाई के लिए एक सप्ताह बाद की तिथि निर्धारित की है।वहीं दूसरी ओर छवि रंजन की ओर से दाखिल 167 की याचिका पर अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है 167 सीआरपीसी की धारा है, जिसमें पुलिस और ईडी को चार्जशीट दाखिल करने के लिये समय निर्धारित की गई है।उल्लेखनीय है कि रांची में अवैध तरीके से जमीन की बड़े पैमाने पर हुई खरीद-फरोख्त के मामले में ईडी ने बीते 13 अप्रैल को झारखंड, बंगाल और बिहार के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस मामले में ईडी ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन सहित अन्य लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

# एसएफसी मोटिया मजदूरों ने संतोष सोनी को समस्याओं से कराया अवगत

**20 जुलाई को जिला आपूर्ति पदाधिकारी साहिबगंज से मिलकर सभी त्रुटियों को दूर करने की बात की जाएगी ।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** साहिबगंज जिला के सभी 9 प्रखंड के एस.एफ.सी मोटिया मजदूर संघ के सैकड़ों कार्यकर्ताओं व प्रखंड के मजदूरों ने अपनी अपनी समस्या को केंद्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सोनी के समक्ष रखें ।मुख्य मुद्दा में ठेकेदार द्वारा जो इपीएफ कटाया जा रहा था उसमें कुछ गड़बड़ियां थी । उसको सुधारा गया तथा आने वाले समय में नया डोर स्टेप डिलीवरी के ठेकेदार के द्वारा सरकार के द्वारा तय न्यूनतम मजदूरी और डोर स्टेप डिलीवरी के ठेकेदार द्वारा जीवन सुरक्षा बीमा लागू करने की बात कही गई । आगामी 20 जुलाई को जिला आपूर्ति पदाधिकारी साहिबगंज से मिलकर सभी त्रुटियों को दूर करने की बात की जाएगी । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर संघ के केंद्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सोनी उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष ताजामुल ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर दुमका जिला सुशील बसकी उपस्थित हुए। कार्यक्रम में सभी के मांग पर युसूफ अंसारी को जिला अध्यक्ष बनाया गया।

# हूटूप गौशाला धाम में सांसद संजय सेठ ने किया वृक्षारोपण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** हूटूप गौशाला धाम में 150 गौ सेवकों की उपस्थिति में लगभग 101 फलदार पौधे और वृक्षों का वृक्षारोपण, गौ माता का तिलक लगाकर पूजन एवं हरा घास, गुड़ चारा खिलाकर सेवा कार्य रांची सांसद संजय सेठ के द्वारा गो हाल का शिलान्यास कार्यक्रम एवं शीघ्र ही गौशाला धाम के लिए ट्रैक्टर की घोषणा, गौशाला के विकास के लिए आपसी विचार- विमर्श एवं मंथन, आपसी मिलन कार्यक्रम के साथ सामूहिक भोजन प्रसाद का आनंद सभी लोगों ने मिलकर लिया प्रकृति की गोद में बसा गौशाला धाम में बच्चों और महिलाओं ने भी भक्ति भावना के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया तमाम गो सेवकों ने गौ माता के सहयोग के लिए अपनी स्वीकृति प्रदान की जब जब माता का बुलावा आएगा आने का श्रद्धा भाव से नमन भी किया, धाम में उत्पादित आम एवं पौधों को भी प्रसाद के रूप में भी सभी भक्तों को दिया गया, तथा गौ माता के धाम में मां से आशीर्वाद लेते हुए निरंतर आने का और सहयोग देने की भावना के साथ भक्तों ने विदाई ली।

गो सेवको रतन जालान, पुनीत पोद्दार, प्रदीप राजगढ़िया, मुकेश काबरा, वासुदेव भाला, प्रकाश काबरा, दीपक पोद्दार, अमित चौधरी, चंद्रकांत राय एवं संजय सर्राफ ने सांसद संजय सेठ एवं सभी गौ भक्तों को बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए आग्रह किया कि पवित्र धाम जब-जब आवाज दे आप भक्त बन कर जरूर पधारे।

# उपज के लिए सही समय पर बुआई किया जाना जरूरी: डॉ ओंकार नाथ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बीएयू कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने कहा कि फसल उत्पादन में बेहतर उपज के लिए सही समय पर रोपाई या बुआई किया जाना जरूरी है। उन्होंने बारिश में कमी के बावजूद धान की रोपाई के लिए वैज्ञानिकों के प्रयास की सराहना की। उन्होंने बताया कि प्रदेश में धान की रोपाई का आदर्श समय जुलाई है। प्रदेश में बारिश में कमी और विषम मौसम की परिस्थिति को देखते हुए किसान कम अवधि या मध्यम अवधि वाले धान प्रभेद का चयन करें। उन्होंने किसानों को ऊपरी जमीन की परती खेत में धान फसल को छोड़कर अरहर, उरद, मूंग, मडुआ, ज्वार आदि की बोवाई मेढ़ बनाकर जल्द से जल्द समाप्त करने की सलाह दी। बीएयू के निदेशालय बीज एवं प्रक्षेत्र के नार्थ ईस्टर्न फार्म में सोमवार को कुलपति की मौजूदगी में बीजोत्पादन कार्यक्रम के तहत चार एकड़ भूमि में पहली धान रोपनी शुरू की गयी। उन्होंने वर्तमान खरीफ मौसम में वर्षापात की विषम स्थिति को देखते उपलब्ध सिंचाई साधनों का सदुपयोग करते हुए ससमय धान रोपनी एवं अन्य खरीफ फसलों की बुआई पूरा करने का निर्देश दिया। इसमें धान की स्वर्ण शक्ति प्रभेद के आधार बीज के 20-25 दिन वाली बिचड़े की रोपाई की गयी। 125 दिनों की अवधि वाली स्वर्ण शक्ति प्रभेद की उपज क्षमता 42 से 45 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है। मौके पर मौजूद शस्य वैज्ञानिक डॉ आरपी मांझी ने बताया कि फार्म के इस भूमि में धान कार्यक्रम के अधीन धान की रोपाई की जायेगी। इस कार्यक्रम में धान की स्वर्ण श्रेया, सीक्षार धान-320, एमपी 10-10 सहभागी बीबीएस -1 एवं एमपीवी 70-29 (स्व) के आधार बीज से तैयार बिचड़े की रोपाई की जाएगी।

# स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता आज रवाना करेंगे सारथी ऑन व्हील जागरूकता रथ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता मंगलवार को सारथी ऑन व्हील जागरूकता रथ रवाना करेंगे। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर झारखंड सरकार के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना शामिल होंगे। रांची के चाणक्य बीएनआर होटल में कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के साथ रांची के विधायक सीपी सिंह, रांची सांसद संजय सेठ भी मौजूद रहेंगे। इस दौरान परिवार नियोजन का पोस्टर भी जारी किया जाएगा। इस आयोजन के दौरान परिवार नियोजन पर फिल्म भी दिखायी जाएगी और नव दंपती को नई पहल किट सौंपी जाएगी। इसमें विभाग के सचिव अरुण कुमार गुप्ता भी मौजूद रहेंगे।

# गायत्री परिवार साधकों ने की पूजा

**रांची :** आज श्रावण मास प्रथम सोमवार को गायत्री परिवार साधकों ने शक्तिपीठों, प्रज्ञापीठों व इकाई मंडलों व शिव- मंदिरों में शिव परिवार-देवगणों की विधिवत पूजा-अर्चना की। साथ ही शान्तिकुञ्ज तत्वावधान व मार्गदर्शन में पिछले गुरुपूर्णिमा महापर्व से आनलाइन चल रहे श्रावण मास-पारायण उच्चस्तरीय आध्यात्मिक चांद्रायण व्रत-उपवास अनुष्ठान पर संक्षिप्त प्रकाश डालकर समीक्षात्मक विचार-विमर्श हुए। साथ ही भगवान भोलेनाथ महादेव परिवारदेवगणों की मंगलमय वंदना-अर्चना कर जयकारा व संवाद हुआ।

# अवैध खनन मामले में दोनों पत्थर कारोबारी पांच दिनों की रिमांड पर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अवैध खनन मामले में पत्थर कारोबारी टिंकल भगत ओर भगवान भगत को सोमवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में पेश किया गया। ईडी के आग्रह को देखते हुए कोर्ट ने पूछताछ के लिए दोनों को पांच दिनों की रिमांड प्रदान की। इससे पूर्व आठ जुलाई को दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया था। ईडी की ओर से सात दिनों की रिमांड मांगी गयी थी, लेकिन कोर्ट ने पांच दिनों की रिमांड की मंजूरी दी। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने बहस की। उन्होंने कोर्ट को बताया कि दोनों आरोपितों का अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में अहम रोल है। इसलिए इनसे पूछताछ जरूरी है। उल्लेखनीय है कि टिंकल भगत मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा का सहयोगी है। अवैध खनन मामले में ईडी ने कार्रवाई करते हुए सात जुलाई को टिंकल भगत और भगवान भगत को गिरफ्तार किया था। पिछले साल 29 जुलाई 2022 को ईडी ने टिंकल भगत सहित छह लोगों के खदान की जांच भी की थी। इसके बाद तीन अगस्त 2022 को ईडी ने टिंकल भगत सहित अन्य लोगों से ईडी कार्यालय में पूछताछ भी की थी।

अवैध खनन मामले की जांच के दौरान ईडी ने 8 जुलाई 2022 को पंकज मिश्रा के सहयोगी भगवान भगत और टिंकल भगत सहित 15 लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। टिंकल भगत का मिर्जाचौकी में पत्थर का खदान है। वहीं भगवान भगत का बरहड़वा में पत्थर का खदान है। ईडी ने छापेमारी के दौरान भगवान भगत और टिंकल भगत के घर से कई कागजात जब्त किये थे।

# न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के लिए राज्य सरकार बना सकती है कानून : पाठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक किसान संग्राम समिति के अध्यक्ष राजेंद्र गोपर की अध्यक्षता में सीपीआई कार्यालय में हुई , जिसमें मुख्य रूप से अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति, संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक महेंद्र पाठक , झारखंड राज्य किसान सभा के अध्यक्ष सुरजीत सिन्हा, सचिव सुफल महतो , अखिल भारतीय किसान महासभा के अध्यक्ष पुरन महतो उपस्थित थे। महेंद्र पाठक पूर्व के बैठक में लिए गए फैसले की समीक्षात्मक एवं आगामी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार दोनों किसानों को धोखा दिया है। न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के लिए राज्य सरकार कानून बना सकती है। लेकिन नहीं बना, किसान आयोग का गठन, किसानों के लिए अलग से बजट बनाने, भूमि बैंक को समाप्त करने, गैरमजरूआ जमीन की रसीद को चालू कराने, भूमि अधिग्रहण कानून 2013 को लागू कराना , ऑनलाइन के नाम पर बड़े पैमाने पर रोक लगाना, आदि कई मांगों के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा आगे आने वाले दिनों के लिए आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगी। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 18 जुलाई 2023 किसान समन्वय संघर्ष समिति संयुक्त मोर्चा की विस्तारित बैठक रखी जाएगी । जिसमें सभी संगठनों के राज्य कमेटी के लोग भाग लेंगे। उक्त बैठक में संयुक्त किसान मोर्चा के झारखंड प्रभारी पूर्व विधायक राजा राम सिंह भाग लेंगे , 3 अगस्त को झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में उपरोक्त मांगों के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से विधानसभा के समक्ष महा धरना किया जाएगा। बैठक में अखिल भारतीय किसान सभा महासचिव महेंद्र पाठक ,अजय सिंह ,झारखंड राज्य किसान सभा के सुफल महतो सुजीत सिन्हा, देवेंद्र कुमार सिंह ,वीरेंद्र कुमार, इम्तियाज खान, प्रफुल्ल लिंडा, छुम उरांव, धर्मवीर सिंह, नागेंद्र चौधरी, सहित कई लोग मौजूद थे ।

# प्राइवेट स्कूलों की जगह अभिभावक अपने बच्चों का नामांकन सरकारी उत्कृष्ट विद्यालयों में कराए : अजय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने आज शहीद चौक स्थित जिला स्कूल का दौरा किया तथा वहां के प्राचार्या मंजुला एक्का से मिलकर उत्कृष्ट विद्यालय के संबंध में चर्चा की। प्राचार्या मंजुला एक्का ने वर्तमान सत्र 23/24 में सीबीएसई पैटर्न के तहत क्लास 06 से नए नामांकन की प्रकिया शुरु करने की जानकारी देते हुए बताया कि सैकड़ों की संख्या में नए नामांकन अब तक हुए हैं । हम लोगों की कोशिश है की राज्य सरकार ने जो पाठ्यक्रम सीबीएसई पैटर्न के तहत तैयार किया है उसे सही तरीके से हम लागू कर सके इसको लेकर काफी प्रयास किया जा रहा है।

अजय राय ने इस अवसर पर प्राचार्य को आश्वस्त करते हुए कहा कि जिला स्कूल से उनका पुराना संबंध रहा है।

स्कूल में हर मूलभूत सुविधाओं में जो सहयोग झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन की ओर से हो सकता है वह करेंगे।

अजय राय ने प्राचार्या मंजुला एक्का की तारीफ करते हुए बताया कि स्कूल के माहौल में पहले से काफी परिवर्तन उन्होंने लाया है और ऐसे में हम अभिभावकों से अपील करेंगे कि वह अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल की जगह ऐसे उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन कराएं जहां उन्हें हर सुविधा सीबीएसई के तहत अंग्रेजी माध्यम से मुहैया कराई जा रही है।

# परेशानी का सबब बना मैकलुस्कीगंज-पतरातू सड़क के बीच अधूरा कार्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** मैकलुस्कीगंज-पतरातू सड़क के बीच चूरी में अधूरा कार्य आम लोगों के परेशानी का सबब बना हुआ है. स्टेट हाइवे आथोरिटी आफ झारखंड के इस सड़क को आरकेएस कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0 द्वारा बनाया गया है. खलारी के चूरी में जमीन नहीं मिलने के कारण करीब एक सौ मीटर लंबाई में सड़क निर्माण छोड़ दिया गया. ज्ञात हो कि चूरी तथा होयर में जहां से सड़क गुजरी है, वहां कई लोगों की जमीन थी. सरकार द्वारा सड़क निर्माण के लिए इन जमीनों का अधिग्रहण किया गया. इस प्रक्रिया में जमीन मालिकों को भू-अर्जन विभाग द्वारा नोटिस भी दिया गया, परंतु आज तक मुआवजा राशि का भुगतान नहीं हो सका. कुछ ग्रामीणों ने नोटिस मिलने मात्र से भू-अर्जन पर भरोसा कर जमीन दे दिया. वहीं कुछ ग्रामीण मुआवजा मिलने के बाद ही जमीन देने के लिए तैयार हैं. इस बीच सड़क बनाने वाली एजेंसी उस जगह सड़क अधूरा छोड़ शेष कार्य पूरा कर चली गई. मैकलुस्कीगंज-पतरातू सड़क खलारी से रामगढ़ की ओर जाने वालों के लिए काफी महत्वपूर्ण सड़क साबित हो रही है. कोयला ढुलाई में लगी ट्रकों का आना जाना है. साथ ही बुढ़मू के रास्ते रांची या पतरातू, रामगढ़ की ओर आने जाने वाली छोटी गाड़ियों की भी काफी संख्या है. अधूरा सड़क कच्चा होने के कारण बरसात में कई गड्ढे उभर आए हैं जिनमें पानी भरा रहता है. दोपहिया, चारपहिया वाहनों के लिए काफी परेशानी है.

**जल्द मुआवजा भुगतान के लिए भू-अर्जन से बात करेंगे :** अंचल अधिकारी खलारी ने कहा है कि जमीन का मुआवजा मिलने में देरी होने के कारण यह स्थिति बनी है.जल्द मुआवजा दिलाने के लिए भू-अर्जन विभाग के अधिकारियों से बात करेंगे.

## कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आज खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने खिजरी विधान सभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन नामकुम प्रखण्ड के तुपुदाना स्थित आयोजन वाटिका में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक रखा। बैठक की उपस्थित रांची लोकसभा के पूर्व सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को 2024 की चुनाव के लिए अभी से लग जाना है। जिस प्रकार मोदी सरकार ने मंहगाई पूरे देश में कमर तोड़ दिया है। मौके पर खिजरी विधानसभा के लोकप्रिय विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं। सभी को 2024 की चुनाव में लग जाना है। मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक मिश्रा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष मेरी तिर्की, सुरेश साहू, तुलसी खरवार, नामकुम विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा, ओरमांझी विधायक प्रतिनिधि प्रेमनाथ मुण्डा, अनगड़ा विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र मुण्डा, अनगड़ा प्रखण्ड प्रमुख दीपा उरांव, नामकुम प्रखण्ड प्रमुख आशा कच्छप, ओरमांझी प्रखण्ड उप प्रमुख रिजवान अंसारी, नगड़ी विधायक प्रतिनिधि प्रेम रोशन कुजूर, संजय सारिया, माधो कच्छप, लाल मोहित नाथ शाहदेव, जफर इमाम, रमेश उरांव, अर्चना मिश्रा, अनिता देवी, रमेश चंद्र उरांव, विजय टोप्पो, रंजन यादव, मुंतजिर रजा अहमद, पूर्व पार्षद नीतू देवी, अशफाक अंसारी, एतवा उरांव, तेलोस्फोर मिंज, सरिता देवी,

## सावन की पहली सोमवारी पर बोल बम के नारों से गूंज उठा क्षेत्र



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सावन मास के पहले सोमवार को सिल्ली मुरी समेत आसपास के क्षेत्र के शिवालयों में हर-हर महादेव और बम बम भोले की गूंज सुनाई दी।सोमवार के सुबह से ही महिला पुरुष श्रद्धालुओं की मंदिरों में खासी भीड़ रही।वहीं शिव मंदिरों के साथ अन्य मंदिरों में भी दिनभर भक्तों को तांता लगा रहा है।इस दौरान टुंगरी पहाड़ स्थित शिव मंदिर,आरपीएफ बैरेक स्थित शिव मंदिर, जीआरपी बैरेक मंदिर,पंप हाउस शिव मंदिर,रेलवे क्लोनी शिव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था।गौरतलब है कि सावन माह के पहले सोमवार के दिन शिवलिंगों का दूध और जल से अभिषेक किया गया।जहां पुष्प,बेल पत्र, आंक,धतूरे से सजाकर आरती की गई।इस दौरान मंदिरों में घंटी,शंख व झालर के बीच भोलेनाथ के उद्घोष से माहौल भक्तिमय बना रहा।वहीं भक्तो ने पंडित की मौजूदगी में शिव महाभिषेक और महामृत्युंजय के जाप के साथ पूजा की शुरूवात की।सावन मास में एक महीने तक प्रत्येक शिव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का दौर चलेगा।इसके अलावे पहले सोमवार को कई लोगों ने घर पर ही भगवान शिव की पूजा की।

## विश्रामपुर में रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक में रोजगार पर चर्चा



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रैयत विस्थापित मोर्चा का बैठक विश्रामपुर पंचायत भवन में हुई .जिसकी अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष दामोदर ने किया. बैठक में मुख्य रूप से केडीएच शाखा की मजबूती एवं रोजगार पर विशेष रूप से चर्चा किया गया.बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों एव मोर्चा के लोगो ने कहा कि रैयत विस्थापितो ने अपनी जमीन दी तब खदान खुला है और प्रबंधन के साथ खदान खोलने के समय उनके रोजगार के लिए रोड सेल के माध्यम से व्यवस्था की गई है.जिसमे 18 गांव के रैयत विस्थापितो को लाभ मिल रहा है.लेकिन कुछ लोग फर्जी रैयत बनकर यहाँ के रैयत विस्थापितो के रोजी रोटी को छिनने का प्रयास में लगे रहते हैं इसलिए प्रबंधन को ऐसे फर्जी लोगो से सचेत रहने की जरूरत है और जो मूल रैयत विस्थापित है उनके साथ मिलकर खदान को आगे बढ़ाया जा सकता है.संचालन प्रभाकर गंझू ने किया. इस मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, विश्रामपुर मुखिया दीपमाला कुमारी,तुमांग मुखिया संतोष महली, चुरी पश्चिमी मुखिया शांति देवी, मोर्चा एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता,कार्यकारी अध्यक्ष जालिम सिंह, तुमांग पंचायत समिति सहदेव महली ,रामलखन गंझू, प्रकाश महतो, सतीश कुमार, ठाकुर प्रेम, कुमार साव ,उदय सिंह,संतोष सिंह,राजेंद्र उरांव,महावीर गंझू,ज्ञान चंद प्रसाद,राजू गंझू,प्रकाश लोहरा,दिनेश सिंह, जीतन गंझू,सोनू गंझू,देवलाल गंझू,गुड्डू गंझू, फिराज़ अंसारी,केलेमखिया टोपनो,अनिता गंझू,सुनीता देवी,आशा देवी,रीता देवी,सोनी देवी,आनंद तुरी,चंदन रजक,राहुल कुमार तुरी,मन्तोष गंझू,सूरज कुमार तुरी,सोनू कुमार तुरी,श्याम किशोर उरांव,सरजू सिंह सहित विश्रामपुर, बड़कीटाड, जामुन दोहर, रोहनियाटांड़, डेमधौडा, मुखिया धौड़ा, रोश धौड़ा, जेहलीटांड़,भूतनगर,खूंटी टोला, बरटोला ,केकराही गढ़ा,करकट्टा बस्ती,मैनेजर बंगला,दुर्गा मंडप, खिलान धौड़ा,भुइयां टोला, धोबीटोला, मटू टोला,महतो टोला के लोग शामिल हुए.

## पंचायत प्रभारियों का नये सिरे से गठन

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आजसू पार्टी द्वारा तै इस पंचायतो का दौरा कर पंचायत प्रभारियो का नये सिरे से गठन किया जा रहा है, तांकि आजसू पार्टी का विस्तार जमीनी स्तर से हो। इन पंचयतो के प्रभारी नियुक्त किये गये है, सोदाग न्युम अंसारी, सीठिओ मिनाज अंसारी, हरदाग मधु सिंह विजिया, दुगदी अजीत लोहार, हुड़वा राजू उराँव, हाहाप महेंद्र मुंडा, बंधुवा सतेंद्र सिंह, हुवाँगहातू महावीर नाग, सिल्वे विनोद मुंडा, लाली सोहन महतो, टाटी पूर्वी बीरबल बैठा, महिलोंग अमृत महतो, सिद्रोल प्रकाश लकडा । साथ ही पार्टी के नीति, सिद्धांतों के बारे मे बताया गया। इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से विधानसभा कार्यक्रम प्रभारी जितेंद्र सिंह, जिला वरीय उपाध्यक्ष जलनाथ चौधरी, प्रकाश लकडा, नगर उपाध्यक्ष प्रदीप जयसवाल उपस्थित थे।

## डीएवी खलारी के अभिजीत व कुशल कुमार को प्रधानमंत्री की ओर से मिला प्रमाण पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** जनवरी माह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा बच्चों, अभिभावकों एवं अध्यापकों से हुई %परीक्षा पे चर्चा में डीएवी खलारी के दो विद्यार्थियों अभिजीत कुमार एवं कुशल कुमार ने सक्रिय भाग लिया . इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा परीक्षा में बच्चों को होने वाले तनाव को कम करने के बारे में लोगों से सुझाव माँगे गए थे जिसमें डीएवी खलारी के इन दोनों विद्यार्थियों ने अपने विचार लिखकर प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजे थे .इस संबंध में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा इन दोनों बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया है .आज विद्यालय की प्रार्थना सभा में प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार ने उक्त दोनों विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए और साथ ही उनका उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य की शुभकामनाएँ और बधाई दी . प्राचार्य महोदय ने कहा कि प्रधानमंत्री जी से सम्मान पाना हमारे पूरे विद्यालय और कोयलांचल के लिए गौरव की बात है.

## पहली सोमवारी पर खलारी के शिवालयों में हुआ जलाभिषेक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी प्रखंड सहित आस-पास के विभिन्न शिवालयों में सावन माह की पहली सोमवारी पर भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया. सोमवारी को लेकर महिला-पुरूश शिवभक्तों का मन्दिरो में भीड़ उमड़ पड़ी. खलारी स्थित जानकी रमण मंदिर, पहाड़ी मंदिर, खलारी बाजारटांड़ स्थित शिवालय, करकट्टा, धमधमियां नौ नम्बर, मोहननगर,चुरी सहित क्षेत्र के अन्य शिवालयों में सुबह से ही शिवभक्तों ने हर-हर महादेव व बोल बम के नारों के साथ भोलेनाथ को जलाभिषेक किया. वहीं पहली सोमवारी को लेकर शिवभक्तों के द्वारा व्रत रखते हुए भोलेनाथ का पुजन व जलाभिषेक किया गया. साथ ही क्षेत्र के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर स्थित शिवालय,जानकी रमण मंदिर शिवालय सहित खलारी के विभिन्न शिवालय में भगवान शिव का देर शाम विशेष श्रृगांर पुजन किया गया. जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया.पूजन के बाद लोगें के बीच प्रसाद का वितरण भी किय गया.इससे पूर्व मंदिर परिसर तथा भोलेनाथ को फुल मालाओं से सजाया गया. सुबह से ही क्षेत्र के शिवालयों में भक्ति गीत बजने से वातावरण भक्तिमय हो गया था.

## अड़की पुलिस ने एक अपराधी को किया गिरफ्तार

**अड़की :** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की थाना क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के निर्देशानुसार समकालीन अभियान के दौरान फिरारीयों/वारंटियों की गिरफतारी हेतु पुलिस अवर निरीक्षक सह अड़की थाना प्रभारी इकबाल हुसैन के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया जिसमें पुलिस अवर निरीक्षक अर्जुन कुमार सिंह पुलिस अवर निरीक्षक बिरजु प्रसाद पुलिस अवर निरीक्षक मनोज तिर्की एवं सशस्त्र बलों को शामिल किया गया।

## नोटिस

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर, जिला जशपुर (छ.ग.)**

पेशी दिनांक 17.07.2023,

मा.क्र. 202303031200086 / 6

श्रीमती रूकमणी देवी पति तुलसी सिंह,

जाति राजपुत साकिन जुरगुम, तहसील व जिला जशपुर (छ.ग.)

/ / बनाम // निर्मल कुमार पोतदार वल्द महावीर प्रसाद पोतदार जाति जैन निवासी ग्राम शहर अपर बाजार रांची (झारखण्ड)

-अनावेदक

आवेदिका

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर जिला जशपुर (छ.ग.) में आवेदिका के द्वारा अंतर्गत धारा 109 110. छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत प्रस्तुत किया है कि आवेदिका द्वारा ग्राम जुरगुम पहन 07 रा.नि.म. जशपुर, तहसील व जिला जशपुर (छ.ग.) स्थित विक्रेता/ अनावेदक निर्मल कुमार पोतदार वल्द महावीर प्रसाद पोतदार, जाति जैन, निवासी ग्राम शहर अपर बाजार, रांची (झारखण्ड) के नाम पर ग्राम जुरगुम, पहन 07 स्थित भूमि खसरा नं0 352 / 1घ रकबा 17 × 15-255 वर्गफुट भूमि को आवेदिका / क्रेता श्रीमती रूकमणी देवी पति तुलसीसिंह, जाति राजपुत निवासी बस स्टैण्ड जशपुर, तहसील व जिला जशपुर (छ.ग.) के द्वारा राशि 30000/- मूल्य देकर बैनामा रजिस्ट्री दिनांक 1307.1994 के माध्यम से क्रय किया गया है। आवेदिका द्वारा आवेदित भूमि पर अपना नाम दर्ज कराना चाहती है। जिससे अनावेदक/ विक्रेता निर्मल कुमार पोतदार वल्द महावीर प्रसाद पोतदार, जाति जैन, निवासी ग्राम शहर अपर बाजार, रांची (झारखण्ड) उपस्थित नहीं होने से उनके उपस्थिति हेतु इस न्यायालय में विचाराधीन है। आपको इस न्यायालय में नियत तिथि 17.07.2023 को दिन ठीक 11.00 बजे आवेदन का उत्तर देने के लिए उपस्थिति नोटिस जारी किया जा रहा अतः आप इस प्रकरण में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित हो सकते है। आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 19.07.2023 को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो प्रकरण की सुनवाई और उसका निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। नियत तिथि को अवकाश होने या पीठासीन अधिकारी अवकाश में होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस में नवाई की जावेगी।

अतः आज दिनांक 03.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर लगा कर जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जशपुर (छत्तीसगढ़)

## कार्यालयः– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, सामाजिक वानिकी प्रमण्डल, सिमडेगा।

OFFICE OF THE DIVISIONAL FOREST OFFICER, SOCIAL FORESTRY DIVISION, SIMDEGA

बाजारटांड पोस्ट–सिमडेगा, 835223 E-Mail ID-simdegadfo@gmail.com/

dfo-sfsimdega@jharkhandmail.gov.in Phone No-06525-226435

### मुख्यमंत्री जन–वन योजनान्तर्गत रैयती / निजी भूमि पर बृक्षारोपण की सूचना

सिमडेगा / गुमला जिला में मुख्यमंत्री जन–वन योजना का क्रियान्वयन सामाजिक वानिकी प्रमण्डल, सिमडेगा के द्वारा किया जाता है। झारखण्ड सरकार ने "मुख्यमंत्री जन–वन योजना" को विशेष रूप से निम्न उद्देश्य हेतु लागू किया है :–

1. किसानों की आय में बढ़ोतरी हेतु। 2. जीविकोपार्जन में सहयोग हेतु। 3. प्रदेश के हरित क्षेत्र में वृद्धि कर पर्यावरण संतुलन कायम रखना। 4. बृक्षारोपण के माध्यम से भू–जल संरक्षण करना। 5. निजी क्षेत्र मे वनोपज उत्पादन को बढ़ावा देकर अधिसूचित वनों पर दबाव कम करना। 6. किसानों की भूमि पर वृक्षारोपण कर उनकी आय में बढ़ोत्तरी करना। 7. राज्य में वन सहयोग से वनाच्छादन को बढ़ावा देना।

रैयतों द्वारा उक्त योजना के तहत् निजी भूमि पर पौधारोपण करने पर सरकार के स्तर से 75 प्रतिशत राशि प्रोत्साहन के रूप में उपलब्ध कराने का प्रावधान है तथा रैयत अपनी इच्छानुसार फलदार या काष्ट कोई भी प्रजाति का रोपण मुख्यमंत्री जन–वन योजना के अन्तर्गत कर सकते है। इस योजना के तहत् रैयत अपने बंजर भूमि के अलावे खेत की मेढ़ पर काष्ट प्रजाति का वनरोपण कर सकते है।

इस योजना अंतर्गत लाभुक अपनी रैयती भूमि पर अपनी मर्जी से काष्ठ प्रजातियाँ यथा, शीशम, सागवान, गम्हार, महोगनी, क्लोनल युकलिप्टिस, एकेशिया, नीम, अर्जुन, हर्रा, बहेड़ा, खैर, सिरिस, बिजासाल एवं फलदार प्रजातियाँ यथा कलमी आम, कटहल, अमरूद, आँवला, बेल एवं लीची का रोपण कर सकते हैं।

प्रोत्साहन दर निम्नवत् है :–

| वर्षवार प्रोत्साहन राषि | | | घेरान हेतु देय राषि | | |
|---|---|---|---|---|---|
| योजना का वर्ष | काष्ठ प्रजाति | फलदार प्रजाति | घेरान का प्रकार | काष्ट प्रजाति | फलदार प्रजाति |
| प्रथम वर्ष | 34.26 | 140.08 | ट्रेच खुदाई | 11.19 | 31.12 |
| द्वितीय वर्ष | 11.59 | 17.74 | झाड़ी घेरान | 08.85 | 24.62 |
| तृतीय वर्ष | 13.34 | 22.60 | पत्थर घेरान | 36.45 | 101.37 |
| कुल राषि | 59.19 | 180.42 | | | |

उक्त योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु एक किसान न्युनतम 0.5 एकड़ की भूमि पर वृक्षारोपण कर सकते है। योजना का लाभ लेने हेतु रैयत Online आवेदन Website :- janvan.jharkhand.gov.in पर स्वयं अपलॉड कर सकते है एवं अपलॉड किये गये आवेदन की मूल प्रति सामाजिक वानिकी प्रमण्डल, सिमडेगा / प्रक्षेत्र कार्यालय में समर्पित करना आवश्यक है।

किसी भी प्रकार की कठिनाई होने पर या विशेष जानकारी हेतु, लाभुक, निम्न् मोबाईल संख्या पर सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

वन क्षेत्र पदाधिकारी, सामाजिक वानिकी प्रक्षेत्र, सिमडेगा (मो0 न0 –9955374798)

वन क्षेत्र पदाधिकारी, सामाजिक वानिकी प्रक्षेत्र, गुमला (मो0 न0 – 9162993159)

वन क्षेत्र पदाधिकारी, सामाजिक वानिकी प्रक्षेत्र, कुरडेग (मो0 न0 – 8521991723)

वन क्षेत्र पदाधिकारी, सामाजिक वानिकी प्रक्षेत्र, कोलेबिरा (मो0 न0 – 9955374798)

वन प्रमण्डल पदाधिकारी, सामाजिक वानिकी प्रमण्डल, सिमडेगा (मो0 न0 –8987790102)

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
सामाजिक वानिकी प्रमण्डल, सिमडेगा।

PR 301879 Forest, Environment and Climate Changes(23-24)D

## झारखण्ड सरकार, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग न्यायालय, प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, कोडरमा वन प्रमण्डल।

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन अपराध में संलिप्त वाहनों एवं उस पर लदे जप्त वन पदार्थों के विरूद्व प्राधिकृत पदाधिकारी –सह– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, कोडरमा वन प्रमण्डल के न्यायालय में अधिहरण वाद की कार्रवाई प्रारंभ की गई है, विवरणी निम्नवत् है :

| क्र0 सं0 | अभियुक्त का नाम एवं पता | अधिहरण वाद संख्या | वाहन का प्रकार | जप्त वाहन का निबंधन संख्या | जप्त वन पदार्थ | जप्ति तिथि | जप्ति पदाधिकारी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | **राजू यादव उर्फ सत्येन्द्र यादव,** पिता – दशरथ यादव, ग्राम – बाराटोला, पो0 – करमा, थाना – तिलैया, जिला – कोडरमा एवं अन्य – 02 | 21/18 तिलैया थाना काण्ड सं0–237/17 | शक्तिमान ट्रक | WB-DIS-2032 | 05 टन ढीबरा | 07.08.2017 | श्री रोहित पासवान, स0अ0नि0 |
| 2 | **मथुरा साव**, पिता – टंकन साव, ग्राम – करमा, (पश्चिमी गली), थाना – तिलैया, जिला – कोडरमा एवं अन्य – 03 | 22/18 तिलैया थाना काण्ड सं0–328/17 | शक्तिमान ट्रक | WB-0755 | 06 टन ढीबरा | 17.11.2017 | श्री राजा राम प्रसाद, स0ख0पदा0 |
| 3 | **अशोक सोनार,** पिता – मथुरा सोनार, साकिन – पाण्डेयडीह, थाना – डोमचॉच, जिला – कोडरमा एवं अन्य – 01 | 08/19 | टाटा 407 मिनी ट्रक | BR-12-8120 | 200 Cft. ढीबरा | 08.03.2019 | श्री सुरेश कुमार चौधरी, वनपाल |
| 4 | **रंजीत यादव,** पिता – सरयू यादव, साकिन – घोड़थम्भा, थाना – राजधनवार, जिला – गिरीडीह एवं अन्य – 01 | 11/19 | महेन्द्रा पिकअप भान | JH-10L-8805 | कटहल बोटा | 31.05.2019 | श्री सुरेश कुमार चौधरी, वनपाल |
| 5 | **सुरेश मोदी, उर्फ लालो मोदी**, पिता – स्व0 रामप्रसाद मोदी, उर्फ रामा मोदी साकिन – भेलवाटांड़, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य – 02 | 10/19 | टाटा 207 मिनी ट्रक | JH-02H-3050 | 02 टन ढीबरा | 31.05.2019 | श्री सुरेश कुमार चौधरी, वनपाल |
| 6 | **गंतुरी मधुकर**, पिता – गंतुरी वेंकटा सामाराज, अन्यम गार्डस, पी0डब्ल्यू0डी0, वाटर वर्क्स रोड,थाना – यानम, जिला – पांडिचेरी एवं अन्य – 02 | 26/19 | हीरो एच0एफ0 डिलक्स मोटर साईकिल | BR-11AC-6662 | लकड़ी | 23.11.2019 | श्री मोहन सिंह, वनपाल |
| 7 | **धर्मेन्द्र राजवंशी,** पिता – सुबोध राजवंशी, साकिन – मेघातरी, वार्ड नं0 – 03, पो0 –दिबौर, थाना+जिला – कोडरमा। | 09/18 | टाटा 407 | BR-14G-0268 | 04 टन ढीबरा | 26.02.2018 | श्री रामेश्वर साव, वनरक्षी |
| 8 | **संतोष साव**, पिता – गिरिजा साव, साकिन – जोड़ासिमर (सपही), थाना – ढाब, जिला – कोडरमा एवं अन्य – 01 | 30/18 | शक्तिमान ट्रक | बिना नम्बर का | 200 Cft. ढीबरा | 25.05.2018 | श्री रामेश्वर साव, वनरक्षी |

उक्त अधिहरण वाद से संबंधित सभी अभियुक्तों एवं उक्त वाद में अर्न्तग्रस्त जप्त वाहनों एवं उस पर लदे जप्त वन पदार्थों पर अपना दावा रखने वाले सभी व्यक्तियों को समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मामले में अगली सुनवायी हेतु तिथि 20.07.2023 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में निर्धारित की जाती है।

अतः उक्त तिथि को उपस्थित होकर अपना बचाव / दावा प्रस्तुत करें। साथ हीं, निर्धारित तिथि 20.07.2023 के पूर्व कारण पृच्छा भी समर्पित करना सुनिश्चित करें।

यदि निर्धारित तिथि को सुनवायी के दौरान दावा रखने वाले संबंधित व्यक्ति अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होने की स्थिति में एकपक्षीय सुनवायी करते हुए अधिहरण वाद को निष्पादित कर दिया जायेगा।

**प्राधिकृत पदाधिकारी,**
–सह– वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
कोडरमा वन प्रमण्डल।

PR 301889 (Forest, Environment and Climate Changes) 23-24 (D)

## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (उद्यान प्रभाग) झारखण्ड, राँची कार्यालय – अनुमंडल कृषि पदाधिकारी –सह– जिला उद्यान पदाधिकारी कोडरमा

### (आम सूचना)

**कृप्या कृषक बन्धु ध्यान दे।**

वित्तीय वर्ष 2023–24 राज्य योजनान्तर्गत "राज्य बागवानी मिशन गैर कार्यान्वित जिले" में उपयोजना के कार्यान्वयन हेतु कोडरमा जिले के इच्छुक कृषको को अनुदानित दर पर विभिन्न अवयवों का लाभ प्राप्त करने हेतु दिनांक 31.07.2023 तक आवेदन आमंत्रित किया जा सकता है। योजना का कार्य अवयव का प्रारूप निम्नवत् हैः–

| क्र0 | कार्य अवयव का नाम | भौतिक लक्ष्य | विभागीय अनुदान | कृषक अंशदान | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | छोटी नर्सरी की स्थापना (प्रति इकाई 1 हेक्टर) Credit linked back indeed Subsidy | 1 इकाई | 50 प्रतिशत | 50 प्रतिशत | |
| 2 | स्ट्रॉबरी टपक सिंचाई और अच्छादन समेत समेकित पैकेज | 16 हे0 | 40 प्रतिशत | 60 प्रतिशत | |
| 3 | ड्रेगन फुट की खेती | 2.5 हे0 | 40 प्रतिशत | 60 प्रतिशत | |
| | | | | | |
| 5 | **नये बाग का क्षेत्र विस्तार** | | | | |
| 6 | आम | 100 हे0 | 60:20:20 प्रतिशत | | |
| 7 | नींबू | 7 हे0 | 60:20:20 प्रतिशत | | |
| 8 | लीची | 3.5 हे0 | 60:20:20 प्रतिशत | | |
| 9 | वैर | 7 हे0 | 60:20:20 प्रतिशत | | |
| 10 | आवॅला | 14 हे0 | 60:20:20 प्रतिशत | | |
| 11 | वेल | 8 हे0 | 60:20:20 प्रतिशत | | |
| 12 | अमरूद | 28 हे0 | 60:20:20 प्रतिशत | | |
| 13 | सपोटा | 7 हे0 | 60:20:20 प्रतिशत | | |
| 14 | वित्तीय वर्ष 2021–22 में स्थापित फलबाग का तृतीय | 178 हे0 | 60:20:20 प्रतिशत | | |
| 15 | वर्ष 2022–23 में रख रखाव हेतु (60:20:20 अनुपात में) | 174.5 हे0 | | | |
| 16 | पुराने फलबाग का जीर्णोद्वार | 05 हे0 | | | |
| 17 | शंकर सब्जी उत्पादन | 175 हे0 | 40 प्रतिशत | 60 प्रतिशत | |
| 18 | कट फ्लावर फुलो की खेती (SF&MF) | 18 हे0 | 40 प्रतिशत | 60 प्रतिशत | |
| 19 | वलबस फुल की खेती (SF&MF) | 16 हे0 | 40 प्रतिशत | 60 प्रतिशत | |
| 20 | लुज फ्लावर (SF&MF) | 75 हे0 | 40 प्रतिशत | 60 प्रतिशत | |
| 21 | मसाला की खेती | 57 हे0 | 40 प्रतिशत | 60 प्रतिशत | |
| 22 | सुगंधित पौधा की खेती | 20 हे0 | 40 प्रतिशत | 60 प्रतिशत | |
| 23 | प्लास्टिक मल्चिंग (Plastic malching) | 03 हे0 | 50 प्रतिशत | 50 प्रतिशत | |
| 24 | शेडनेट ट्रयूबलर हाउस का निर्माण | 3000 वर्ग मी0 | 50 प्रतिशत | 50 प्रतिशत | |
| 25 | पौधा समाग्री पर व्यय एवं कारनेशन / जवेरा का पॉली हाउस / शेडनेट में उत्पादन | 3000 वर्ग मी0 | 50 प्रतिशत | 50 प्रतिशत | |
| 26 | एण्टी बर्ड एण्टी हेल (Anti bire&anti heal) | 6 हे0 | 50 प्रतिशत | 50 प्रतिशत | |
| 27 | वर्मी कम्पोस्ट इकाई की स्थापना | 166 इकाई | 50 प्रतिशत | 50 प्रतिशत | |
| 28 | आग्रीम पंक्ति प्रदर्शन के जरीए तकनीकी प्रचार–प्रसार एवं प्रशिक्षण | 1 इकाई | 75 प्रतिशत | 25 प्रतिशत | |
| | कृषकों का राज्य अन्तर्गत प्रशिक्षण | 100 सं0 | | | |
| | कृषकों को राज्य से बाहर प्रशिक्षण | 10 सं0 | | | |
| | कृषकों के अन्तर राज्य परिभ्रमण | 04 सं0 | | | |

**अनुदान हेतु लाभुक चयन के लिए निम्नांकित न्यूनतम मापदण्ड की शर्ते**

1. उपर्युक्त योजना अनुदान पर आधारित है कृषक अंशदान की राशि लाभुक को चयनित योजना में निर्धारित अनुदान वहन करना होगा।
2. इन योजनाओं का लाभ लेने हेतु इच्छुक कृषक को कार्यालय एवं उद्यान मित्र से आवेदन प्राप्त कर विहित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भर कर पंचायती राज संस्था के मुखिया / जनप्रतिनिधि से अनुशंसा कराकर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 31.07.2023 4:00 बजे अपराह्ण तक आवेदन दे सकते है।
3. आवेदन पत्र के साथ आवश्यक कागजात यथा आवेदक का फोटोग्राफ, आधार कार्ड मोबाईल नं0, बैंक पासबुक, का छाया प्रति शपथ पत्र जमीन संबंधी अद्यतन रसीद या LPC जिसके पीछे मुखिया द्वारा प्रमाणित वंशावली एवं आवेदक के हिस्से में पड़ने वाले जमीन का जिक्र हो संलग्न होना आवश्यक है।
4. आवेदन पर जनप्रतिनिधि एवं BAO/BTM/VLW/ATM उद्यान मित्र का अनुशंसा होना आवश्यक है।
5. वैसे लाभुक जिनका पिछले तीन वर्षो में उनका एवं उसके किसी परिवार का चयन ना हुआ हो, उनका चयन किया जायगा।
6. पिछले तीन वर्षो में जिन गांवों का चयन इस योजना के लिए नहीं हुआ है, उस गांव को प्राथमिकता दिया जायगा।
7. आवेदक के पास पर्याप्त भूमि हो तथा वे सब्जी, फल, फूल आदि की खेती करते हो।
8. महिला कृषक एवं JSLPS से प्राप्त कृषक समूह / महिला स्वयं सहायता समूह / FPO को प्राथमिकता दी जायगी।
9. लाभुक का चयन पदाधिकारी / कर्मी / उद्यान मित्र के द्वारा स्थल जांच करने के उपरान्त जिला स्तरीय चयन समिति के द्वारा सर्वाधिक उपयुक्त कृषक का चयन किया जायगा।
10. आवेदन कार्यालय द्वारा उपलब्ध विहित प्रपत्र में ही भरा जायगा जिसे कार्यालय एवं प्रखण्ड से प्राप्त किया जा सकता है।
11. इस वित्तीय वर्ष में Block chain technology app. में पंजीकृत कृषक होना अनिवार्य है इसके बाद हीं आपके आवेदन के योजनानुसार चयन प्रक्रिया की जायगी।
12. अपूर्ण आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
13. सभी योजना की विस्तृत जानकारी जिला उद्यान कार्यालय, कोडरमा से प्रत्येक कार्य दिवस 11:00 बजे पूर्वा0 से 04 बजे अपराह्ण तक प्राप्त किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी
कोडरमा

PR 301911 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(23-24)#D

## सृष्टि महिला विकास ने मनाया श्रावण महोत्सव

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सृष्टि महिला विकास सहयोग समिति की अध्यक्ष रानी गुप्ता के नेतृत्व में साकची स्थित दयाल इंटरनेशनल होटल में श्रावण महोत्सव गीत संगीत नृत्य के साथ मनाया। इस मौके पर पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष कल्याणी शरण उपस्थित गांधी आश्रम की महिलाओं के बीच साड़ी सोलह श्रृंगार सामग्री बांटे एवं इसके अलावा समाज के लिए उत्कृष्ट काम करने वाली महिलाओं को अतिथियों के हाथों सम्मानित की। कार्यक्रम की शुरुआत में संस्कृति सिंह और आराध्या सिंह ने गणेश वंदना प्रस्तुत कर किया। सावन क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सावन क्वीन राखी अनुराधा चौधरी और शिवानी बनी। इस मौके पर सभी महिलाओं को सम्मानित किया । इस दौरान अतिथियों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी संध्या सिंह, नीतू सिंह जूली, सीमा, सुनीता जयसवाल, एकता जयसवाल आदि मौजूद थी।



## अंसार खान के नेतृत्व में गुलाब बाग के लोगो ने विशेष पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि अंसार खान के नेतृत्व में गुलाब बाग बस्ती वासियों का एक प्रतिनिधिमंडल मानगो नगर निगम के विशेष पदाधिकारी सुरेश यादव को तीन सूत्री मांगपत्र सौंपा गया। अंसार खान ने सुरेश यादव को बताया गुलाब बाग फेस टू में रोड और नाली पास होने के बावजूद भी अभी तक रोड का काम नहीं किया गया है। दूसरी ओर गुलाब बाग फेस 1 फेस टू और मानगो क्षेत्र में कुछ जगह पर बिजली पोलों पर लाइट लगा हुआ नहीं है वहां पर न्यू लाइन लगाया जाए। सुरेश यादव ने कहा गुलाब बाग फेस टू में इसी हफ्ते से रोड बनने का काम शुरू कर दिया जाएगा। ज्ञापन सौंपने में समाजसेवी कार्यकर्ता दानिश परवेज, बलदेव सिंह, रोशन आरा, गुलशन बेगम, निजामुद्दीन, मोहम्मद रियाज, नूरुजमा, मोहम्मद शमशी मोहम्मद आकिब , आदि मौजूद थे।



## सरायकेला जिला नियोजनालय में रोजगार मेला आयोजित, 21 शॉर्टलिस्ट

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेन्टर सरायकेला में सोमवार को जॉब कैम्प का आयोजन किया गया। जिला नियोजन पदाधिकारी रवि कुमार ने बताया कि भर्ती कैम्प में फ्यूज़न माइक्रोफाइनेंस लिमिटिड के अधिकारियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से जमशेदपुर, रांची व खूंटी जिले में रिलेशनशिप ऑफिसर एवं सीनियर रिलेशनशिप ऑफिसर के पदों पर नियुक्ति हेतु 21 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया। नियुक्तियों में झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 का अनुपालन किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेन्टर, सरायकेला-खरसावां के सौजन्य से नियमित रोजगार शिविरों एवं रोजगार मेला का आयोजन किया जाता है। भर्ती कैम्प में जिला नियोजन पदाधिकारी रवि कुमार, यंग प्रोफेशनल रवि प्रकाश सिंह सहित जिला नियोजनालय के सभी कर्मी एवं फ्यूज़न माइक्रोफाइनेंस लिमिटिड के एचआर मैनेजर उपस्थित रहे।

## पटमदा साप्ताहिक हाट में मोबाइल चोरी करते धराया साहेबगंज का युवक

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा थाना गेट के सामने सोमवार को साप्ताहिक हाट बाजार में शाम करीब 5 बजे मोबाइल फोन चुराते वक्त एक युवक को पकड़कर स्थानीय लोगों ने पुलिस के हवाले कर दिया। इस संबंध में पटमदा थाना प्रभारी रणजीत कुमार सिंह ने चोरी के आरोपी युवक से पूछताछ के बाद उसके अन्य साथियों की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है। बताते हैं कि वह युवक साहेबगंज जिले का है जो एक गिरोह से जुड़ा हुआ है और उसके साथ कई अन्य साथी हैं जो भीड़भाड़ वाले इलाके में चोरी की घटना को अंजाम देते हैं।

## नीट यूजी में शहर के सफल विद्यार्थियों का सम्मान समारोह महल इन में आज

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से कल 11 जुलाई, शाम 5:00 बजे नीट यूजी 2023 में जमशेदपुर के सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह का आयोजन मानगो स्तिथ महल इन सभागार में होगा। समारोह के मुख्य अतिथि उपायुक्त विजया जाधव और विशिष्ट अतिथि के तौर पर सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर परवेज आलम मौजूद होंगे। उक्त जानकारी ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के सचिव मुख्तार आलम खान ने दी।

## भारतीय सेना और रेड एफएम द गट्स एण्ड ग्लोरी-सैल्यूट 71 के साथ मनाएंगे विजय दिवस का जश्न

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के प्रमुख प्राइवेट रेडियो एवं एंटरटेनमेन्ट नेटवर्क रेड एफएम ने विजय दिवस के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम 'गट्स एण्ड ग्लोरी- सैल्यूट 71' के आयोजन के लिए भारतीय सेना के पूर्वी कमान के साथ साझेदारी है। 1971 के युद्ध की ऐतिहासिक जीत को श्रद्धांजली देना और उन बहादुर सैनिकों को सम्मानित करना इस आयोजन का उद्देश्य है, जिन्होंने इस जीत को संभव कर दिखाया। इस पहल का प्रसारण 12-उत्तर-भारतीय राज्यों- कोलकाता, भुवनेश्वर, आसनसोल, सिलिगुड़ी, अगरतला, पटना, मुज़फ्फरपुर, जमशेदपुर, गुवाहाटी, शिलोंग, ऐज़वाल और गंगटोक में किया जाएगा। रेड एफएम इन सभी कहानियों को पॉडकास्ट के तहत एपिसोड्स के रूप में लेकर आएगा, जो विभिन्न ऑडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध होंगी। इसके अलावा 'गट्स एण्ड ग्लोरी-सैल्यूट 71' के दौरान उत्तर पूर्वी भारत के उन नागरिकों एवं बहादुर सैनिकों को सम्मानित भी किया जाएगा।




## आदिवासी युवा संघर्ष व मेचुआ ग्राम सभा 9 अगस्त को मनाएगी विश्व आदिवासी दिवस

**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदिवासी युवा संघर्ष समिति व मेचुआ ग्राम सभा का आज मेचुआ गांव में बैठक हुई। बैठक में आगामी 9 अगस्त को जादूगोड़ा मोड़ चौक स्थित सिद्धू कानू चौक पर विश्व आदिवासी दिवस मनाने का फैसला लिया गया। बैठक के बाद कार्यक्रम के आयोजक आदिवासी युवा संघर्ष समिति के कोडिनेटर प्रभात माझी ने कहा कि इस कार्यक्रम में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम मसलन रिंजा नाच, फिरकल नृत्य आकर्षक होंगे वही समारोह में पोटका विधायक संजीव सरदार मुख्य अतिथि होगे। इसके अलावे आदिवासी पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था से जुड़े मानकी मुंडा,माझी बाबा, परगना बाबा व समाज के बुद्धिजीवी आदिवासी खास मेहमान होगे। इस बैठक में ग्राम प्रधान डोमन श्याम सोरेन, मधू सोरेन( नायके ) जगत मार्डी कान्हू सोरेन, सुनील मुर्मू, विश्वनाथ सोरेन समाज सेवी प्रभात माझी समेत आदि उपस्थित थे।

## प्रखंड मुख्यालय में खरीफ कर्मशाला का आयोजन

**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के द्वारा सोमवार को कूचाई प्रखंड मुख्यालय सभागार में प्रखंड स्तरीय खरीफ कर्मशाला का आयोजन किया गया। जिसमें खरीफ फसल अच्छादन का लक्ष्य से अवगत कराने एवं कृषि विशेषज्ञों के तकनीकी मार्गदर्शन में किसानों को कृषि प्रक्षेत्र में विकसित नवीनतम तकनीकों अवधारणाओं एवं पद्धतियों आदि के बारे में जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सुजाता कुजूर ने कहा कि 2023 को मिलेट ईयर घोषित किया गया है। जिसमें किसान मोटे अनाज के खेती के महत्व को समझते हुए खेती करे। जिप सदस्य झींगी हेंब्रम ने कहा कि सामान्य वर्षपात से बहुत कम बारिश हुई है।

# मानगो में दो गुटों में हुई फायरिंग मामले में पुलिस ने 7 बदमाशों को किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** गत 7 जुलाई को मानगो में मछली की रंगदारी को लेकर दो गुटों में हुई भिड़ंत और फायरिंग के मामले में पुलिस ने 7 बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बता दें, मानगो थाना क्षेत्र के वर्कर्स कॉलेज के पास मछली मार्केट में मछली की गाड़ी लगाने और रंगदारी मांगने को लेकर माशूक मनीष और कुंदन सिंह गिरोह में भिड़ंत हुई थी। इस मामले में 7 जुलाई को माशूक मनीष गिरोह के सुदेव साई और आकाश नामता पर फायरिंग हुई थी। इस मामले में पुलिस ने कुंदन सिंह गिरोह के सरगना उलीडीह टैंक रोड निवासी कुंदन सिंह उर्फ भोंदू, अमन ठाकुर उर्फ डेंगू, जितेंद्र कुमार साहू उर्फ धूम, आकाश नामता उर्फ कलाकार, साकची प्यून कालोनी के पंकज कुमार सिंह राकेश सिंह सरदार उर्फ पकडू और माशूक मनीष गिरोह के दाई गुट्टू का रहने वाला अंकेश कुमार उर्फ बाबू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से तीन देसी पिस्टल, पांच कारतूस, पांच खोखा, 6 मोबाइल, एक स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल और एक स्कूटी बरामद की है। कुंदन सिंह पर पहले से मानगो, उलीडीह और परसुडीह में 8 मुकदमे दर्ज हैं। आकाश नामता पर उलीडीह में तीन मुकदमें और अमन ठाकुर परसुडीह में तीन मुकदमें, जितेंद्र साहू पर उलीडीह में दो मुकदमा और पंकज साहू पर साकची में एक मुकदमा दर्ज है। सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि यह दोनों गिरोह मछली बाजार में वर्चस्व कायम करने को लेकर आमने-सामने थे। अभी रंगदारी वसूलने की बात सामने नहीं आई है। यह लोग रंगदारी की मांग कर रहे थे।



## एसपी आनंद प्रकाश ने कांड्रा थाना का किया औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** जिले के पुलिस अधीक्षक आनंद प्रकाश ने सोमवार को कांड्रा थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना के सभी पंजियों की गहनता से जांच व उसका अध्ययन कर थाना प्रभारी पास्कल टोपनो को जरूरी दिशा-निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने थाना की लूट पंजी व अपराध पंजी को विशेष रुप से दुरुस्त करने एवं जेल से छूटे हुए अपराधियों की गतिविधियों पर खास नजर रखने का निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को लंबे समय से लंबित कांडों का जल्द से जल्द निस्तारण करने का निर्देश भी दिया। निरीक्षण के क्रम में कुछ त्रुटियां पाई गई जिसे एसपी ने जल्द दुरुस्त करते हुए जानकारी देने को कहा। उन्होंने बारी-बारी से सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों से उनकी भूमिका की जानकारी ली एवं जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान कांड्रा थाना प्रभारी पास्कल टोप्पो समेत कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

# प्रथम सोमवारी पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने पत्नी संग की पूजा अर्चना, खुशहाली व समृद्धि की कामना की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भगवान शिव हर संकट को हर लेते हैं,भोलेनाथ नाम जाप मात्र से ही हर कष्टों से मुक्ति मिलती हैं, भगवान महादेव की पूजा से हर कार्यो में सफलता मिलती हैं, ये बातें स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने प्रथम सोमवारी के अवसर पर भक्तों को संबोधित करते हुए कही। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने पवित्र सावन महीने के प्रथम सोमवारी के पावन उपलक्ष्य पर आदर्श नगर डिमना रोड स्थित श्री श्री सोमनाथ शिव मंदिर में धर्म पत्नी सुधा गुप्ता संग देवो के देव महादेव भगवान शिव शंकर की पूजा अर्चना कर राज्यवासियो के खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने 251 भक्तों के कलश यात्रा को भी रवाना किया जो स्वर्णरिखा नदी में जाकर जल अर्पण किया। इससे पहले सोमनाथ मंदिर समिति के संयोजक दीपक गुप्ता ने मंत्री बन्ना गुप्ता और उनकी धर्म पत्नी सुधा गुप्ता को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया, जबकि पूजा समिति के तरफ से शिव परिवार का फोटो भेंट किया गया, पूजा अर्चना पंडित बिपिन झा के द्वारा पूर्ण कराया गया।



## करीम सिटी हिंदी विभाग ने मनाई प्रेमचंद जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आज हिंदी विभाग, करीम सिटी कॉलेज द्वारा प्रेमचंद जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चर्चा का विषय रहा प्रेमचंद और आज। उक्त कार्यक्रम में हिंदी विभाग की प्राध्यापिका डॉ संध्या सिन्हा ने स्वागत भाषण देते हुए प्रेमचंद की रचनाओं में रेखांकित समस्याओं का उल्लेख करते हुए वर्तमान काल मे उनकी प्रासंगिकता की चर्चा करते हुए बताया कि आज भी रूप बदलकर बेमेल विवाह, दहेजप्रथा, डायन प्रथा, जातिगत भेदभाव और औद्योगिकरण से उपजी समस्याएं उपस्थित हैं जो प्रेमचंद को पढ़ने और समझने के लिए प्रेरित करती हैं। वहीं हिंदी प्रतिष्ठा सेमेस्टर 3 की छात्रा अंजली मुर्मू ने प्रेमचंद के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। हिंदी प्रतिष्ठा सेमेस्टर 3 के छात्र राहुल कुमार सिंह ने प्रेमचंद के उपन्यास और उनकी प्रासंगिकता पर विस्तृत चर्चा किया। विभागाध्यक्ष डॉ. सुभाष चंद्र गुप्ता ने प्रेमचंद की रचनाओं की सारगर्भित चर्चा देश की आज़ादी तथा वर्तमान परिप्रेक्ष्य में किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बांग्ला विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बी एन त्रिपाठी जी ने किया। कार्यक्रम के अंत में हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ फिरोज आलम धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी प्रतिष्ठा, सेमेस्टर 3 की छात्रा प्रतिभा त्रिपाठी ने किया।



## सावन की पहली सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ी भीड़, बाबा भोले का किया जलाभिषेक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** सावन की पहली सोमवारी पर कांड्रा, गम्हरिया व आसपास के शिवालयों में भक्त-श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। एकबारगी हर हर महादेव और ? नमः शिवाय मन्त्र से शिवालय गूंज उठा। प्रातःकाल से ही क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी प्रारम्भ हो गई थी जो दोपहर तक जारी रहा। श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ को बेलपत्र, धतूरा, अकवन फूल आदि अर्पित कर परम्परागत विधि विधान के साथ विशेष पूजा कर जलाभिषेक किया। बड़ा गम्हरिया बस्ती, शिवपुरी कॉलोनी, सतवाहिनी, प्रखण्ड परिसर, उषा मोड़, बोलाईडीह, कांड्रा एसकेजी कॉलोनी, कांड्रा बाजार, थाना परिसर स्थित शिवालयों में भक्त श्रद्धालुओ की काफी भीड़ रही। इस अवसर पर कई मंदिरों में भगवान शिव का रुद्राभिषेक भी किया गया। वहीं संध्या में कई मंदिरों में भजन कीर्तन का आयोजन भी किया गया।



## बिहार मुख्यमंत्री को पत्र लिख व्यापक भागीदारी की मांग

# झारखंड से हरिमंदिर कमेटी में तीन प्रतिनिधि चुने जाएं : कुलविंदर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्व छात्र नेता, पत्रकार एवं अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब प्रबंधन कमेटी में झारखंड के सिखों को व्यापक भागीदारी देने की मांग की है। कुलविंदर सिंह के अनुसार तख्त श्री हरमंदिर जी की नई कार्य समिति के गठन के लिए चुनावी प्रक्रिया जारी है और कस्टोडियन जिला जज द्वारा तीन सदस्यों का मनोनयन हो चुका है। दक्षिण बिहार निर्वाचन क्षेत्र संख्या 5 में गंगा नदी से दक्षिणी के इलाके हैं जिसमें झारखंड भी एक हिस्सा है। झारखंड राज्य पुनर्गठन अधिनियम के द्वारा नया राज्य 15 नवंबर 2000 को बना और अधिनियम के अनुसार 3/1अनुपात की हिस्सेदारी होनी चाहिए थी परंतु अज्ञानता अनदेखी के कारण ऐसा संभव नहीं हो सका। अब बिहार राज्य प्रतिनिधि बोर्ड एवं पटना के कुछ सिखों द्वारा मांग पत्र के माध्यम से दबाव बनाया जा रहा है कि झारखंड का प्रतिनिधित्व हर हाल में खत्म कर दिया जाना चाहिए, जो किसी भी तरह से तर्क, न्याय और कानून सम्मत नहीं है। कुलविंदर सिंह के अनुसार पंजाब और दिल्ली के बाद सिखों की बड़ी आबादी झारखंड विशेषकर बोकारो रांची एवं जमशेदपुर में निवास करती है और व्यापक भागीदारी देने के लिए झारखंड से प्रबंधन कमेटी में 3 सिखों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित की जानी चाहिए। इतना ही नहीं खालसा धर्म के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह के आदर्श एवं सोच के अनुरूप उत्तर प्रदेश, बंगाल कोलकाता, एसजीपीसी दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी चीफ खालसा दीवान के तर्ज पर उड़ीसा राज्य असम राज्य छत्तीसगढ़ राज्य मध्य प्रदेश राज्य के सिख प्रतिनिधि बोर्ड का भी प्रतिनिधित्व का प्रावधान किया जाना चाहिए। वही कुलविंदर सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से यह भी आग्रह किया है कि जो मतदाता दक्षिणी बिहार अर्थात झारखंड निर्वाचन क्षेत्र से जाएंगे उनके लिए व्यापक सुरक्षा का प्रबंध किया जाना चाहिए।



## प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत सदर अस्पताल में एएनसी जांच शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** सदर अस्पताल सरायकेला में सोमवार को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत एएनसी जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 86 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गई। इसमें से आठ महिलाओं का अल्ट्रासाउंड भी किया गया। जबकि सीनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित एएनसी जांच शिविर में 81 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गई। सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ नकुल प्रसाद चौधरी से प्राप्त जानकारी अनुसार इस योजना के तहत जिले के सदर अस्पताल सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिमाह एएनसी जांच शिविर आयोजित कर गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की जाती है।

## झामुमो के देवघर पंचायत अध्यक्ष चुने गए अर्जुन सोरेन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रविवार को जमशेदपुर-04 की पूर्व जिला पार्षद सह झामुमो के पूर्वी सिंहभूम जिला उपाध्यक्ष पिन्टू दत्ता के आवासीय कार्यालय भिलाईपहाड़ी में झामुमो का पंचायत सम्मेलन आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता झामुमो के जमशेदपुर प्रखंड कमेटी अध्यक्ष बहादुर किस्कू ने की। इस दौरान सर्वसम्मति से देवघर पंचायत कमेटी का गठन किया गया। जिसमें पंचायत के अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध अर्जुन सोरेन चुने गए। जबकि उपाध्यक्ष बुद्धेश्वर कुंडू एवं विकास सोरेन, सचिव संदीप लाहा, सह सचिव लव किशोर सिंह व महेश सिंह,संगठन सचिव मोहन चालक व सोमनाथ चालक व कोषाध्यक्ष त्रिलोचन गौड़ चुने गए। जबकि कई युवाओं को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला उपाध्यक्ष पिंटू दत्ता, प्रखंड अध्यक्ष बहादुर किस्कू, जिला कार्यकारिणी सदस्य मंगल मुर्मू, पलाश बनी पंचायत के अध्यक्ष नगेन सोरेन, बेलाजुड़ी पंचायत अध्यक्ष हरिपदो सिंह, आदि ने योगदान दिया।

# धुसरा से बकरी चुराकर भाग रहे बाइक सवार तीन युवक कमलपुर पुलिस के हत्थे चढ़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** कमलपुर थाना की मजबूत सूचना तंत्र के कारण सोमवार को पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पटमदा थाना क्षेत्र अंतर्गत धुसरा गांव के पास टाटा-पटमदा मुख्य सड़क के किनारे से एक बकरी चोरी कर भाग रहे तीन युवक को कमलपुर पुलिस ने काटिन बाजार से दोपहर करीब डेढ़ बजे पकड़ लिया। तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार थे जो एक बकरी को लेकर बंगाल की ओर जा रहे थे। इस संबंध में कमलपुर थाना प्रभारी धीरंजन कुमार ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि बकरी का मालिक कौन है। पुलिस ने आरोपियों को साथ ले जाकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। छानबीन के क्रम में बकरी के मालिक के रूप में कोई सामने नहीं आया है। आरोपियों में एक जमशेदपुर निवासी जबकि दूसरा बराबाजार व बांदोवान थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि तीनों आरोपियों ने जुर्म कबूल कर लिया है। उनके आपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है और प्राथमिकी दर्ज करते हुए जेल भेजने की तैयारी की जा रही है। गौरतलब हो कि पिछले दिनों पटमदा, कमलपुर व बोड़ाम थाना क्षेत्र से दर्जनों बकरियों की चोरी अज्ञात लोगों द्वारा कर ली गई है। अधिकांश मामलों में पशुपालकों ने थाना में कोई लिखित शिकायत नहीं की है।

## साकची बाजार शिव मंदिर में सहस्त्रघट जलाभिषेक पूजा किया गया

**जमशेदपुरः** मंगलवार 11 जुलाई को लगातार दूसरी साल साकची बाजार स्थित श्री श्री साकची शिव मंदिर में सावन माह के शुभ अवसर पर सुलतानगंज से आये हुए गंगाजल से भोले बाबा का सहस्त्रघट जलाभिषेक पूजा होगी। इसका आयोजन शिव मंदिर कमिटी के लालचंद अग्रवाल एंव बबलु अग्रवाल द्वारा अपने पिता (स्व. विनोद कुमार अग्रवाल) की याद में किया जा रहा हैं। मंगलवार सुबह 10 बजे से शिव पूजन तथा दोपहर 12.30 बजे से सुलतानगंज से टैंकर में आये हुए गंगाजल से भोले बाबा का सहस्त्रघट जलाभिषेक किया जायेगा। संध्या 5 बजे से भोले बाबा का विशेष श्रृंगार एवं महाआरती होगी।

# वर्षा ने रुलाया, टकटकी लगाए ऊपर निहार रहा किसान

**अरूण कुमार मांझी@ प्रभात मंत्र**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ व कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र में इस वर्ष किसान अपने खेतों में धान बीज भी नहीं डाल पाया है, आषाढ़ से श्रावण मास का प्रारंभ हो चुका है। लगभग एक महीने पार हो गया वर्षात का मौसम और धान बीज डालने का समय खत्म होने को है। आज तक वर्षा जल का अभाव में किसान बारिश का इंतजार कर आकाश की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं। कब होगा बारिश और धान बीज डालने का काम होगा प्रारंभ, किसी को पता नहीं। पहला आषाढ़ के प्रारंभ में ही कुछ हल्का बारिश से कुछ किसान अपने खेतों में धान बीज डाल चुके थे वो भी वर्षा के अभाव में नष्ट हो गया। किसान सुखे खेतों में ही धान बीज डालने के लिए खेतों को हल चलाकर जोत रहे हैं , गोबर खाद भी डाल रहे हैं , मगर 50 से 3 सौ रुपए किलो महंगा धान बीज खेतों में बारिश नहीं होने तक बीज डालने में डर सता रहा है। किसानों को सुखा पड़ने का आशंका से किसान काफी चिंतित हैं। इधर कांची सिंचाई परियोजना से करोड़ों खर्च कर सिंचाई विभाग केनाल का पक्कीकरण तो कर दिया है, मगर श्रावण माह का एक सप्ताह गुजर जाने के बाद भी किसानों को केनाल से एक बुंद पानी पटवन के लिए नसीब नहीं हो रहा है। सलगाडीह से हाड़ात तक पक्की केनाल खुद बुंद बुंद पानी को तरस रहा है। केनाल में किसानों को खेतों में पानी देने में सरकारी तंत्र भी विफल है। ऐसे में वर्षा जल पर आश्रित किसान खेती करे तो कैसे करें। किसान शंभू नाथ गोप ने बताया कि वर्षा नहीं होने से एक तो अभी तक धान बीज नहीं डाल पाए हैं। खेत सुखा हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां इतना बड़ा केनाल है अभी तक केनाल में खेतों को पानी उपलब्ध नहीं कराया गया है, ऐसे में हम किसान कैसे खेती करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्षाभाव में इस बार भी सुखा पड़ने का आशंका सता रहा है।



## यूथ वेलफेयर मिशन की पहलः पर्यावरण संरक्षण के लिए छात्रों ने बनाए सीडबॉल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सोमवार को यूथ वेलफेयर मिशन द्वारा धातकीडीह टेनिकोइट ग्राउंड मे पर्यावरण संरक्षण के तहत सीड बॉल बनाने का कार्यक्रम आयोजन किया गया। इसमें छात्रों एवं खिलाड़ी ने भाग लिया। संस्था के अध्यक्ष शहाबुद्दीन ने बताया कि प्रशिक्षण मे मिट्टी, गोबर एवं खाद का मिश्रण पानी मिलाकर गोलियां तैयार कर उसमे पेड़ के बीज रखकर बॉल तैयार की गई। सीड बॉल में जामुन, गुलमोहर व नीम के बीज रखकर सीड बॉल तैयार किए गए। ये सीड बॉल बारिश होने के समय खाली स्थानों पर डाल दिए जायेंगे, जहां वे बारिश में अंकुरित होकर पेड़ बनेंगे। जो वर्षा काल में आसानी से जमीन में लग जाती हैं और विभिन्न प्रजातियों के फल-फूल के पौधे पनप जाते हैं। इसे घरों के गमलों और क्यारियों में भी लगाया जा सकता है। इस मौके पर कुमार हर्ष ,प्रत्यूष रजक, सहदेव, रंजीत प्रमाणिक, शोरो दास, अंजली कुमारी ,श्रीकांत ,रजनी, फिरासत, अंकिता भारती, दिवाकर, विजय, मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

# उपायुक्त ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** बाल विवाह, दहेज प्रथा को समाप्त करने व किशोरियों/बालिका के उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के प्राप्त लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने एवं सभी योग्य किशोरियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से आज समाहरणालय परिसर से उपायुक्त श्री अबु इमरान ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। यह जागरूकता रथ जिले के सभी 12 प्रखंडों में रोस्टर अनुसार घूम घूम कर आम लोगों को जागरूक करने का कार्य करेगी। **क्या कहते हैं समाज कल्याण पदाधिकारी त्न** मौके पर समाज कल्याण पदाधिकारी सूरज मूनि कुमारी ने बताया कि राज्य से चतरा जिले को वर्तमान में कुल 8100 योग्य किशोरियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य प्राप्त है। इसके विरुद्ध अभी तक कुल 1538 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमे 181 लाभुकों को लाभान्वित किया जा रहा है। शेष योग्य आवेदकों के आवेदन के जांच के पश्चात नियमानुसार लाभान्वित किया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि यह योजना का उद्देश्य किशोरियों की अपने जीवन के संबंध में स्वतंत्र निर्णय लेने हेतु सक्षम बनाना है। सरकारी तथा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त और Right To Education के अंतर्गत विद्यालयों में पढ़ने वाली किशोरियों को लाभ मिलेगा। योजना के अंतर्गत ड्रॉप आउट किशोरियों को स्कूल/कॉलेज से जोड़ने की होगी विशेष पहल योजनांतर्गत मिलने वाली राशि छात्रवृत्ति के अतिरिक्त होगी। **योजनान्तर्गत लाभ हेतु आवेदन प्रक्रिया :** किशोरी अपने पोषक क्षेत्र के संबंधित आंगनबाड़ी सेविका के माध्यम से बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कार्यालय में आवश्यक प्रमाण-पत्रों/अभिलेखों के साथ विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र समर्पित करेंगे। प्रमाण-पत्रों/अभिलेखों की स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।प्रारंभ में इस योजना के तहत पूरी प्रक्रिया Manually की जायेगी तथा कालान्तर में पूरी प्रक्रिया Online सम्पन्न कराई जायेगी। **यह मिलेगा लाभ :** कक्षा 8 वीं में 2500, कक्षा 9वीं में 2500, 10वीं में 5000, कक्षा 11वीं में 5000, कक्षा 12वीं में 5000, 18 से 19 वर्ष की किशोरी को एक मुस्त 20000 बीस हजार रुपया की अनुदान राशि दी जाएगी। उक्त मौके पर समाज कल्याण पदाधिकारी सूरज मुनि कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी चतरा गणेश रजक,स्थानीय सेविका सहायका, महिला सुपरवाइजर समेत अन्य सभी संबंधित उपस्थित थे।

# ग्रामीणों की शिकायत पर जांच करने पहुंचे अधिकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेतला :** लातेहार जनता दरबार में लिखित शिकायत ग्रामीणों के द्वारा किया गया था जिसमें उपायुक्त और बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय के निर्देश पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी त्रिवेणी राम, पंचायत के मुखिया मंजू देवी के साथ बेतला के तुरी टोला में सच्चाई जानने के लिए बेतला पंचायत के तुरी टोला में पहुंचे जहां की तुरी समुदाय के लोगों ने लातेहार जिले में जनता दरबार के दिन बेतला के तुरी टोला के विनोद तुरी समेत कई अन्य ग्रामीणों ने दिनांक 23.06.2023 को दर्जनों ग्रामीणों ने लिखित आवेदन जनता दरबार में लातेहार उपायुक्त के समक्ष देने का काम किया था जिसमें ग्रामीणों के द्वारा बताया गया है था कि हम सभी मुलभुत सुविधाओं से वंचित हैं। और सरकारी लाभ आवास पशु शेड,बकरी शेड, पीसीसी सड़क, पेयजल की समस्यायों से जुझ रहे हैं।इन सभी बातों को अवगत कराया था। जिसमें सोमवार को शिकायत के आलोक में प्रखंड के बीपीओ त्रिवेणी राम, सहायक अभियंता सुधीर कुमार, मुखिया मंजू देवी ने स्थलीय निरीक्षण किया और सच्चाई जानने का प्रयास किया जहां पर ग्रामीणों की समस्यायों से अवगत हुए। जांच के दौरान पाया गया की तुरी टोला में एक जलमिनार चालू हालत में है। उसी जलमिनार से कई स्थानीय ग्रामीण जनता प्यास बुझाते हैं। और अन्य दो चंपाकल,एक जलमिनार खराब पड़ा हुआ है। मौके पर पूर्व मुखिया संजय सिंह, ग्राम प्रधान इदरीस अंसारी, आवास मित्र उमेश कुमार बैठा समेत कई लोग मौजूद थे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 47 महिलाओं का फोर एएनसी किया गया जांच



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत(फोर एएनसी) 47 महिलाओं का सोमवार को प्रसव पूर्व जांच किया गया। जांच कर रही अनीशा चेन्नई, रिंकू कुमारी, बिमला देवी, नीलू कुमारी सभी स्वास्थ्य केंद्र के एएनएम व नर्स महिलाओं का जांच बारी-बारी से किया। जांच में हिमोग्लोबिन, शुगर, यूरिन, ब्लड प्रेशर, ब्लड ग्रुप, वजन, एचआईवी सभी तरह की निशुल्क जांच किया गया। एवं निशुल्क दवाई दी गई। साथ ही साथ निशुल्क अल्ट्रासाउंड करवाने का भी प्रावधान इस योजना के तहत करवाया गया है। जो चतरा के लाइफ केरियर पैथोलॉजी में है। जांच करवा रही महिलाओं का नाश्ता का भी प्रबंध हॉस्पिटल से करवाया गया। मौके पर उपस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी बीरेंद्र दांगी संतोष कुमार विजय कुमार अनिल कुमार दांगी खीरु यादव एवं दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

# मिशन परिवार विकास मेला के तहत एएनएम, सहिया साथी, सहिया दीदी ने निकाली जागरूकता रैली




**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में संचालित समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मियों, एएनएम, सहिया साथी, सहिया दीदी नें मिशन परिवार विकास मेला के बैनर तले परिवार नियोजन को लेकर जागरूकता रैली सोमवार को निकाली गई। जिसमें सभी कर्मियों ने हम दो हमारे दो, दो बच्चे हो।मुनिया हो या मुन्ना दो बच्चों की हो दुनिया,नारे के साथ मेन चौक से ब्लॉक मोड़ तक रैली निकाली। एवं लोगों को जागरूक किया। दो बच्चों में कम से कम दो साल के अंतर रखने की भी लोगों से अपील किया है।साथ ही साथ परिवार नियोजन के तहत लड़की की शादी 18 वर्ष के बाद एवं लड़के की शादी 21 वर्ष बाद करने की भी बातें नारे में कहीं जा रही थी। जागरूकता रैली में शामिल अनिता कुमारी नीलू कुमारी रिंकू कुमारी सहिया साथी सुचिता कुमारी सुनीता कुमारी गुड़िया कुमारी सुषमा सोरेन कुंती देवी बिरेंद्र दांगी व अन्य कर्मी भी शामिल थे।

# प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** बारियातू प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड स्तरीय जन्म - मृत्यु निबंधन से संबंधित प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रतिमा कुमारी, प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा शाहदेव, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी आफताब आलम, एटीएम मो शमीम ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर इस कार्यशाला का शुभारंभ किया।। इस मौके पर बीडीओ सह सीओ कुमारी ने जन्म मृत्यु निबंधन की महत्ता व उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही कहा कि आगामी 14 जुलाई से 14 अगस्त 2023 तक प्रखंड स्तर पर कोविड- 19 अवधि के दौरान छूटे हुए एवं अन्य छूटे हुए घटनाओं के शत- प्रतिशत निबंधन के लिए विशेष अभियान चलाने की जरूरत है। अभियान के दौरान जन-जागरुकता के लिए एवं आमजनों में जन्म-मृत्य की घटना के निबंधन के महत्व को समझाने हेतु युद्ध स्तर पर प्रचार-प्रसार करने एवं इस कार्य में जन्म-मृत्यु निबंधन से जुड़े निबंधकों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहिया, सरकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। 05 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों की सूची विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा उपलब्ध करायी जाएगी। आंगनबाड़ी केंद्र क्षेत्र के 0 से 5 वर्ष आयु तक के बच्चों में अपंजीकृत बच्चों का सर्वेक्षण कर उनकी सूची तैयार करना, अपंजीकृत बच्चे जिनका जन्म घर में हुआ हो या आंगनबाड़ी क्षेत्र के अंदर किसी निजी संस्थान में जन्म हुआ है तो उसकी जन्म रिपोर्ट फॉर्म - 1 भरकर आवश्यक कार्रवाई करेगी. आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम और स्कूल के प्रधानाध्या रिपोर्ट फॉर्म-1 भरने हेतु तथा संबंधित लाभुक अभिभावक से स्व घोषित शपथ पत्र एवं आधार कार्ड की छायाप्रति (आधार कार्ड नहीं होने पर वोटर कार्ड / ड्राविंग लाईसेंस की छायाप्रति) प्राप्त करेंगे। साथ ही साथ प्रमाणपत्र बनाने के लिए आवश्यक जांच प्रतिवेदन भी दर्ज करेंगे। आगे कहा कि 21 दीन के अंदर जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए पंचायतसेवक के अनुशंसा के आधार पर प्रखंड कार्यालय से ही निर्गत किया जाएगा।

# सीआरपीएफ 11 वीं वाहिनी ने किनामाड़ कैम्प के पास किया वृक्षारोपण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सीआरपीएफ 11 वीं वाहिनी ने मुख्यालय किनामाड़ कैम्प के समीप वेद प्रकाश त्रिपाठी, कमाण्डेंट तथा अन्य अधिकारियों एवं बटालियन के कर्मियों के द्वारा विभिन्न प्रकार के 600 पौधों का रोपण किया गया।इस अभियान के तहत वर्ष-2023 इस बटालियन के द्वारा कुल 7000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया था तथा इसकी शुरूआत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधे लगाकर की गई थी। इसी क्रम में अब तक लावालौंग, हेरहंज,सेरनदाग, मोरवाई एवं मण्डल क्षेत्र में ऑवला, गुलमोहर, शीशम, आम, कटहल, जामुन एवं अनार इत्यादि के लगभग 6400 पौधे लगाये जा चुके है। वहीं इस अभियान के अन्तिम चरण में 11 बटालियन मुख्यालय कैम्प, किनामाड़ में 600 पौधे लगाये गये जिससे निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण किया गया।इस अवसर पर श्री त्रिपाठी ने कहा कि पर्यावरण दिवस के दौरान पौधो की पूर्ण देखभाल भी की जानी चाहिये, सिर्फ पौधा लगा देने मात्र से हीं पर्यावरण दिवस का महत्वपूर्ण नही हो जाता बल्कि पौधो की देख भाल भी करना उतना हीं आवश्यक है। पेड़ लगाने से वायु को प्रदूषित होने से बचाया जा सकता है, साथ हीं साथ गर्मी से भी काफी राहत मिलती है। मौके पर विनोद कुमार कनौजिया, द्वितीय कमान अधिकारी, जुगल किशोर जोशी, द्वितीय कमान अधिकारी, प्रणव आनन्द झा, उप कमाण्डेंट, डॉ. अमूल्या कूजूर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सूबेदार मेजर राजा सिंह तोमर, इंस्पेक्टर जितेन्द्र कुमार पाण्डेय, उप निरीक्षक रमाकांत सिंह, और 11 बटालियन के समस्त जवान उपस्थित रहे।

# बालूमाथ में गुरु दक्षिणा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के आदर्श नगर मुहल्ला स्थित दुर्गा मंडप परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गुरु दक्षिणा कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत संघ ध्वज फहराकर की गयी 7और भारत माता के चित्र के समक्ष श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संघ के सामाजिक समरसता प्रमुख एवं पूर्व प्रांत प्रचारक विजय घोष उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में प्रांत प्रचारक ने गुरु दक्षिणा कार्यक्रम के महत्व और उसके उद्देश्यों को विस्तार से बताया और कहा कि भारत एक ऐसा देश है जिसे भारत माता के साथ-साथ मातृभूमि भी कहा जाता है।उन्होंने कहा कि हमारे देश के कुछ लोग इस मातृभूमि को बांटने के लिए समाज में वैमनस्य पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। हमें ऐसे तत्वों की पहचान कर उन्हें मुंहतोड़ जवाब देना होगा।उनके द्वारा लगातार तोड़ने और धर्मांतरण का प्रयास किया जा रहा है।

# पहली सोमवारी पर निकली भव्य कलश यात्रा में शामिल हुए पूर्व विधायक प्रकाश राम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड के कुलगढ़ा स्थित बटेश्वर धाम मे श्रावण मास की पहली सोमवारी पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। बाजे गाजे के साथ निकाले गए कलश यात्रा मे काफी संख्या मे महिला पुरुष शामिल रहे ।उक्त कलश यात्रा पूरा गांव भ्रमण करते हुए वापस बटेश्वर धाम पहुंचा।इस दौरान हर हर महादेव के जयघोष से सारा वातावरण गूंजता रहा ।जहा श्रद्धालुओ ने नेम नियम से फूल धतूरा बेलपत्र आदि से पूजा अर्चना की।और दूध से भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। उक्त कलश यात्रा मे पुर्व विधायक प्रकाश राम भी शामिल हुए।मौके पर उन्होंने श्रावण मास मे भगवान शिव की महिमा पर प्रकाश डाला। कहा कि श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा अर्चना करने और जलाभिषेक करने से श्रद्धालुओ की मनो वांक्षित फल की प्राप्ति होती है। मौके पर मुख्य पुजारी अलख नारायण सिंह, उपेंद्र भगत, रोशन कुमार, अजय सिंह, नंदलाल प्रसाद, बसंत सिंह, रमेश भैया, उमेश प्रसाद पंचायत समिति सदस्य, समेत काफी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।

## उपायुक्त के निर्देश पर पत्थलगड़ा प्रखंड के चिटुवा क्षेत्र में नकली शराब के खिलाफ चलाया गया छापामारी अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर उत्पाद अधीक्षक के द्वारा पत्थलगड़ा प्रखंड के चिटुवा क्षेत्र में अवैध नकली शराब बिक्री के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में उत्पाद अधीक्षक द्वारा जानकारी दी गई की जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड के चिटुवा क्षेत्र में अवैध रूप से नकली शराब का कारोबार किये जाने कि गुप्त सूचना मिली थी। इसी गुप्त सूचना के आधार पर उक्त क्षेत्र में उत्पाद अधीक्षक, अवर निरीक्षक उत्पाद एवं सशस्त्र बल द्वारा छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान चिटुवा क्षेत्र से माक्डोवेल्स नम्बर1 375द्व्य के 90 बोतल, रंगीन नकली शराब - 40 लीटर, माक्डोवेल्स नम्बर1 के कुल 1490 नकली ढक्कन, त्र्स के कुल 1640 नकली ढक्कन, कुल 722 नकली स्टीकर तथा कुल 749 नकली होलोग्राम भी उक्त स्थल से बरामद किया गया।

# सावन की पहली सोमवारी में शिव मंदिरों में उमड़ी भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** प्रखंड अंतर्गत दिन सोमवार को सावन के पवित्र महीने पर महुआडांड़ के पीपल चौक शिव मंदिर बाजार शिव मंदिर आईआरबी शिव मंदिर एवं अन्य शिव मंदिरों में भक्तों की सुबह से ही भीड़ उमड़ पड़ी थी। बताते चलें तो इस बार सावन 2 महीनों की है और सावन की महीना हिंदू धर्म में पवित्र महीना माना जाता है लोग शिव की उपासना करते हैं एवं मंदिरों में सुबह से ही लोग बेलपत्र एवं दूध से शिवलिंग में चढ़ाते हैं एवं अपनी मन्नत मानते हैं। सोमवार के दिन उपवास कर पूजा पाठ की जाती है। माना जाता है कि सावन में पूजा करने से कई समस्या दूर हो जाती है एवं मन्नते पूरी होती है।

# प्रभात मंत्र खबर का असर वन विभाग ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के सिकरी गाँव के अंतिम सिमाना पत्थलगडा चतरा रेंज में लगे वन विभाग के जमीन पर पेड़ पौधे धाराशाही कर अर्ध रात्रि को ट्रक्टर के माध्यम से जुताई के मामले में महेश प्रसाद पिता चेतो महतो नावाडीह डमौल को वन विभाग के कर्मियों ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वह विभाग के रेंजर व वन कर्मियों ने बताया है कि सभी नामजद अभियुक्तों को अविलंब गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। हालांकि महेश प्रसाद को दो कांड संख्या में जेल भेजा गया है। बता दें कि बीते दिन वन भूमि को कब्जा करने के नियत से अर्धरात्रि को चार से पांच ट्रक्टर के माध्यम से सभी नामजद अभियुक्त मिल कर वन भूमि के 40 से 50 एकड़ भूमि को जुताई कर दिया था। साथ हीं हजारों छोटे और बड़े पेड़ पौधे को नष्ट किया गया था। जिसे लेकर सिकरी गाँव के ग्रामीणों ने बवाल मचाया था। जहां प्रभात मंत्र अखबार ने प्रमुखता से खबर को प्रकाशित किया था। जिसके आलोक में यह कार्रवाई की गयी है।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय के सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से वीर शहीद पोटो खेल विकास योजना, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, भीम राव अम्बेडकर आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, आपूर्ति विभाग अन्तर्गत संचालित योजना, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा द्वारा संचालित योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना समेत अन्य संचालित योजनाओं के अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। **वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना :** वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के प्राप्त लक्ष्य के विरूद्ध किए गए कार्य की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में संबंधित पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि इस योजना हेतु जिसका भूमि चिन्हित नहीं होने के कारण कार्य लंबित है यथा शीघ्र भूमि चिन्हित करते हुए कार्य प्रारंभ करें। जहां जहां वीर शहीद पोटो हो खेल विकास पूर्ण हो चुका है वहां चेंजिंग रूम बनाना सुनिश्चित करें। **मनरेगा :** मनरेगा की समीक्षा करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि सभी कार्यों का जीयो टैगिंग हो और यह सुनिश्चित किया जाय कि जिले के प्रत्येक पंचायतों में 05 मनरेगा योजना संचालित हो। **प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण :** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से प्रखण्डवार लाभान्वित सभी लाभुकों की समीक्षा करते हुए निदेशित किया गया कि इस योजना के तहत अभी तक लंबित आवास के कार्य को पूर्ण नहीं किया गया है उसे जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। वहीं उक्त मौके पर वैसे प्रखण्ड सिमरिया, कान्हाचट्टी, हंटरगंज एवं चतरा जिनके द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना में लक्ष्य के विरूद्ध बेहतर कार्यशैली नहीं दिखाई गई है उस पर उपायुक्त ने नराजगी जताते हुए कहा कार्यशैली में सुधार लाते हुए लक्ष्य को ससमय पूर्ण करें। साथ ही निदेशित किया कि इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कर आम लोगों को जागरूक भी करें। **बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना :** बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना अन्तर्गत किए गए कार्यों की जानकारी लेते हुए आगामी शनिवार तक लक्ष्य के अनुरूप कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया। **आंगनबाड़ी केन्द्र :** आंगनबाड़ी केन्द्र के मरम्मती कार्य एवं नये आंगनबाड़ी केन्द्र की जानकारी लेते हुए उन्होने निदेश दिया कि प्राक्कलन संबंधित सभी दस्तावेजों को ससमय उपलब्ध करायेंगे। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा द्वारा संचालित स्वच्छत भारत मिशन के तहत किए जा रहे कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि ओडीएफ प्लस में जो जिले का रैकिंग है वह शोभनीय नहीं है इसमे यथाशीघ्र सुधार लाये।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/HZB/ 07/2023-24 पी0आर0 संख्या 301464 Rural Development(23-24)D में निम्न संशोधन किया जाता है:–

1. निविदा खोलने का स्थान–ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

निविदा की शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल
हजारीबाग

PR 301986 Rural Development(23-24)D

## अनुमण्डल पदाधिकारी–सह–अनुमण्डल दण्डाधिकारी का कार्यालय खूँटी
### (सामान्य शाखा)

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित करना है कि रेडक्रॉस सोसाईटी खूँटी शाखा, कार्यपालक समिति के पुनर्गठन किया जा रहा है। भारतीय रेडक्रॉस सोसाईटी खूँटी शाखा, पूर्व से ही जनहित/जनभागीदारी में जिला प्रशासन के साथ सक्रिय भूमिका निभाती आ रही है। इसकी कड़ी को बरकारार रखने के लिए जिला प्रशासन कृतसंकल्प है।

अत: भारतीय रेडक्रॉस सोसाईटी खूँटी, के कार्यपालक समिति के पुनर्गठन हेतु इच्छुक व्यक्ति सदस्यता के लिए अपना आवेदन दिनांक 31.07.2023 तक अनुमण्डल कार्यालय, खूँटी में दे सकते है। आवेदक भारतीय रेडक्रॉस सोसाईटी खूँटी का सदस्य होना अनिवार्य है।

अनुमण्डल पदाधिकारी,
खूँटी

PR 301902 District(23-24)#D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### एन0आर0ई0पी0, कोडरमा

**शुद्धि पत्र**

निविदा सूचना सं0 – 01/RE/EE/NREP/KODERMA/2022-23 आमंत्रित किया गया था। जिसका पी0 आर0 सं0 –300989 है में ग्रुप सं0 01 को अपरिहार्य कारण से संशोधित किया जाता है।
निविदा की शर्तो की निम्न कंडिकाओं का संशोधन निम्न प्रकार है :–

(2) वेबसाईट पर निविदा प्रकाशनकी तिथि 03.07.2023 के स्थान पर 12.07.2023 पढा जाय।
(3) ई निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय 07.07.2023 अपराह्न 05:00 बजे के स्थान पर 18.07.2023 अपराह्न 05:00 बजे पढा जाय।
(4) कार्यपालक अभियंता कार्यालय, एन0आर0ई0पी0, कोडरमा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की तिथि 08.07.2023 एवं समय 10:00 बजे से 05:00 बजे तक के स्थान पर 19.07.2023 एवं समय 10:00 बजे से 05:00 बजे तक पढा जाय।
(5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय 10.07.2023 अपराह्न 02:00 बजे के स्थान पर 20.07.2023 अपराह्न 02:00 बजे तक पढा जाय।

शेष शर्ते पूर्वत रहेगा।

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0ई0पी0, कोडरमा

PR 301886 NREP (23-24)_D

## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।
## सर्वसाधारण के लिए सूचना।



**नाम–वैभव अग्रवाल, उम्र–34 वर्ष, रंग–सॉवला ऊँचाई – 6 फीट, पहनावा–सफेद शर्ट एवं जिन्स पहने हुए है।**

उपरोक्त लापता पुरूश वैभव अग्रवाल, पे0–स्व0 विजय कुमार अग्रवाल, पता– कोशाम्बी इन्कलेव, 10 एल0 नवीन मिश्रा लेन लालपुर, जिला–राँची, जो दिनांक–28.04.23 को घर से बिना बताए कहीं चले गए जो आज तक अपने घर वापस नही आए जिसके संबंध में लालपुर थाना सनहा सं0–20/23, दिनांक–29.06.23 ,दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अत: सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता पुरूश कहीं मिलतें/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक,नगर राँची। –94317 06139
थाना प्रभारी, लालपुर, राँची। –94317 06159

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।

PR 301913 Police(23-24)D

## संक्षिप्त खबरें

### शिविर का किया गया आयोजन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के पैक्स कार्यालय में सोमवार को भारत सरकार मनरेगा द्वारा जॉब कार्ड धारियों को डीपीटी से पेमेंट करवाने के लिए




पोस्ट ऑफिस में खाता खुलवाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया।पोस्ट मास्टर मंतोष कुमार पाठक के द्वारा कुल 45 जॉब कार्ड धारियों के बीच खाता खोला गया।धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने बताया की जॉब कार्ड धारियों को डीपीटी से पेमेंट करवाने के लिए बरही प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायत के मनरेगा मजदूरों को इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक में कैंप मोड़ में खाता खुलवाना अनिवार्य है,इसे जल्द से जल्द खुलवा ले। मौके पर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, पंचायत सेविका प्रियंका कुमारी, प्रकाश साव,विनय कुमार, राजेंद्र प्रसाद,उर्फ राजन प्रसाद,रामजी प्रसाद, प्रदीप कुमार,समरी देवी, रिंकी कुमारी, दारा देवी,कुसुम देवी,आरती कुमारी,अर्जुन साव,राकेश राणा,प्रदीप कुमार, विकास साव,रंजीत कुमार केसरी, दुलारी देवी, सरस्वती देवी,रीतलाल साव,संदीप कुमार,अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### राज्य पेंशनर समाज अनुमंडल शाखा की बैठक

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखंड परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में झारखंड राज्य पेंशनर समाज अनुमंडल शाखा, बरही की बैठक हुई। अध्यक्षता



अनुमंडल शाखा के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद रुखरियार व संचालन सचिव तोखन प्रजापति ने किया। बैठक में झारखंड राज्य पेंशनर समाज की मजबूती व संगठन विस्तार, पेंशनर समाज के वार्षिक सम्मेलन कराने आदि कई बिंदुओं पर चर्चा किया गया। वहीं सर्वसम्मति से पेंशनर समाज के कार्यालय सचिव के पद पर देवधारी प्रजापति को मनोनीत किया गया। मौके पर एक बयान जारी करते हुए सभी बैंक अधिकारियों से अनुरोध किया गया है कि बैंक से संबंधित पेंशनरों का जो भी काम हो उसे समय पर निष्पादित करने का कष्ट करें। मौके पर नए सदस्य रामानंद प्रसाद का सभी ने स्वागत किया। बैठक में राजेंद्र प्रसाद रुखरियार, तोखन प्रजापति, रत्नेश्वर प्रसाद केशरी, देवधारी प्रजापति, मो. सत्तार अंसारी, बजरंग शर्मा, सुशील कुमार गुप्ता, सुधीर कुमार चौधरी, अखिलेश्वर सिंह, राधानाथ भगत, रामानंद प्रसाद, सहदेव सिंह, त्रिपुरारी पांडे, मुरली मनोहर प्रसाद, उपेंद्र प्रसाद, अर्जुन प्रसाद, ईश्वर रविदास, विनय कुमार सिन्हा, सिद्धया प्रसाद सिंह आदि उपस्थित हुए।

### नुक्कड़ नाटक टीम ग्रामीणों को बाजार हाट में अभियान चलाकर कर रही है जागरूक

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चौपारण,पदमा में ज़िला जनसंपर्क विभाग, हजारीबाग के तत्वावधान में गीत नाट्य प्रचार-प्रसार योजना 2023 में आमलोगों को जागरूक एवं



जनभागीदारी के लिए आमजनों की स्थानीय भाषा- बोली में नुक्कड़ नाटक कर प्रेरित किया गया जा रहा है। सोमवार को इस कडी में चौपारण प्रखंड के ब्लॉक मोड़ हाट भीड़ क्षेत्र तथा दादपुर ग्रामीण क्षेत्र में युवा विकास केंद्र चौपारण तथा विष्णुगढ़ के चलंगा मुख्य चौराहा,भेलवारा एमडी ग्रुप ऑफ थ्रेटर ह.बाग की टीम ने नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति कर आम लोगों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही, इस दौरान सरकार के द्वारा संचालित कल्याणक योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। इस क्रम सरकार की प्राथमिकता वाली मलेरिया बचाव एवं उसके रोकथाम, फलेरिया बचाव एवं उसके रोकथाम, वज्रपात, नशामुक्ति, सर्वजन पेंशन योजना,सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना, प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, हरा राशन कार्ड योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, फूलों झानो आशीर्वाद, बिरसा हरित ग्राम योजना आदि के बारे में आम लोगों को जानकारी दी गई।

### विश्वविद्यालय में पाठ्यक्रम निर्धारण का कार्य शुरू

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति 2020 के तहत 4 वर्षीय स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रम का निर्धारण का काम युद्धस्तर पर किया जा रहा है। ज्ञात हो कि झारखंड सरकार के निर्देश पर संज्ञान लेते हुए विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) अजीत कुमार सिन्हा ने सभी विषयों के पाठ्यक्रम निर्धारण का निर्देश दिया था। विश्वविद्यालय के नई शिक्षा नीति के नोडल अधिकारी डॉ इंद्रजीत कुमार सभी विभागों का दौरा कर आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं। इसी कड़ी में राजनीति विज्ञान विभाग में पाठ्यक्रम समिति की बैठक विभागीय पुस्तकालय में सोमवार को आयोजित हुई। बतौर विषय विशेषज्ञ बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. संजू कुमारी बैठक में भाग ली। अध्यक्षता डॉ. सुकल्याण मोइत्रा ने की ।

# उपायुक्त से रामगढ़ विधाय क ने की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** उपायुक्त रामगढ़ से मुलाकात कर रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने क्षेत्र के भिन्न-भिन्न समस्याओं से अवगत कराया । इन्होंने तालाब पोखर , जोरहट की प्रकृति अपरिवर्तनीय रखने के सर्वोच्च न्यायालय के न्याय आदेश के बावजूद रामगढ़ में भूमि माफियाओं के द्वारा अवैध तरीकों से षड्यंत्र के तहत रामगढ़ के धंधार पोखर , थाना चौकी स्थित तालाब, कुम्हार टोली स्थित तालाब , कैथा तालाब तथा दुलमी प्रखण्ड इचातु




स्थित सार्वजनिक तालाब को असामाजिक तत्वों के द्वारा दूषित कर अवैध कब्जा का प्रयास किया जा रहा है।

छावनी परिषद क्षेत्र में खराब सड़कों नालियों का निर्माण नहीं होने से हो रही समस्या से भी अवगत कराया गया। ललकी घाटी से मरंग मरचा पीडब्ल्यूडी पथ, कुल्ही चौक से बड़कीपोना पीडब्ल्यूडी पथ, एनएचआई द्वारा बनाए जा रहे गोला - औरमांझी फोर लेन, गोला-जैनामोड फोरलेन में रैयतो को मुआवजा मिलने में हो रही विलम्ब जिला भू - अर्जन एवं अंचल कार्यालय के द्वारा हो रहे अनियमितता से भी अवगत कराया गया। दुलमी प्रखण्ड के उरवा गांव का रजिस्टर टू गायब होने से लोगों को हो रही समस्या से अवगत कराया गया। नल जल योजना के तहत विभिन्न जलापूर्ति योजनाओं में हो रही अनियमित जलापूर्ति पर कार्रवाई नहीं होने एवम् शहरी क्षेत्र एवम् ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही पेयजल की समस्या से अवगत कराया गया। इसपर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया गया । इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आजसू पार्टी दिलीप दांगी , पूर्व उपाध्यक्ष नगर परिषद मनोज महतो , जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो , पंकज कुमार महतो रामकिसून मुंडा आदि उपस्थित थे।

## कोरोना काल में माता-पिता को खो चुके बच्चों को सांसद उपलब्ध करवा रहे राशन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सांसद हज़ारीबाग सह अध्यक्ष वित्त सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा कोरोना महामारी के दौरान उन्होंने विभिन्न माध्यमों से क्षेत्रवासियों की सुविधा व सुरक्षा हेतु साधन उपलब्ध करवाए हैं। उन्हीं के प्रयास व सहयोग से अब कोरोना काल में अपने माता-पिता या इनमें से किन्हीं एक को खो चुके बच्चों को सहायता मुहैया करवाई जा रही है। फीडिंग इंडिया व जोमाटो इसमें सीएसआर मद से सहयोग दे रहे हैं। इसमें बच्चों को एजुकेशन किट दी गई है, जिसमें ऑनलाइन शिक्षा प्राप्त करने हेतु लगभग 20 हज़ार की टैबलेट है। साथ ही बच्चों को अनएकैडमी का एक साल के निशुल्क सब्सक्रिप्शन के साथ स्टेशनरी भी दी गई है। साथ-साथ इन बच्चों को पूरे एक वर्ष तक राशन उपलब्ध करवाया जायेगा। उन्हें बेहतर पोषण मिले इसके लिए मोटा अनाज समेत बाजरे व रागी के लड्डू भी दिए जा रहे हैं।

## सावन की पहली सोमवारी को मंदिरों में उमड़ी भीड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्दी :** पवित्र माह सावन के पहले सोमवारी को गिद्दी कोयलांचल व आस- पास के ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों में अहले सुबह से ही श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए भक्त उमड़ पड़े। हर जगह जय भोले बाबा, हर-हर महादेव, ओम नमः शिवाय और त्रयम्बकम यजामहे जयकारे, मंत्र गूंजते रहे। जिससे पूरा क्षेत्र धर्ममय बना रहा। भक्तों ने भगवान शिव के प्रिय बेलपत्र, भांग, धतूरा, दूर्वा आदि सामाग्री चढाकर



पूरे भक्ति भाव से पूजा कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। साथ ही महिला श्रद्धालुओं ने सावन सोमवार का व्रत धारण किया।

पहले सोमवारी होने के कारण कोयलांचल सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों में भक्तों का तांता लगा रहा साथ ही कई शिवालयों में विभिन्न धार्मिक आयोजन भी हुए। उपमुखिया सरिता देवी ने भगवान शिव की पूजा अर्चना कर पंचायत क्षेत्र में सुख, समृद्धि व शांति की प्रार्थना की। लोगों ने कहा कि पहले सोमवारी के दिन रुद्राभिषेक करने से मनोकामनाएं जरुर पूर्ण होती है। भगवान महाकाल की पूजा, अर्चना करने से बड़े से बड़ा संकट भी टल जाता है।

## विद्यार्थियों के लिए एकाग्रता आवश्यक है : बीके विकास रंजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** ब्रह्माकुमारीज संस्थान,बी4, रोड नंबर 8 में आपका स्वास्थ्य आपके हाथ छःदिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन पतरातू के डी.ए.वी. स्कूल एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय कटिया,पतरातू में विद्यालय के बच्चों को मेमोरी और एकाग्रता की शक्ति बढ़ाने के लिए विद्यालय प्रांगण में नेशनल मेमोरी ट्रेनर बीके विकास रंजन द्वारा वक्तव्य दिया गया। स्कूल के विद्यार्थिओं के अलावा सभी शिक्षकगण को एकाग्रता की शक्ति व मेमोरी पावर बढ़ाने की कला विशेष पसंद आई।आत्मा की तीन शक्तियां मन,बुद्धि और संस्कार के द्वारा हम अपने एकाग्रता और मेमोरी पावर को कैसे बढ़ा सकते हैं। इसका प्रैक्टिकल बच्चो के ऊपर कर के दिखलाया गया। विद्यालय के सभी सदस्यों ने कहा ब्रह्माकुमारीज का ये कार्यक्रम हर महीने स्कूल में होना चाहिए । स्थानीय मुखिया ने कहा ब्रह्माकुमारीज संस्था का



आभार व्यक्त करता हूँ कि हमारे क्षेत्र पतरातू में इनके द्वारा स्वास्थ्य पर और विद्यार्थियों के लिए एकाग्रता की शक्ति बढ़ाने के लिए बहुत सुन्दर निःशुल्क कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसका लाभ सभी को अवश्य लेना चाहिए। बीके रामदेव ने ब्रह्माकुमारीज संस्था का परिचय देकर सभी से सुबह 7-9 एवं शाम 5-7 राजयोग मेडिटेशन सेवाकेंद्र में निशुल्क मेडिटेशन सीखने का आग्रह किया।

## पतरातू में 64.77 करोड़ रुपये की लागत से होगा ओवरब्रिज का निर्माण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पतरातू सहित पूरे कोयलांचल के लिए अच्छी खबर हैं। पतरातू रेलवे क्रॉसिंग के समीप रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के लिए ई-निविदा जारी कर दिया गया है। मालूम हो कि माननीय सांसद जयंत सिन्हा के अनुशंसा पर 64 करोड़ 77 लाख रुपये की लागत से पतरातू रेलवे फाटक के समीप रेलवे ओवरब्रिज निर्माण करने के लिए मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण पूर्व मध्य रेलवे महेंद्रु घाट पटना द्वारा ई-निविदा जारी कर दिया गया। यह जानकारी भाजपा जिला कार्यसमिति महेन्द्र कुमार महतो ने साझा किया है। महतो सोमवार को पतरातू रेलवे फाटक पर बनने वाले ओवरब्रिज निमार्ण का निरीक्षण करने पहुंचे थे।जंहा उन्होंने आगे बताया है कि निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि 19 जुलाई समय 15ः30 बजे है। इस रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य करने के लिए रेल मंत्रालय द्वारा 18 महीने का समय सीमा तय किया है। इसके अलावा



रेलवे ओवर ब्रिज- 5.30 मीटल स्पेन,कपोजित गर्डर + 1×48 मीटर स्पेन,बो स्ट्रिंग गर्डर- 2×20.431मीटर स्पैन,कंपोजित गर्डर1X 27.458 मीटर स्पैन, कंपोजित गर्डर + मीटर स्पैन कंपोजित गर्डर + 4×24.155 मीटर स्पेन कंपोजित गर्डर का निर्माण किया जाएगा। साथ ही मजबूती पर ध्यान रहेगा। निरीक्षण करने वालों में पंकज कुमार सिंह,अवधेश सिंह, चंदन वर्णवाल,विन्देश सिंह,बलदेव सिंह,कुन्दन प्रसाद,संजय ठाकुर, विनोद कुमार,राजीव कुमार, अभिमन्यु सिंह आदि शामिल थे।

# डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 2001 के प्रति किया गया ग्रामीणों को जागरूक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सामाजिक कुरीति निवारण योजना के तहत शुक्रवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू प्रखंड के पंचायत भवन, लइयो उत्तरी में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यशाला में उपस्थित ग्रामीणों व अन्य को सामाजिक कुरीतियों जैसे डायन प्रथा एवं इसके रोकथाम हेतु डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 2001 के संबंध में विस्तार से जानकारी देने के क्रम में उन्हें जागरूक किया गया वही कार्यशाला के दौरान ग्रामीणों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत बच्चियों को मिलने वाले लाभ, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देने के क्रम में ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित




किया है।

**क्या है डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 2001 :** डायन की पहचान यदि कोई भी व्यक्ति - जो किसी अन्य व्यक्ति को डायन के रूप में पहचान करता हो और उस पहचान के प्रति अपने किसी भी कार्य, शब्द या रीति से कोई कारवाई करे, तो इसके लिए उसे अधिकतम् तीन महीने तक कारावास की सजा अथवा एक हजार रुपये जुर्माने की सजा अथवा दोनों से दंडित किया जायेगा। प्रताड़ित करने का हर्जाना-यदि कोई भी व्यक्ति जो किसी औरत को डायन के रूप में पहचान कर उसे शारीरिक या मानसिक यातना जानबूझ कर या अन्यथा प्रताड़ित करता है, तो उसे छः माह की अवधि के लिए कारावास या सजा अथवा दो हजार रूपये तक जुर्माने अथवा दोनों सजा से दंडित किया जायेगा।

डायन की पहचान में दुष्प्रेरण - ऐसे किसी भी व्यक्ति को जो किसी औरत को डायन के रूप में पहचान करने के लिए साशय या अनवधानता से अन्य व्यक्ति को या समाज के लोगों को उकसाता हो, षडयंत्र रचता हो या उन्हें सहायता देता हो, जिससे उस औरत को हानि पहुँचे, तो तीन महीने तक का कारावास अथवा एक हजार रूपये के जुर्माने अथवा दोनों सजा से दंडित किया जायेगा ।

डायन का उपचार- किसी भी डायन के रूप में पहचान की गई औरत को जो भी शारीरिक या मानसिक हानि या यातना पहुँचाकर अथवा प्रताड़ित कर %झाड़फुंक% या फिर %टोटका% द्वारा उराके उपचार के लिए कोई कार्य करता है, तो उसे एक साल की कारावास का सजा अथवा दो हजार रूपये तक के जुर्माने अथवा दोनों सजा से दंडित किया जायेगा।विचारण की प्रक्रिया-इस अधिनियम के सभी अपराध संज्ञेय एवं गैर जमानती

### स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए बीएड कॉलेज में प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में दीनमठ सारथी ट्रस्ट के तत्वावधान में प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन कर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुनील कुमार चतुर्वेदी,सहायक प्राध्यापक स्वर्णा मिश्रा,बबली कुमारी,ओमकार नाथ शर्मा,संजय चौरसिया,अशोक झा,शशि भूषण देव,वीरेन्द्र देव,सरोज श्रीवास्तव,प्रवीण जायसवाल,जयपाल राणा,जितेंद्र प्र0 मेहता, डॉ0 सतीश चंद यादव,सीमा कुमारी,धीरेन्द्र कु0 मिश्रा, संतोष कुमार,धर्मनाथ महतो,विनोद कु0 महतो,सौरभ सुमन,प्रकाश कुमार,दीनमठ सारथी ट्रस्ट के महेन्द्र प्र. महतो उर्फ माही पटेल, दीपक तिवारी, रंजय पाण्डेय, ओम कुमार तथा महाविद्यालय के सभी सत्रों के प्रशिक्षु शिक्षक शामिल हुए।

### संजय मेहता ने नितिन गड़करी को लिखा पत्र

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** संजय मेहता ने नितिन गड़करी को पत्र लिखा है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय दिल्ली को लिखे हुए पत्र में उन्होंने रोमी पदमा में हुए दुर्घटना में मृतकों के आश्रितों को 50- 50 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की है। साथ ही उन्होंने पत्र में लिखा है कि कुआँ को खुला छोड़ देना सड़क निर्माता कंपनी रामकी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की लापरवाही को दर्शाता है।पत्र में उन्होंने एनएचएआई के लापरवाही के प्रति निराशा व्यक्त की है।पत्र में मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने के साथ नौकरी की भी मांग की गई है।

### मिलते इस्लामिया मरकज बरकाकाना एरिया कमेटी की बैठक संपन्न

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मिलते इस्लामिया मरकज बरकाकाना एरिया कमेटी की बैठक मदरसा मदीनतुल उलूम घुटुवा में संपन्न हुई। बैठक की सदारत मरकज के सदर हाजी ताहिर हुसैन ने की और संचालन सचिव प्रो शाहनवाज खान ने किया। बैठक की शुरूआत कुरान पाक की तिलावत से की गई। बैठक में एक अहम निर्णय यह लिया गया कि इलाके के मुहर्रम की जुलूस में साधारण साउंड सिस्टम इस्तेमाल में लाया जाएगा और सभी अखाड़े की जुलूस वक्त की पाबंदी करते हुवे 4ः45 बजे तक थाना चौक, नया नगर बरकाकाना (घुटुवा) पहुंचेगी। जहां प्रत्येक वर्ष की तरह पारंपरिक अस्त्र शस्त्र मुकाबला होगा। अस्त्र शस्त्र मुकाबला में बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीम के अलावा बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को भी पुरस्कृत किया जाएगा। उसके अलावा वक्त की पाबंदी सहित अनुशासन का पालन करने वाले अखाड़े को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। थाना चौक में फर्स्ट एड और पेयजल का समुचित व्यवस्था किया जाएगा। नगर परिषद से मांग की जाएगी की थाना चौक सहित आस पास सफाई और लाइट का प्रबंध की जाए। एरिया कमिटी के कार्यो को अच्छी तरह से अंजाम देने की गर्ज से नए सदस्यों की संख्या बढ़ाई गई। जिनमें पीरी से जलील अंसारी, नसीम अंसारी, मो फिरोज, बरकाकाना से दुर्वेज आलम, वारिस अहमद, विक्की खान, दुर्गी से सालेहात अंसारी, मो रफीक, मो रिजवान, गुलाम रब्बानी, मो सलीम, सहमत अंसारी, मो जकाऊल्लाह, मो तनवीर मसमोहना से तफज्जुल अंसारी, एजाजुल अंसारी, घुटुवा से मंजूर अंसारी, रियासत हुसैन, गुलाम रब्बानी, तय्यब अंसारी, केल्हुवा पतरा से मो साबिर अंसारी, आबिद अंसारी, हजरत अंसारी को कार्यकारिणी में शामिल किया गया। बैठक में मुख्य रूप से नसीम अख्तर, क्यामुद्दीन अंसारी, आजाद अंसारी, हयात अहमद, दिलदार हुसैन, मो रुस्तम, तफसीर अहमद, फखरुद्दीन शाह, तैयब अंसारी, आशिक अंसारी, मो वसीम अंसारी, मुस्लिम अंसारी, मो जिबरईल, सद्दाम हुसैन, तैयब अंसारी, राजा खान, शाहनवाज इराकी, शाहरुख अहमद, तनवीर अहमद, नौसाद आलम आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# पूर्व सांसद सालखान मुर्मू के स्वागत की तैयारी, सेंगेल ने की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अन्तर्गत गोविन्दपुर पंचायत के मसरीतरी गाँव मे जिलाध्यक्ष बाहाराम हांसदा की अध्यक्षता मे बैठक किया गया द्य बोकारो जोनल हेड आनंद टुडू ने बताया कि 2023 मे सरना धर्म कोड लेना होगा आठवी अनुसूची मे शामिल संथाली भाषा को झारखण्ड मे प्रथम राज भाषा का दर्जा अबिलम्ब देना होगा द्य मरांग बुरू को जैनों को लिखित रूप से हेमंत सोरेन की सरकार ने 5 जनवरी 2023को लिखित रूप से दे दिया है द्य अबिलम्ब वापस करना होगा। जिलाध्यक्ष बाहाराम हांसदा ने भी बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज आदिवासी की स्थिति बाद से बदतर है,और आदिवासी अंधविश्वास नशापन अशिक्षा से ग्रसित है, जितने भी आज तक आदिवासी कुपोषण का शिकार हुए है तो सारे जिम्मेवारी झामुमो और आदिवासी नेता ही जिम्मेवार है। जबकि ये सारे नेता आदिवासी की रिजर्व सीट से साँसद,विधायक लड़कर जीतते है,और आदिवासी की विकास और हित की बात नहीं करते है द्य एकमात्र आदिवासी नेता पूर्व सांसद सालखान




मुर्मू है,जो आदिवासी हित की बात करते है और सात राज्यो मे आदिवासी सेंगेल अभियान संगठन चलाते है और आदिवासी को जागरूक करने का कार्य करते है।इसीलिए लोगो को अधिक संख्या मे सालखान मुर्मू की आगमन पर शामिल होने का कहा गया द्य साथ ही प्रखंड कमिटी सरना धर्म माड़वा अध्यक्ष सोहन हेमब्रोम को चयनित किया गया द्य जिसमे मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष बाहाराम हांसदा,बोकारो जोनल हेड आनन्द टुडू,बिनोद मरांडी,सुरेन्द्र मुर्मू,मोतीलाल हांसदा,राजेन्द्र हेमब्रोम के साथ काफ़ी संख्या मे ग्रामीणों की उपस्थिति थी ।

# विधायक अंबा प्रसाद ने वृद्धा एवं अनाथ आश्रम कर्णपुरा क्षेत्र बड़कागांव का शिलान्यास किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** विधायक अंबा प्रसाद द्वारा महुदी पहाड़ बुढ़वा महादेव मेला प्रांगण में बुढ़वा महादेव शांति सह विकास समिति के नेतृत्व में बुढ़वा महादेव वृद्धा एवं अनाथ आश्रम कर्णपुरा क्षेत्र बड़कागांव का नारियल फोड़ व भूमि पूजन कर शिलान्यास किया गया। इस वृद्धा एवं अनाथ आश्रम के लिए विधायक द्वारा 5 लाख की राशि देने की घोषणा करते हुए तत्काल 2 लाख राशि का अनुशंसा पत्र बुढ़वा महादेव शांति सह विकास समिति को सौंपा गया। इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि भगवान ना करे कि किसी को इस क्षेत्र में अपने घर परिवार एवं बेटा-पुतो को छोड़कर वृद्धा आश्रम एवं अनाथ आश्रम जाना पड़े। बावजूद वर्तमान परिस्थिति में बढ़ते परिवारिक कलह के कारण भविष्य का कहना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि यह नेक काम जिसने भी सोचा है यह बहुत ही सराहनीय कदम है। इस नेक कार्य के लिए मैं राशि देने के लिए प्रेरित हुई। उक्त आश्रम निर्माण के लिए बुढ़वा महादेव शांति समिति सह विकास समिति के अध्यक्ष दामोदर प्रसाद मेहता एवं सदस्य गुरुचट्टी निवासी रामचंद्र महतो द्वारा भूमि दान देने की घोषणा की है। अध्यक्ष दामोदर प्रसाद मेहता ने



कहा कि उक्त वृद्धा सह अनाथ आश्रम दो मंजिला बहुत जल्द ही तैयार हो जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से चंदा देकर सहयोग करने की अपील की है। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, प्रशासनिक प्रतिनिधि सुरेश महतो, केरेडारी विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, दामोदर प्रसाद मेहता, सुभाष सिंह, सुबोध जयसवाल, रामचंद्र महतो, अनिल प्रसाद दांगी, सुरेंद्र कुमार, प्रवीण कुमार, विगल किशोर महतो, सच्चिदानंद पांडे, सत्यजीत, सुनील कुमार, प्रेमचंद कुमार, देवेंद्र जायसवाल, संजय कुमार, केदार महतो, प्रेमनाथ कुमार, प्रदीप महतो, जय शंकर मेहता, मिथिलेश कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## देशभर में एक साल के अंदर शॉप्सी ऐप के डाउनलोड हुए दोगुने, आंकड़ा 200 मिलियन दर्ज

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत में सबसे तेजी से बढ़ रहा हाइपर वैल्यू प्लेटफार्म शॉप्सी देश के टियर 2 एवं टियर 3 प्लस क्षेत्रों में 200 मिलियन से अधिक ऐप डाउनलोड दर्ज होने का जश्न मना रहा है। इससे पहले, हाल में शॉप्सी ने अपनी दूसरी वर्षगांठ के सिलसिले में, प्लेटफार्म पर मैगा एनीवर्सटी सेल भी घोषित की थी। सेल के दौरान, प्लेटफार्म पर बिकने वाली उपभोक्ता वस्तुओं में 2 गुना वृद्धि दर्ज हुई जिनमें साड़ियां, पुरुषों की टी-शर्ट्स और कुर्तियां सबसे आगे रहीं। किफायत और मूल्यों को लेकर सजग ग्राहकों ने पिछले दो वर्षो में शॉप्सी पर लगातार मांग बढ़ायी है, इनमें 60त्र से अधिक ग्राहक देश के टियर 3 मार्केट्स से आते है। शॉप्सी के प्रमुख कपिल थिरानी ने कहा,शॉप्सी में हम भारतीयों को किफायती कीमतों पर, मात्र एक बटन दबाने भर से सैंकड़ों किस्मों के उत्पादों को उपलब्ध होने का शानदार अनुभव दिलाते हुए सशक्त बनाना चाहते हैं। शॉप्सी देशभर में ग्राहकों की पहुंच आसान बनाने पर ध्यान दे रहा है और साथ ही, ग्राहकों को तरह-तरह के विकल्पों में से मनपसंद का चुनाव करने की आजादी भी दे रही है।शॉप्सी विक्रेता और के संस के प्रॉपरायटर सनी सिधवानी का कहना है, मेरा प्रमुख पोर्टफोलियो एथनिक प्रोडक्ट्स का है और मैंने अपने कारोबार को अन्य सभी ऑनलाइन प्लेटफार्मो से हटाकर शॉप्सी पर शिफ्ट कर लिया है क्योंकि इस पर न सिर्फ कारोबार करने की लागत सबसे कम है बल्कि यहां सबसे बेहतरीन मार्केट सपोर्ट भी मिलता है। शॉप्सी से जुड़ने के बाद, मैंने इसकी टीम से मिले इनपुट और फीडबैक के आधार पर 50 से अधिक अनूठे डिजाइनों को लॉन्च किया है। पिछले 10 महीनों में, मेरे कारोबार में 10 गुना बढ़त हुई है, और शॉप्सी पर दो दिवसीय मैगा एनीवर्सटी सेल ने इसमें अहम् योगदान किया है।

## प्रधानमंत्री सुक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना को लेकर बचरा मे कार्यशाला का आयोजन

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत सचिवालय में सोमवार को प्रधानमंत्री सुक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।जिसमें उद्योगों की



स्थापना के लिए लोन लेने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला उधमी समन्वयक मुख्यमंत्री लधु एंव कुटीर उधम चतरा के हेमन्त केशरी और विशिष्ट अतिथि मे प्रखंड उधमी समन्वयक सत्येंद्र कुमार यादव,पंजाब नेशनल बैंक शाखा बचरा के शाखा प्रबंधक अरविंद कुमार बैंक ऑफ इंडिया के नीरज कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।मुखिया रीना देवी ने बताया कि पंचायत के महिला और पुरुषों को रोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य इस कार्यशाला का आयोजन चतरा जिला के द्वारा किया जा रहा है।योजना के माध्यम से लाभुक कम ब्याज दर पर लोन लेकर योजना के तहत अपना कोई भी काम शुरु कर सकते है।वही जिला एवं प्रखंड समन्वयक द्वारा लोन लेने और इसके महत्वपूर्ण उद्देश्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी।कार्यक्रम में मुखिया रीना देवी,वार्ड सदस्य किरण देवी,अभिमन्यु प्रसाद, प्रियंका देवी,जेपी महाराज, सरिता देवी,रीमा देवी,मीना देवी,डोली कुमारी,सोनी कुमारी,प्रतिमा देवी,गीता देवी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## सन क्लब के नेतृत्व में श्रद्धालुओं का जत्था बाबाधाम के लिए हुआ रवाना

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बाजारटांड़ से श्रद्धालुओं का जत्था सोमवार को बाबाधाम के लिए रवाना हुआ।सन क्लब बचरा बाजारटांड़ के करीब एक दर्जन श्रद्धालु भक्त इसमें शामिल थे।बाबाधाम



जाने से पूर्व सभी श्रद्धालु भक्तों ने बचरा बाजारटांड़ स्थित राम जानकी मंदिर और हनुमान मंदिर में जाकर विधिवत रूप से पूजा अर्चना किया।इस संबंध में श्रद्धालु भक्तो ने बताया कि सावन माह के अवसर पर प्रत्येक वर्ष सन क्लब बचरा बाजारटांड़ से श्रद्धालुओं का जत्था बाबाधाम जाते हैं। श्रद्धालुओं ने बताया कि वहां पर जलाभिषेक के बाद क्षेत्र और राज्य की अमन-चैन और खुशहाली के लिए प्रार्थना की जाएगी।इस दौरान बोलबम के जयकारे के साथ सभी श्रद्धालु एक साथ रवाना हुए।बाबाधाम जाने वालों में संजय सोनी,प्रवीण सिंह,अमित सिंह,विक्रान्त सिंह,बबलु सोनी,प्रितम गुप्ता,रविन्द्र और दीपक सहित अन्य श्रद्धालुओ का नाम शामिल है।

## बचरा में 2 सितंबर से आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महायज्ञ का होगा आयोजन

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर मैदान में 2 सितंबर से लेकर 9 सितंबर तक आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महायज्ञ का आयोजन होगा।यज्ञ के आयोजन को



लेकर सोमवार को बचरा स्थित सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर में क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ श्रद्धालुओं की एक बैठक हुई।बैठक में यज्ञ के सफल आयोजन को लेकर चंदा के माध्यम से कोष बनाने में आयोजन समिति का गठन किया गया।जिसमे अध्यक्ष सुनील कुमार,सचिव रविन्द्रनाथ सिंह और कोषाध्यक्ष को आशीष कुमार दुबे को बनाया गया।वही विजय प्रसाद सहायक कोषाध्यक्ष,गुंजन सिंह को महिला संयोजक,मंटू यादव को उपाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में संजय कुमार चौबे, रवीन्द्रनाथ सिंह,मुकेश राणा धीरेन्द्र कुमार शर्मा, शिवमंगल गिरि, तुलसी व्यास,संतोष गिरि, चुन्नू सिंह, शिवनाथ राम, प्रदीप कुमार, उज्जवल गोस्वामी, प्रवीण कुमार दराद, गांधी साहू, मुंशी राम महतो, आशीष दुबे, गुंजन सिंह, पिंकी सिंह, रामप्रवेश सिंह, मनीष कुमार सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।


### पूर्व मध्य रेल

**ई-निविदा सूचना**

**गति शक्ति पूर्व मध्य रेलवे (धनबाद मंडल) धनबाद, दिनांक – 06.07.2023**

**ई–निविदा सं.:** 22-GS-DHN-2023-24, **क्र. सं.:** 1. **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चोपन, रेनुकूट और नगरउंटारी स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया के ट्रैफिक सर्कुलेशन में सुधार एवं सौंदर्यीकरण के कार्य फ्रंट फसाड एवं अलिवेसन में सुधार तथा प्रवेश पोर्च का प्रावधान, 09 (नौ) महीने, **कार्य की लगभग लागत (रू. में):** ₹ 18,09,71,815.81, **बयाने की राशि (रू. में):** बयाने की राशि (रू. में) http:// www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू, **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय:** ई–निविदा बंद होने की तारीख 31.07.2023 को 17:00 बजे तक, ई–निविदा खुलने की तारीख 01.08.2023 को 12:00 बजे से, **वेबसाईट का विवरण :** http:// www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी। **नोट:** (i) हिन्दी और अंग्रेजी भाषा में सूचना में अंतर होने पर अंग्रेजी भाषा में सूचना ही मान्य होगी। (ii) प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा की जारी होने की कोई भी परिवर्तन और शुद्धि पत्र की ओर ध्यान देने के लिए निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट http:// www.ireps.gov.in अवलोकन करें।

मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/0703/डीएचएनजीएस/डीएनआरजीएस/टी/23–24/40


# खलारी में 22 को श्रावणी मेला का भव्य उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** केडी के नेहरू स्टेडियम में आगामी 22 जुलाई को श्रावणी मेला सह मीना बाजार का भव्य उद्घाटन किया जाएगा. इसे लेकर केडी नेहरू भवन में आयोजन समिति की बैठक हुई. अध्यक्षता धनेश साव ने किया. बैठक में उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से मेला के सफल संचालन हेतु राजनसिंह राजा को संयोजक चुना. उन्हीं के नेतृत्व में मेला कोर कमेटी, मेला संचालन समिति व पार्किंग संचालन समिति आदि के गठन करने का निर्णय लिया गया. तय हुआ कि कोर कमेटी में सभी वरिष्ठ लोगों को रखा जाएगा, जिनकी संख्या लगभग पचास होगी. मेला संचालन समिति में लगभग सौ स्वयंसेवक रहेंगे. पार्किंग की व्यवस्था को चार भागों में बांटा जाएगा, जिसमें लगभग सौ की संख्या में वालेंटियर रहेंगे. बैठक का संचालन राजशेखर सिंह ने किया. बैठक में केडी, चानक धौड़ा, प्रगति नगर, नया धौड़ा, एसीसी कालोनी, साईनगर, महावीर मंडल, श्रावणी मेला समिति, बजरंग दल, गणेश पूजा समिति, सेंट्रल मुहर्रम समिति, छठ पूजा समिति, शिव मंदिर विकास समिति, जानकी मंदिर समिति, व्यवसायिक संघ व राजनीतिक संगठन के प्रतिनिधियों से राजेशसिंह मिंटू, तनवीर आलम, बिट्टु सिंह, पंचायत समिति सदस्य धीरज बहादुर, नारद राम, इम्तियाज अंसारी, तेजनारायण सिंह, विक्की सिंह, प्रदीप प्रमाणिक, रमेश चौहान, कुमुद रंजन, राजेन्द्र प्रसाद, प्रदीप टोप्पो, मोनू सिंह, बाबू खान, पप्पू खां, इकबाल अंसारी, पवनराज सिंह, अजय गुप्ता, मुकेश ऋषि, सोनू निषाद, राजा केशरी, मनोज यादव, गुड्डू सिंह, प्रमोद ठाकुर, गंगा बैठा, मंटू वर्मा, छोटू सिंह, सागर राम, सुनील रावत, मदन भुइंया, डम्पू सिंह, छोटू पांडेय, मोंटी, बिजु रजक, प्रिंस भुइंया, सुनील गंझू, अख्तर अंसारी, सोनू सिंह, मयंक सिंह, राहुल ठाकुर, विजय



तुरी, सूरज राम, गौतम केशरी, अजय केशरी, इजाज अंसारी, डा एस प्रसाद, सुनील प्रसाद, नितेश तिवारी, अमित लोहरा, प्रखंड संयोजक, अंशु सिंह, दीपक वर्मा, वेद शर्मा, सन्नी सिंह, दीपक लोहरा आदि उपस्थित थे।

**उद्घाटन में किए जाएंगे आमंत्रित**

तय हुआ कि मेला उद्घाटन में प्रखंड के सभी मुखिया, पं समिति सदस्य, दोनों जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख, विभिन्न राजनीतिक संगठनों के नेतागण, ट्रेड यूनियन के नेता, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि, पुलिस प्रशासन, सीसीएल प्रबंधन व आसपास के ग्रामीणों को आमंत्रित कर धूमधाम से मेला का उद्घाटन किया जाएगा।

**माता बहनों को सुरक्षा देगा बजरंग दल**

बैठक में उपस्थित बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस मेला को सुचारू ढंग से चलाने में बजरंग दल परिवार हर तरह से मुस्तैद रहेगा.कहा कि मेला में बाहर से दुकानदार आते हैं. मेला देखने माता बहनें आती हैं. उनकी सुरक्षा के लिए कार्यकर्ता मुस्तैद रहेंगे. ठेला खोमचा वाले दुकानदारों को परेशान करने वाले असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर प्रशासन को सौंपा जाएगा।

## किसानो के बीच धान और मक्का बीज का हुआ वितरण

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत जयनगर पंचायत सचिवालय में क्षेत्र के किसानों के बीच धान मकई मूंग एवं सब्जी बीज वितरण किया गया । यह बीज वितरण कोयलांचल फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड एवं सर्व उज्जवल भविष्य स्वरोजगार रेखा संस्थान के तत्वधान में किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि जिला पार्षद सदस्य राजाराम प्रजापति विशिष्ट अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ संतोष कुमार मृदा वैज्ञानिक डॉ प्रीति सिंह कोयलांचल फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के चेयरमैन तुलसी विश्वकर्मा निदेशक कविता देवी रवि कुमार पंचायत मुखिया हीरा देवी एवं पंचायत समिति



सदस्य वार्ड सदस्य वीएलसी द्वारा किसानों के बीच बीज वितरण किया गया। बीज वितरण के पूर्व किसानों से एक सौ पचास रुपया रजिस्ट्रेशन के रूप में लिया गया ढ्ढ साथ ही अच्छी फसल हो उसकी जानकारी दी गई। वहीं भारतीय अनुसंधान गोरिया करमा के वरिष्ठ वैज्ञानिक संतोष कुमार के माध्यम से आदिवासी किसानों को निश्शुल्क बीज वितरण किया गया।

# सावन की पहली सोमवारी पर कोयलांचल के शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के इलाको के शिवालयो मे सावन की पहली सोमवारी पर श्रद्धालु भक्तो की काफी भीड़ देखी गई।श्रद्धालु भक्त अहले सुबह से ही मन्दिर जाकर पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया।जानकारी के अनुरसार प्रथम सोमवारी की सुबह से ही भक्तो की भीड़ मन्दिरो मे उमड़ने लगी।श्रध्दालु मन्दिर जाकर विधिवत पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया।बचरा चार नम्बर चौक स्थित जय बाबा सिद्धश्वर नाथ शिव मन्दिर मे दिन भर भक्तो की भीड़ लगी रही।सावन माह को लेकर मन्दिर कमेटी द्वारा पुरे मन्दिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया।वही शाम को मन्दिर कमेटी द्वारा महाप्रसाद का भी वितरण किया गया। बचरा शिव मंदिर के पुजारी शिवनंदन पांडे ने बताया कि इस वर्ष सावन माह में आठ सोमवारी पड़ रहा है। आज



पहली सोमवारी पर भक्तों की भारी भीड़ देखी गई।इस दौरान भगवान भोलेनाथ के जयकारे से पूरा इलाका गूंज उठा।पिपरवार क्षेत्र के बचरा, राय,चुरी,बमने,पुरानीराय, डुण्डू,बचराबस्ती,होशिर,कारो,किचटो,बेंती,बिलारी,बहेरा, कल्याणपूर,हफुआ सहित अन्य इलाको के शिवालयो मे भक्तो की भीड़ देखी गई। इधर सावन की पहली सोमवारी को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम देखा गया।


### कार्यालय झुमरी तिलैया नगर परिषद

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना सं0– **1057/2023-24,** दिनांक– 08.07.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झुमरी तिलैया नगर परिषद क्षेत्र के अन्तर्गत निम्नांकित चापाकल मरम्मत सामग्री हेतु अच्छी गुणवत्ता एवं ISI मार्का/BIS निबंधित वाले सामान नगर परिषद में पहूँचाकर सभी दर सहित प्रति नग आपूर्तिकर्ता/अधिकृत विक्रेता/निर्माणकर्ता से दिनांक 20.07.2023 को 3:00 बजे अपराह्न तक दर आमंत्रित किया जाता है। प्राप्त दर को उसी दिन अपराह्न 4:00 बजे Procurement Committee के समक्ष खोला जायगा। प्राप्त प्रस्ताव के साथ दर की स्वीकृति नगर परिषद में गठित Procurement Committee के द्वारा दिया जायेगा। तदोपरान्त आपूर्ति आदेश निर्गत किया जा सकता है। बिना कारण बताए प्राप्त कोटेशन/दर को रद्द करने अथवा स्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा। आपूर्ति आदेश निर्गत होने के 15 दिनों के अंदर सामान की आपूर्ति सही से सफाई विभाग में करते हुए दो प्रति के साथ विपत्र प्रस्तुत करना होगा। आवंटन उपलब्धता के आधार पर विपत्र का भुगतान किया जायगा। न्यायिक प्रक्रिया कोडरमा न्यायालय में मान्य होगा। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायगी। निविदा के साथ GST निबंधन प्रमाण पत्र, GST Clearance प्रमाण पत्र, अद्यतन आयकर प्रमाण पत्र (वित्तीय वर्ष– 2023–24), पैन कार्ड इत्यादि का स्व–अभिप्रमाणित प्रति जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा शूल्क के रूप में 5000.00 रू0 एवं जमानत की राशि के रूप में 11103.00 रू0 के राशि का डिमांड ड्राफ्ट जमा करना होगा, जो कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद झुमरी तिलैया के नाम से देय होगा।

| S.No. | Name of material | Quantity (in pc) | unit | Rate | Amount | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GI Pipe 32mm 3 mtr. Long | 150 | Each | 825.00 | 123750.00 | SOR |
| 2 | Chain with Coupling | 200 | Each | 246.84 | 49368.00 | SOR |
| 3 | Cylinder Assembly Complete Set for Mark II | 75 | Each | 2279.55 | 170966.25 | SOR |
| 4 | Washer mark-II rubber | 500 | Each | 6.50 | 3250.00 | SOR |
| 5 | GI Pipe socket 32mm | 75 | Each | 75.00 | 5625.00 | SOR |
| 6 | Nyloc Nut M 10 x 1.5(chain Nut) + Volt | 500 | Each | 7.15 | 3575.00 | SOR |
| 7 | Hexagonal (high Tensible) Bolt 10 mm(chain Bolt) | 100 | Each | 4.15 | 415.00 | SOR |
| 8 | Connecting Rod 3 mtr long with coupling and nut | 30 | Each | 298.20 | 8946.00 | SOR |
| 9 | Check valve washer | 100 | Each | 6.05 | 605.00 | SOR |
| 10 | Ball bearing(62042) | 150 | Each | 224.40 | 33660.00 | SOR |
| 11 | 3 Hexagonal Bolt M12 x 1.75 x 40 mm long( Body Bolt) | 500 | Each | 7.15 | 3575.00 | SOR |
| 12 | Hexagonal Nut M12 x 1.75 (Body Nut) | 500 | Each | 3.85 | 1925.00 | SOR |
| 13 | Bucket 25 mm pipe | 150 | Each | 23.55 | 3532.50 | SOR |
| 14 | Barrel (Stand Assemble) | 5 | Each | 2197.40 | 10987.00 | SOR |
| 15 | Third Plate for Head assembly | 50 | Each | 357.00 | 17850.00 | SOR |
| 16 | Handle bar (Handle Axle) | 50 | Each | 227.70 | 11385.00 | SOR |
| 17 | Water Chamber /Tank | 50 | Each | 1429.95 | 71497.50 | SOR |
| 18 | Chain Nut and Volt | 200 | Each | 20.00 | 4000.00 | Market Rate |
| 19 | Black Ring | 500 | Each | 40.00 | 20000.00 | Market Rate |
| 20 | Washer for handle axis | 500 | Each | 5.50 | 2750.00 | SOR |
| 21 | Rod Socket | 500 | Each | 15.00 | 7500.00 | Market Rate |
| | **Total** | | | | **555162.25** | |

Rate Quoted by Supplier/Tenderer

1. As per Approved Rate
2. ………………………….. (In word ………………………….. Percent) above approved rate.
3. ………………………….. (In word ………………………….. Percent) below approved rate.

**Tenderer Signature**

ह0/–
प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद

PR.NO.301975 Urban Development(23-24):D



### कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड (उद्यान प्रभाग)
### कार्यालय - जिला उद्यान पदाधिकारी, गढ़वा
### (संयुक्त कृषि भवन, गढ़वा)

**आवेदन आमंत्रण सूचना**

विभागीय राज्यादेश संख्या 16, दिनांक 05.06.2023 द्वारा स्वीकृत राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में "राज्य बागवानी मिशन गैर कार्यान्वित जिलों में योजना" के तहत गढ़वा जिला के सभी कृषक भाइयों को सूचित किया जाता है कि जिला में निम्नांकित रूप से योजना के विभिन्न कार्य अवयवों का कार्यान्वन किया जाना है। जिसके लिए योजनानुसार अवयववार सरकार द्वारा 50 प्रतिशत एवं अन्य अनुदान देय होगी। उक्त कार्य अवयवों हेतु आवेदन आमंत्रण इच्छुक कृषकों से किया जाता है।

योजना का प्रारूप निम्नवतः है :–

| क्र.सं. | कार्य विवरणी | इकाई/हे0 की लागत | अनुदान की दर (MIDH के नियमानुसार) | भौतिक लक्ष्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नये फल बाग का क्षेत्र विस्तार (Fruit Crops other than cost intensive crops using normal spacing without Integration) | | | |
| (i) | आम (10mx10m) | Rs.25500/Hac. | कृषकों के क्षेत्र में का 50% मात्र का (60:20:20) के अनुपात में प्रथम वर्ष पौध रोपण कार्य हेतु 60% देय है जो अधिकतम 1 हे. प्रति लाभुक लाभ दिया जायेगा। | 100 हे0 |
| (ii) | नींबू (4mx4.5m) | Rs.54980/Hac. | कृषको के क्षेत्र में का 50% मात्र का (60:20:20) के अनुपात में प्रथम वर्ष पौध रोपण कार्य हेतु 60% देय है जो अधिकतम 1 हे. प्रति लाभुक लाभ दिया जायेगा। | 7 हे0 |
| (III) | लीची (10mx10m) | Rs.28000/Hac. | कृषको के क्षेत्र में का 50% मात्र का (60:20:20) के अनुपात में प्रथम वर्ष पौध रोपण कार्य हेतु 60% देय है जो अधिकतम 1 हे. प्रति लाभुक लाभ दिया जायेगा। | 4.5 हे0 |
| (iV) | बैर (5mx5m) | Rs.38000/Hac. | कृषको के क्षेत्र में का 50% मात्र का (60:20:20) के अनुपात में प्रथम वर्ष पौध रोपण कार्य हेतु 60% देय है जो अधिकतम 1 हे. प्रति लाभुक लाभ दिया जायेगा। | 7 हे0 |
| (V) | आंवला (6mx6m) | Rs.40008/Hac. | कृषको के क्षेत्र में का 50% मात्र का (60:20:20) के अनुपात में प्रथम वर्ष पौध रोपण कार्य हेतु 60% देय है जो अधिकतम 1 हे. प्रति लाभुक लाभ दिया जायेगा। | 13.5 हे0 |
| (vi) | बेल (10mx10m) | Rs.48400/Hac. | कृषको के क्षेत्र में का 50% मात्र का (60:20:20) के अनुपात में प्रथम वर्ष पौध रोपण कार्य हेतु 60% देय है जो अधिकतम 1 हे. प्रति लाभुक लाभ दिया जायेगा। | 8 हे0 |
| (vii) | अमरूद (6mx6m) | Rs.38340/Hac. | कृषको के क्षेत्र में का 50% मात्र का (60:20:20) के अनुपात में प्रथम वर्ष पौध रोपण कार्य हेतु 60% देय है जो अधिकतम 1 हे. प्रति लाभुक लाभ दिया जायेगा। | 28 हे0 |
| (viii) | सपोटा (5mx5m) | Rs.45400/Hac. | कृषको के क्षेत्र में का 50% मात्र का (60:20:20) के अनुपात में प्रथम वर्ष पौध रोपण कार्य हेतु 60% देय है जो अधिकतम 1 हे. प्रति लाभुक लाभ दिया जायेगा। | 7 हे0 |
| 2 | नये बाग का क्षेत्र विस्तार (Establishment of New Gardens/Area expansion) | | | |
| (i) | ड्रेगन फ्रुट की खेती (टपक सिंचाई और आच्छादन समेत समेकित पैकेज) | Rs.4.00 lakh/Hac. | ड्रेगन फ्रुट टपक सिंचाई और आच्छादन सहित समेकित पैकेज कुल लागत का 40% (अधिकतम 1 हे0/कृषक) | 3.5 हे0 |
| (ii) | स्ट्राबेरी की उन्नत खेती (Strawberry Integrated package with drip irrigation and mulching) | Rs 2.80 lakh /Hac. | पौध सामग्री, खेत की तैयारी, रोपाई, खरपतवार नियंत्रण एवं निकाई–गुड़ाई, पौधा संरक्षण, गोबर खाद, केंचुआ खाद, रासायनिक खाद एवं टपक सिंचाई तथा प्लास्टिक मल्चिंग हेतु कुल लागत का अधिकतम 40% विभागीय अनुदान का लाभ दिया जायेगा। | 18 हे0 |
| (III) | अनानास (रसीला) की खेती (Pineapple Integrated package with drip irrigation) | Rs 3.00 lakh /Hac. | पौध सामग्री, खेत की तैयारी, रोपाई, खरपतवार नियंत्रण एवं निकाई–गुड़ाई, पौधा संरक्षण, गोबर खाद, केंचुआ खाद, रासायनिक खाद एवं टपक सिंचाई हेतु कुल लागत का अधिकतम 40% विभागीय अनुदान का लाभ दिया जायेगा। | 5 हे0 |
| (iV) | पपीता पौध रोपण (Papaya Integrated package with drip irrigation) | Rs 2.00 lakh /Hac. | पौध सामग्री, आई0एन0एम0/आई0पी0एम0 सामग्री, एवं टपक सिंचाई सहित कुल लागत का अधिकतम 40% विभागीय अनुदान का लाभ दिया जायेगा। | 10 हे0 |
| 3 | फूलों की खेती (Flowers Cultivation) | | | |
| (i) | कट्ट फ्लावर फूलों की खेती | Rs 1.00 lakh /Hac. | कुल लागत का 40% (अधिकतम 4 हे0/कृषक) | 18 हे0 |
| (ii) | बलबस फूल की खेती | Rs 1.50 lakh /Hac. | कुल लागत का 40% (अधिकतम 2 हे0/कृषक) | 16 हे0 |
| (iii) | लूज फ्लावर फूलों की खेती | Rs 0.40 lakh /Hac. | कुल लागत का 40% (अधिकतम 2 हे0/कृषक) | 76 हे0 |
| 4 | सुगंधित पौधों की खेती (Aromatic Plants Lemongrass etc.) | Rs 0.40 lakh /Hac. | कुल लागत का 40% (अधिकतम 4 हे0/कृषक लाभ देय होगा) | 20 हे0 |
| 5 | छोटी नर्सरी की स्थापना (Small Nursery) | Rs15.00 lakh /Hac. | उद्यानिकी फसलों के क्षेत्र विस्तार हेतु विभिन्न प्रकार के फल, फूल पौधों के गुणवत्तायुक्त उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से MIDH मार्गदर्षिका अनुरूप कृषकों को प्रति इकाई लागत रू0 15.00 लाख मात्र का अधिकतम 50 प्रतिषत अनुदान रू0 7.50 लाख मात्र की दर से Credit linked back ended subsidy के माध्यम से किया जायेगा। | 01 इकाई |
| 6 | षंकर सब्जी उत्पादन (Hybrid Vegetable Prodution) | Rs 0.50 lakh /Hac. | कुल लागत का 40% (अधिकतम 2 हे0/कृषक लाभ देय होगा) | 177 हे0 |
| 7 | मसाला की खेती (Seed Spices & Rhizomatic Spices - Turmeric/Ginger etc.) | Rs 0.30 lakh /Hac. | कुल लागत का 40% (अधिकतम 4 हे0/कृषक लाभ देय होगा) | 57 हे0 |
| 8 | पुराने फलबाग का जीर्णोद्वार (Rejuvention/Replacement of senile plantation, canopy mangement) | Rs 0.40 lakh /Hac. | कुल लागत का 50% अनुदान लाभ देय होगा | 5 हे0 |
| 9 | संरक्षित खेती (Protected Cultivation) | | | |
| (i) | प्लास्टिक मल्चिंग (Plastic Mulching) | Rs 0.32 lakh /Hac. | कुल लागत का 50% अनुदान लाभ देय होगा | 3 हे0 |
| (ii) | षेडनेट ट्यूबलर हाउस का निर्माण (Shede Net House) | Rs.710/Sq.M. | प्रति वर्ग मीटर कुल लागत रू0 710/- मात्र का अधिकतम 50% विभागीय अनुदान प्रति वर्ग मीटर रू0 355/- मात्र (प्रति कृषक अधिकतम 1000 sq.m.देय होगा) | 4000 वर्ग मीटर |
| (iii) | पौध सामाग्री पर व्यय एवं कारनेषन/जर्वेरा का पॉली हाउस/षेडनेट में उत्पादन (Cost of planting material & cultivation of Carnation & Gerbera under poly house/shadenet house) | Rs.610/Sq.M. | प्रति वर्ग मीटर कुल लागत रू0 610/- मात्र का अधिकतम 50% विभागीय अनुदान प्रति वर्ग मीटर रू0 305/- मात्र (प्रति कृषक अधिकतम 4000 sq.m.देय होगा) | 4000 वर्ग मीटर |
| (iV) | एण्टी बर्ड एण्टी हेल (Anti Bird/ Anti Hell) | Rs.35/Sq.M. | उद्यानिकी फसलों का ओलावृष्टि एवं चिड़ियों के प्रकोप से बचाव तथा उत्पादकता एवं गुणवत्ता में वृद्वि एवं सब्जियों की खेती की सुरक्षा हेतु एण्टी बर्ड एवं एण्टी हेल का प्रयोग प्रति वर्ग मीटर कुल लागत का 50 प्रतिशत अनुदान (प्रति कृषक अधिकतम 5000 वर्ग मीटर देय होगा) | 14 हे0 |
| 10 | वर्मी कम्पोस्ट इकाई की स्थापना (Cost of planting material & cultivation of Carnation & Gerbera under poly house/shadenet house) | Rs.0.16 lakh/unit | पोर्टवल एच0डी0पी0ई0 वर्मीबेड साईज 12'x4'x2'=96 घनफीट बी0आई0एस0 मानक (आई0एस0–15907:2010) प्रति इकाई लागत का अधिकतम 50% अनुदान का लाभ दिया जायेगा। | 337 इकाई |
| 11 | अग्रिंम पंक्ति प्रदर्शन के जरिये तकनीकी का प्रचार–प्रसार एवं प्रत्यक्षण (Technology Dissemination through demonstration front line demonstration) | Rs.25.00 lakh/unit | कृषकों के आय में वृद्वि को दृष्टिपथ रखते हुए कृषकों के 5 एकड़ निजी भूमि पर उन्नत फल फुल एवं सब्जियों के उत्पादन तथा ऑन फार्म सब्जियों के अल्पकालिक भण्डारण हेतु सौर उर्जा चालित शीतल कक्ष 5–6 एम0टी0 क्षमता का निर्माण, सौर उर्जा चालित सिंचाई संसाधन डीप बोरिंगयुक्त की स्थापना प्रति इकाई कुल लागत का 75 प्रतिशत अनुदान एवं कृषकों को 25 प्रतिशत अुनदान की राशि बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से कार्यकारी संस्था को देना अनिवार्य होगा। | 01 इकाई |
| 12 | मानव संसाधन का विकास (Human Resource Development- HRD) | | | |
| (i) | कृषकों को राज्य अन्तर्गत प्रषिक्षण (Training of Farmers Outside the State) | Rs 1000/Farmer | उद्यानिकी फसलों को बढ़वा देने हेतु उन्नत एवं नई तकनीक की जानकारी प्राप्त करने के उदेष्य से शतप्रतिषत अनुदान पर पॉच दिवसीय प्रषिक्षण दिया जायेगा | 100 सं0 |
| (ii) | कृषकों को राज्य से बाहर प्रषिक्षण (Training of Farmers within the State) | Rs 13500/Farmer | उद्यानिकी फसलों की उन्नत एवं नई तकनीक की जानकारी प्राप्त करने के उदेष्य से शतप्रतिषत अनुदान पर राज्य से बाहर परियोजना आधारित प्रषिक्षण दिया जायेगा | 10 सं0 |
| (iii) | कृषकों को अन्तर राज्य परिभ्रमण (Exposurce visit of farmers Outside State) | Rs 13500/Farmer | उद्यानिकी फसलों की उन्नत किस्म एवं नई तकनीक की जानकारी प्राप्त करने के उदेष्य से शतप्रतिषत अनुदान पर राज्य से बाहर परियोजना आधारित प्रभावन दौरा कराया जायेगा | 05 सं0 |

उपरोक्त योजना हेतु इच्छुक किसान प्रखण्ड स्तर पर उद्यान मित्र/बी0टी0एम0/ए0टी0एम0 एवं जिला उद्यान कार्यालय, गढ़वा से आवेदन पत्र निशुल्क प्राप्त कर सकते है एवं नीचे वर्णित कागजातों के साथ कार्यालय अवधि में दिनांक 25.07.2023 तक जमा कर सकते है।

**आवेदन के साथ जमा किए जाने वाले कागजातो की सूची :–**

1. विहित प्रपत्र में भरा हुआ पूर्ण आवदेन।
2. दो पासपोर्ट साइज रंगीन फोटों।
3. पहचान पत्र एवं पता का प्रमाण (आधार कार्ड/भोटर आइडी/ड्राविंग लाइंसेंस आदि।
4. आवेदन पत्र में मुखिया/जन प्रतिनिधि का अनुशांसा अनिवार्य होगा।
5. क्रमांक 9 (II) हेतु उपलब्ध जमीन का कागजात के संदर्भ में मुखिया से प्राप्त वंशावली अनिवार्य होगा।
6. उपर वर्णित क्रमांक 1 से 11 तक की योजनाओं में से किसी एक योजना हेतु कृषक आवेदन कर सकते है।
7. क्रमांक 11 योजनों हेतु अंचल अधिकारी द्वारा निर्गत भू–स्वामित्व प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
8. अद्यतन भू–लगान रसीद।
9. योजना क्रमांक 9 (II) एवं 11 हेतु कार्यान्वित किए जाने वाले निर्माण स्थल/भू–खण्ड का अद्यतन Geo Tagging फोटोग्राफ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. लाभुकों के चयन में Pick & Choose नहीं करते हुए नये ग्राम एवं नये कृषकों का चयन किया जाय।
11. पूर्व के लाभुकों को वर्तमान वित्तीय वर्ष योजना के कार्यान्वयन में पुनर्रावृति नहीं किया जायेगा।

PR.NO.301960 Agriculture(23-24):D

जिला उद्यान पदाधिकारी, गढ़वा।

## पीएम आवास लाभुक दिवस के अवसर पर चोंगाखार मुखिया ने किया बैठक

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के चोंगाखार



पंचायत के पंचायत सचिवालय में प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस के अवसर पर एक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता स्थानीय मुखिया देवकी देवी ने किया। इस बीच मुखिया प्रतिनिधि राम लखन वर्मा ने कहा कि आज पीएम आवास दिवस के अवसर पर पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापको, सहिया दीदी, जल सहिया, पंचायत सेवक रोजगार सेवक समेत प्रबुद्ध जनों के साथ आज के इस बैठक में पंचायत में चल रहे विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई, साथ ही जनहित में आवश्यक नई योजनाओं के क्रियान्वयन पर विचार किया गया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य भीखन राय, रोजगार सेवक समीम अंसारी, पंचायत सचिव गणेश वर्मा, प्रधानाध्यापक अनिल विश्वकर्मा, आशा कुमारी, तुलसी यादव, सहदेव यादव, बहादुर वर्मा, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि सचिन वर्मा, कुणाल रंजन, शिवकुमार हादसा, महेश कुमार यादव, डीलर संजीत कुमार राय, मनोज कोड़ा,सुखदेव यादव, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि प्रवीण वर्मा समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## पुल से नीचे रेलवे ट्रैक पर गिरी पिकअप वैन, बड़ी दुर्घटना होने से टली

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा थाना क्षेत्र



के ब्रह्मबाबा मंदिर के सामने धनबाद रांची मुख्य मार्ग पुल के ऊपर से रेलवे ट्रैक पर एक पिकप भेन गिरा । बताया जाता हैं की बीती रात्रि पिकअप भेन संख्या जेएच 1ई यू 3795 जो धनबाद से रांची की ओर जा रही थी जो ब्रह्मबबा मंदिर के समीप सड़क पर बने सकरापुल पर से नीचे महुदा भागा रेल लाइन जा गिरा, रेलवे ट्रैक से सुबह तक पिकप भेन को केरेन की मदद से हटाया गया उसके बाद रेल परिचाल शुरू किया गया। गनीमत रहा कि उस समय कोई ट्रेन नहीं आ रही थी जिसके कारण एक बड़ा हादसा होने से बच गया। बताया जाता है कि ब्रह्मम बाबा मंदिर के समीप उक्त पुल पर बराबर दुर्घटना घटित होते रहती है लेकिन पथ विभाग इस पर चुप्पी साधे हुए हैं।

## जिला मलखंब संघ का गठन

### यू. एस. प्रसाद अध्यक्ष तथा तारकनाथ महासचिव बने

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिले में स्वदेशी खेल मलखंब को बढ़ावा देने के लिया आज यूनियन क्लब में जिले के खेल प्रेमियों तथा समाज सेवियों की एक बैठक के दौरान धनबाद जिला मालखंब संघ का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से शहर के जाने माने चिकित्सक यू. एस. प्रसाद अध्यक्ष तथा तारकनाथ दास महासचिव चुने गए। संघ का मुख्य संरक्षक झारखंड ओलंपिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष एस. एम. हाशमी को मनोनीत किया गया है जबकि जाने माने समाजसेवी विजय झा, वरीय खेल प्रशासक जुबैर आलम तथा रंजीत केशरी को संघ का संरक्षक मनोनीत किया गया। संघ का वरीय उपाध्यक्ष पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रियंका पाल, प्रदीप कुमार सिंह, सम्राट चौधरी तथा अनिल शर्मा को बनाया गया। जितेंद्र कुमार, सहीद असलम, हिना हाशमी तथा विनोद शर्मा को उपाध्यक्ष बनाया गया। कोषाध्यक्ष के पद पर जी. भी. एम. राव चुने गए। पी. एन. बनर्जी, अफजल हाशमी तथा आनंदमई पाल को संयुक्त सचिव चुना गया। संघ में सदस्य के रूप में कुसुम महतो, मौशमी दास, दीपांकर बरारी, इरफान आलम, मनोज हेंब्रम, धर्मेंद्र सिंह, सुदीप कुमार तथा निर्मल कुमार गुप्ता को शामिल किया गया है। बैठक में मुख्य रूप से पर्यवेक्षक के रूप में झारखंड मलखंब संघ के महासचिव अजय झा उपस्थित थे।

## मटकुरिया शमशान घाट में समस्याओं का अम्बार

### अंतिम यात्रा में भी लोगों को उठानी पड़ती है दिक्कतें



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मटकुरिया स्थित शमशान घाट में समस्या ही समस्या मुंह बाये खड़ी है। अंतिम संस्कार में पहुंचने वाले लोगों को समस्याओं से दो चार होना पड़ता है। शमशान की देख रेख करने वाले जमुना और कल्लु राम की मानें तो यहां की समस्याओं को लेकर नगर आयुक्त और स्थानीय विधायक को भी बताया गया है लेकिन अब तक इस ओर कोई पहल नहीं की गई है।

**चिता स्थल का भी है खस्ता हाल :-** वर्ष 2019 में मटकुरिया शमशान घाट का सौंदर्यीकरण किया गया था। लेकिन वक्त गुजरने के साथ ही रख रखाव के अभाव में यहां की हालत बदतर हो गई। आलम यह है कि जिस चिता पर अंतिम संस्कार किया जाता है वो भी टूट फूट गया है। जिस कारण दाह संस्कार के समय शव नीचे चला जाता है। जिससे अंतिम संस्कार में काफी दिक्कत होती है।

**टूटे फूटे सीढ़ी, गिर रहे हैं लोग :-** शमशान की देख रेख करने वाले जमुना व कल्लू डोम ने बताया कि घाट के सौंदर्यीकरण के कुछ साल के बाद ही सीढ़ी टूट फुट गया है। जिस कारण अंतिम संस्कार में यहां पहुंच रहे लोग गिर कर जख्मी हो रहे हैं। बरसात में लोगों को और भी दिक्कतें होती है।

### मैं कराउंगा मरम्मती के कार्य व सीढ़ी का निर्माण : मुख्तार खान

*टीएमसी नेता सह समाजसेवी मुख्तार खान ने कहा की शमशान घाट की दुर्दशा को देख मुझे बहुत दुख हुआ। जहां एक ओर सीढ़ी, चिता, शेड टूट चुकी है तो दुसरी ओर कई अव्यवस्थाएं भी देखने को मिल रही हैं। आश्चर्य और दुर्भाग्य की बात यह है की कोई भी जनप्रतिनिधि इसकी सुद्धि लेने वाला नहीं है जबकि सभी लोग किसी ना किसी की शव यात्रा मे शमशान आते ज़रूर हैं। यदि संबंधित विभाग अथवा जनप्रतिनिधि ने इस मामले मे शीघ्र पहल नहीं की तो मैं अपने निजी खर्चे से कराउंगा मरम्मती के कार्य और सीढ़ी का निर्माण।*

**टंकी वाटर कूलर भी है, फिर भी पीने का पानी नही :-** शमशान घाट में आने वाले लोगों को पीने के पानी का भी मुकम्मल व्यवस्था की गई थी। इसके लिए बकायदा पानी की टंकी और वाटर कूलर भी लगाया गया था। एक कुआं भी है जो बेकार पड़ा है। लेकिन देख रेख के अभाव में सभी उपकरण खराब पड़ा है। अब हालात यह है की शमशान पहुंचने वाले लोगों को पीने का पानी खरीद कर पीना पड़ता है।

**आज तक जेनरेटर नहीं हुआ चालू, बैटरी की चोरी :-** शमशान घाट में लाइट भी लगाया गया था। लाइट के लिए साइलेंट जेनरेटर भी लगाया गया था। लेकिन आज तक जेनरेटर चालू भी नहीं हुआ था। देख रेख करने वालों की मानें तो जेनरेटर का बैटरी भी चोरी हो गया है। घाट में लगाए गए पंखा भी ज्यादातर खराब पड़ा है।

## सावन की पहली सोमवारी : शिव मंदिरों में भक्तों की उमड़ी भीड़, भोले बाबा को चढ़ाया जल



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 59 दिनों के सावन की पहला सोमवारी पर सुबह से ही कोयलांचल के सभी शिव मंदिरों में भक्तों का हुजूम देखने को मिल रही है। सावन महीने के पहले सोमवार को कोयलांचल के शिवालयों में हर हर महादेव, जय ओम शिवकारा की गूंज सुनाई दी। अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं की मंदिरों में खासी भीड़ रही। वहीं अलकडीहा बूढ़ा बाबा शिव मंदिरों के साथ अन्य मंदिरों पर भी दिन भर भक्तों को तांता लगा रहा है। गौरतलब है कि सावन माह के पहले सोमवार दिन शिवलिंगों का दूध, जल से अभिषेक किया गया। शिवलिंगों को पुष्प, बेल पत्र, आंक, धतूरे से सजाकर महाआरती की गई। इस दौरान मंदिरों में घंटी, घड़ियाल, शंख व झालर के बीच भोलेनाथ के उद्घोष से माहौल भक्तिमय बना रहा। शहर के मां मंगला चंडी मंदिर, मां रक्षा काली मंदिर, चिल्ड्रेन पार्क मंदिर, हनुमान मंदिर, पंचदेव मंदिर आदि अन्य शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

## अभाविप का 75वां स्थापना दिवस समारोह संपन्न

### आयोजित की गई कवि सम्मेलन व नूतन पुरातन कार्यकर्ताओं का हुआ मिलन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद धनबाद महानगर द्वारा 75वें स्थापना दिवस सह राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। जिसमें कवि सम्मेलन एवं नूतन पुरातन कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर पूर्व कार्यकर्ता विनोद सिंह ने कहा कि 9 जुलाई, 1949 में स्थापित अभाविप आज विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है जो छात्र हित के साथ ही समाज व राष्ट्र हित में भी कार्य करती आ रही है। स्थापना काल से ही संगठन ने छात्रों के साथ साथ राष्ट्रहित से जुड़े प्रमुख मुद्दों को न सिर्फ उठाया बल्कि उसे लेकर प्रभावी देशव्यापी आंदोलन भी किया है।

मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश छात्रा सह प्रमुख आयुषी गुप्ता, प्रदेश एस एफ डी सह प्रमुख अमन अभिषेक, विभाग संगठन मंत्री बबन बैठा, विभाग संयोजक शिवम सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी मधुसूदन यादव, जूही शर्मा, सुधांशु गुप्ता, महानगर विस्तारक गोविंद साव, अंशु तिवारी, हर्ष, शुभम, पीयूष, गौरव, अरुण राय, शरद पांडे, सतीश राय, रुपेश सिन्हा, सूरज सोनी आदि मौजूद थे।

## प्रखण्ड परिसर में ग्राम नवादा के ग्रामीणों ने तीन मांगों को लेकर दिया धरना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** प्रखण्ड परिसर बिरनी में सोमवार से प्रखंड क्षेत्र के ग्राम नवादा के ग्रामीणों ने अपने तीन मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरने में बैठे हैं। उक्त धरने पर बैठे लोगों ने बताया कि प्रशासन से हमारी मुख्य 3 मांग है, सबसे पहले सार्वजनिक जमीन का फर्जी जमाबंदी रदद् करते हुवे उक्त जमीन को सार्वजनिक घोषित किया जाए, दूसरी मांग है कि विद्यालय एवं आंगनबाड़ी के जमीन को सार्वजनिक घोषित किया जाए एवं तीसरी मांग है, पंजी 2 में छेड़छाड़ करने वाले पदाधिकारी पर कार्रवाई हो। आपको बता दें कि सिमराढाब पंचायत अंतर्गत नवादा गाँव के खाता न0 24,प्लाट



न0 355 में पुराना पंजी के पेज न0 46 में दर्ज जमाबंदी गौरी देवी,ग्राम जुरपा के नाम से था । जिसे छेड़छाड़ कर जयराम महतो वगैरह,ग्राम नवादा तथा रकबा में बदलाव किया गया है । वहीं अंचल कार्यालय से छेड़छाड़ की सत्यापित रिपोर्ट भी जारी की गई है । ग्रामीण वासुदेव यादव ने बताया कि ग्रामीणों का कहना है जब तक फर्जी जमाबंदी को रद्द नही किया जाएगा धरना समाप्त नही होगा और बाध्य होकर उग्र आंदोलन किया जाएगा । इस अवसर पर रंजीत कुमार, दामोदर यादव, राजू यादव, वरुण यादव, द्वारिका यादव, त्रिवेणी यादव, सुखदेव यादव, जीवनी देवी, ललिता देवी, सरिता देवी, कौशल्या देवी, मुंद्रिका देवी समेत दर्जनों लोग शामिल हैं ।

## सावन के पहली सोमवारी : झारखंड धाम में भक्तों की उमड़ी भीड़ विधि व्यवस्था को बनाए रखने के लिए प्रशासन जगह -जगह तैनात


प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमुआ/गिरिडीह :** जिला समुचित पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध शिव मंदिर झारखंड धाम में सावन के पहली सोमवार को भक्तों की काफी भीड़ देखने को मिला। पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया है अभी से सावन पूर्णिमा तक यहा काफी भीड़ रहेगी। प्रतिवर्ष यहा सावन में लाखो श्रद्धालु बाबा के दर्शन के लिए आते हैं। वही सुरक्षा व्यवस्था के लिए हीरोडीह थाना प्रशासन और परसन ओपी प्रशासन पूरी तरह से तत्परता के साथ खड़ी रही साथ ही जमुआ प्रखंड चिकित्सक विभाग भी मौके पर तत्परता के साथ दिखी । मंदिर समिति के लोग सावन महीने मैं श्रद्धालुओं उमड़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए पहले से ही तैयार थी। वहीं मंदिर कमेटी के पुजारियों ने बताया पहली सोमवारी पर



लगभग लाखों की संख्या में भक्तों ने जलाअभिषेक किया इसके साथ ही सुरक्षा के दृष्टिकोण से पूर्व से ही अनुमंडल प्रशासन के नेतृत्व में सीसीटीवी कैमरा एवं विधि व्यवस्था को लेकर जगह-जगह पर प्रशासन को तैनात की गई है ।

## जबरन जमीन घेराबंदी को लेकर उपायुक्त को दिया आवेदन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह सदर प्रखंड अंतर्गत चतरो निवासी सरजू राय ने सोमवार को उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा को ज्ञापन सौपा । बताया गया कि बालमुकुंद स्पंज फैक्टरी मंझलाडीह के द्वारा जबरन जमीन घेरने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मंझलाडीह मोजा अंतर्गत थाना न 258 खाता संख्या 4 , 5 प्लाट न 915 रकवा 64 डिसमिल प्लॉट 968 रकवा 1.12 है जो पूर्वज अमीर राय वगरैह के नाम से ख़ातियानी है । उन्होंने बताया कि जमीन कोई भी हिसेदार कभी नजी बेचा है। साथ ही पूवर्ज से खेती करते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि बालमुकुंद फैक्ट्री द्वारा जबरजस्ती जमीन को कब्जा करने पर लग गए और घेराबंदी कर रहे हैं ।साथ उन्होंने बताया कि बालमुकुंद फैक्टरी द्वारा बार बार धमकी दी जा रही है कि अगर आगे आया तो अंदर भेज देंगे फिर कभी बेल नहीं होगा । इधर सरजु राय ने उपायुक्त से ज्ञापन देकर घेराबंदी को रोक लगाने की मांग की है ।

## भारी बारिष के कारण उत्तर रेलवे के कुछ रेलखंडों पर जलजमाव के कारण ट्रेनों का परिचालन रद्द

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** उत्तर भारत में हो रहे भारी बारिष के कारण उत्तर रेलवे के कुछ रेलखंडों पर बारिष का पानी आ जाने के कारण संरक्षा की दृष्टिकोण से निम्नालिखित ट्रेनों का परिचालन रद्द करने का निर्णय लिया गया है -

1. दिनांक 10.07.23 को अमृतसर से खुलने वाली गाड़ी सं. 15212 अमृतसर-दरभंगा जननायक एक्सप्रेस का परिचालन रद्द ।
2. दिनांक 10.07.23 को दरभंगा से खुलने वाली गाड़ी सं. 15211 दरभंगा-अमृतसर जननायक एक्सप्रेस का परिचालन रद्द ।
3. दिनांक 10.07.23 को अमृतसर से खुलने वाली गाड़ी सं. 15532 अमृतसर- सहरसा जनसाधारण एक्सप्रेस का परिचालन रद्द ।
4. दिनांक 10.07.23 को अमृतसर से खुलने वाली गाड़ी सं. 13308 गंगा सतलूज एक्सप्रेस का परिचालन रद्द ।
5. दिनांक 10.07.23 को धनबाद से खुलने वाली गाड़ी सं. 13307 धनबाद-फिरोजपुर कैंट गंगा सतलूज एक्सप्रेस का परिचालन रद्द ।
6. दिनांक 10.07.23 को अमृतसर से खुलने वाली गाड़ी सं. 14650 अमृतसर-जयनगर सरयू जमूना एक्सप्रेस का परिचालन रद्द ।
7. दिनांक 10.07.23 को जम्मूतवी से खुलने वाली गाड़ी सं. 13152 जम्मूतवी-कोलकाता एक्सप्रेस का परिचालन रद्द ।
8. दिनांक 10.07.23 को जम्मूतवी से खुलने वाली गाड़ी सं. 12332 जम्मूतवी-हावड़ा हिमगिरी एक्सप्रेस का परिचालन रद्द ।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष बनी मीना आदिवासियों में खुशी की लहर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी की बेटी को हेमंत सोरेन ने जो सम्मान दिया है वह कभी भुलाया नहीं जा सकता। प्राप्त समाचार के अनुसार मीना हेंबरम क्षेत्र संख्या4 की वर्तमान में जिला परिषद की सदस्या हैं। टुंडी विधानसभा क्षेत्रों की लगातार दौरा करती है जिससे जनताओं ने उन्हें आशीर्वाद दिया और वह जिला परिषद की सदस्या चुनी गई। अब हेमंत सोरेन के द्वारा एवं क्षेत्रों में लगातार जनताओं की सेवा की ही देन है कि आज उन्हें झारखंड महिला मोर्चा की धनबाद जिलाध्यक्ष के पद से सुशोभित किया गया। इनके जिलाध्यक्ष बनने से पूरे क्षेत्रों में खुशी



का माहौल है एवं लोग त्योहारों जैसा जश्न मनाने की तैयारी में जुटे हुए हैं यह लगातार क्षेत्रों में रहने के कारण ही आज झारखंड मुक्ति मोर्चा ने इतना बड़ा पद देकर सुशोभित किया है। इनके मनोनयन से टुंडी झारखंड मुक्ति मोर्चा में बहुत ही उत्साह देखी जा रही है एवं इनके मनोनयन से झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता शक्ति हेम राम टुंडी प्रमुख मालती मरांडी मैनेजर हेम राम, लोलिन बास्की, नित्यानंद पांडे, टुंडी बीस सूत्री अध्यक्ष इंद्र लाल बास्की प्रखंड उपाध्यक्ष सरवन टुडे आदि नेताओं ने खुशी का इजहार किया है बताया जाता है कि मीना हेमराम के मनोनयन से टुंडी महिलाएं मोर्चा काफी मजबूत होगा। खासकर टुंडी आदिवासी बहुल क्षेत्रों में काफी उत्साह देखते बनता हैं एवं माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लोग भूरि भूरि प्रशंसा कर रहे हैं।

## भारत की जनवादी नौजवान सभा लोदना क्षेत्रीय कमिटी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** भारत की जनवादी नौजवान सभा डीवाईएफआई पिछले बैठक में तय की गई कार्यक्रम के तहत लोदना कोलियरी के अंतर्गत धौड़े मोहल्ले के समस्याओं को चिन्हित कर प्रदर्शन के माध्यम से लोदना कोलियरी के प्रबंधक को 20 सूत्री मांग पत्र दिए और संगठन प्रबंधक से अपील की 15 दिनों के अंदर इन समस्याओं पर संगठन के साथ सकारात्मक पहल करते हुए वार्ता कर निदान करें। अन्यथा आने वाले दिनों में भारत की जनवादी नौजवान सभा लोदना क्षेत्र के अंतर्गत आर्थिक नाकेबंदी करने पर बाध्य होगी। जिसकी जिम्मेदारी बीसीसीएल के प्रबंधक की होगी।




कार्यक्रम में लोदना क्षेत्रीय कमिटी के अध्यक्ष प्रजा पासवान ने सभा की अध्यक्षता की और समापन भाषण दिए। कार्यक्रम में लोदना क्षेत्रीय कमिटी के सचिव संतोष पासवान, कुंदन एस एफ आई के राज्य कमिटी के नेता नीरज पासवान, हेमंत बावरी, संजय पासवान, अर्जुन पासवान, पप्पू पासवान, मनोज पासवान, भोला माली, दीपक हारी आदि मौजूद थे।

## विस्थापन के मुद्दे पर विधायक ढुल्लू महतो ने वर्तमान सरकार को दी खुली चुनौती



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** सोमवार को धनबाद के परिसदन में प्रेस वार्ता आयोजित कर बाघमारा विधायक ने चुनौती देते हुए कहा कि वर्तमान सरकार जो खुद के गरीबों का मसीहा और जल जंगल की जमीन की बात कर सत्ता में आई है अभी तक कितने विस्थापितों को नौकरी दिला पाई है यह साबित करे। सरकार और जब भी विस्थापित खुद अपने अधिकार और हक की मांग को लेकर लड़ाई लड़ते हैं उनके सफेदपोश गुंडों के द्वारा उन पर मुकदमा दायर कर उन्हें जेल भेज दिया जाता है। जल जंगल जमीन की बात करने वाली वर्तमान सरकार में सिर्फ लूट की छूट है। क़विस्थापन के मुद्दे पर इनकी पार्टी सांप सूंघ जाता उन्होंने आगे सीधे तौर पर कहा कि सरकार झारखंड खनिज संपदा की लूट की छूट दे रखी है आवाज उठाने वालों पर झूठा मुकदमा कर उन्हें शांत करवाया जाता है। वहीं उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकाल में उन्होंने दर्जनों लोगों को विस्थापन के बदले नौकरी दिलवाई है लेकिन वर्तमान सरकार एक भी विस्थापित को आज तक नौकरी नहीं दिला पाई। जिस गरीब गरीब का मसीहा बनकर और जंग जंगल की बात कर सकता ने सत्ता में आई थी सरकार शायद वह अपने उस गरीब को भूल गई है जनता बहुत जल्द जवाब देगी।

## भूमि बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले ग्रामीणों ने दिया धरना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** भूमि बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले सोमवार को भूली ओपी के क्षेत्र के ग्रामीणों ने रणधीर वर्मा चौक पर एक दिवसीय धरना दिया। ग्रामीणों का कहना था की भूली ओपी के आरक्षी निरीक्षक धनंजय कुमार ने झूठा केस कर के एक परिवार के कई लोगों पर गंभीर आरोप लगाया है। जबकि केस में नामजद किसी भी व्यक्ति का कोई दोष नहीं है। यह सब कुछ भू माफियाओं के मिली भगत से किया जा रहा है। धरना पर बैठे पुष्पा कुमारी ने बताया की 24 जून को रात्रि के करीब 9:30 बजे भूली ओपी के धनंजय कुमार के द्वारा मणिलाल महतो को फोन किया गया और उनके वाशिंग सेन्टर पर आने को कहा जबकि उस वक्त दुकान बंद था। फोन पर कहा गया की आपके दुकान पर एक अज्ञात कार खड़ी है उसकी जानकारी चाहिए।

मणिलाल ने कहा आज घर में शादी में नहीं आएंगे। इसके बाद रात्रि में करीब 10ः00 -10ः15 बजे के बीच पुलिस की गाड़ी घर आई और कई पुलिस कर्मी द्वारा मारपीट किया गया। उसके बाद अगले दिन झूठा केस भी दर्ज कर दिया गया।

## कुड़मी समाज ने आयोजित किया कुड़माली भाखिचारी जागरण जुड़ुवाही कार्यक्रम



**तोपचांची(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** तोपचांची के रामाकुडा में कुड़माली भाखिचारी जागरण जुड़ुवाहि कार्यक्रम का आयोजन कुडमि समाज के लोगों के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में कुडमियों की भाषा, संस्कृति, रीति, रिवाज, कर्मकांड, पूजा-पाठ आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा कई वक्ताओं ने रखा। इस दौरान सदानंद महतो ने कहा कि 22 जुलाई को धनबाद के तोपचांची हटिया मैदान में बंगाल के टाइगर अजीत महतो का आगमन पर स्वागत समारोह रखा गया है। कुड़मियों के ÷रेल टेका÷डहर छेका÷ आंदोलन को लेकर झारखंड में भी तैयारी जोरों से चल रही है।

**संक्षिप्त खबरे**

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने समाज के प्रतिष्ठित लोगो को किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भाजपा सरकार के 9 वर्ष पूरे होने भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में महा जनसंपर्क अभियान चला रही है इसी निमित्त संपर्क से समर्थन अभियान के तहत जिला के संगठन प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने नगर के अपने अपने क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्तियों सेवानिवृत्त सैनिक जगदीश बड़ाईक सेवानिवृत्त प्रिंसिपल साधु मलवा अधिवक्ता जितेंद्र अशोक को सम्मानित किया एवं मोदी सरकार के नव वर्ष की उपलब्धियां की पत्रिका भेंट की। साथ ही उन्होंने कहा कि इन 9 वर्षों में केंद्र की भाजपा सरकार ने हर क्षेत्र में विकास की लकीर खींची है हम सबो का यह प्रयास है कि पुनः मोदी जी को 2024 में प्रधानमंत्री बना कर भारत को विश्वगुरू बनाने के राह पर अग्रसर करना है।

## सावन की पहली सोमवारी पर कुडू में हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजे शिवालय

➲प्रशिद्ध महादेव मंडा धाम सहित सभी शिवालयों में शिव भक्तो का लगा तांता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** सावन की पहली सोमवारी को कुडू प्रखंड क्षेत्र में आस्था का सैलाब फूट पड़ा। प्रशिद्ध महादेव मंडा धाम सलगी, टीको स्थित भोले बाबा मंदिर, बड़की चाँपि शिव मंदिर, टाटी शिव मंदिर, बड़की चाँपि दुर्गा मंदिर सहित प्रखंड के विभिन्न गांवो के मंदिरों और शिवालयों में महिला, पुरुष, बूढ़े, बच्चे, युवाओं ने भक्ति रस से भाव विभोर होकर भगवान भोले नाथ की पूजा बेलपत्र, गंगाजल, दूध, धतुरा, पुष्प आदि अर्पित कर अपने लिए मनोकामनाएं मांगी। और पुरे दिन पूजा-अर्चना एवं भजन कीर्तन में तल्लीन रहे। इस दौरान शिवालयों में सुबह से शाम तक घंटे की आवाज और श्रद्धालुओं के बोलबम के नारे स वातारण गूंजायमान होता रहा। प्रसाद और फूलों की दुकानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ दिखी। ईश् मौके पर सलगी



एवं बड़की चाँपि सिमाना स्थित प्राचीन शिव धाम महादेव मण्डा में बड़की चाँपि पंचायत के उप मुखिया हेना तिवारी ने बिधिवत पूजन करके अपने क्षेत्र एवं अपने परिवार की मंगलकामना की मांग भागवान से की। इस मौके पर पुरोहित कुनु नाथ बैध, मनोज दुबे, अभिषेक तिवारी, धीरेंद्र सिंह, अजित कुमार, शीतला देवी, लखन राम, सुरेंद्र साहू, लाल राजेश्वर, संगीता देवी, बंधु महतो, अमर प्रसाद, प्रवीण गोयल सहित काफी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

## महिला थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों को पढ़ाया मानवता का पाठ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** क्लारेशियन सोसायटी के सहयोग से ट्रांसफॉर्मिंग कम्युनिटीज प्रोजेक्ट के तहत स्कूल लेवल प्रोग्राम के अंतर्गत ह्यूमैनिटी इंडिया संस्था के द्वारा सोमवार को शहरी क्षेत्र के पावरगंज स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में मानवाधिकार कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में लोहरदगा महिला थाना प्रभारी किरण पंडित तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय की प्रभारी प्रधानाचार्य रेखा सोनी, पुष्प लता टोप्पो, उपस्थित थे। कार्यशाला का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा विधिवत रूप से किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि महिला थाना प्रभारी किरण पंडित ने कहा कि संविधान ने नागरिकों को विशेष अधिकार दिए हैं जिसे मानव अधिकार कहते हैं। नागरिकों के मानवाधिकार सुरक्षित रहें तथा मानव अधिकार का हनन ना हो इसके लिए सामाजिक तौर पर सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जागरूकता से ही मानव अधिकार का संरक्षण संभव है हम सबको समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों के मानव अधिकार को लेकर सजग प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि खासकर विद्यार्थियों तथा युवा पीढ़ी को मानव अधिकार संरक्षण,यौन हिंसा,घरेलू हिंसा,शिक्षा का अधिकार आदि विषयों पर विशेष रूचि लेते हुए इन अधिकारों के संरक्षण तथा अपने अधिकारों की रक्षा के लिए आगे आना चाहिए।

## श्रावण मास की पहली सोमवारी पर श्रद्धालूओं में उत्साह युवकों ने किया रुद्राभिषेक कार्यक्रम



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 10 जुलाई सोमवार को श्रावण मास की पहली सोमवारी पर श्रद्धालुओ मे दिखाई दिया उत्साह, वही शिवभक्तो ने कीया शिव पर जलाभिषेक। प्रखंड क्षेत्र के पंचायत गुड़ि, गजनी,नरौली, कैरो, सढाबे, हनहट के मंदिरों व पुजा पाठ के धार्मिक स्थलों में आज सुबह से ही शिव भक्तों का दिखाई दिया उत्साह वही मंदिरो मे हर-हर भोले के नारो के साथ शिवभक्तो ने शिव पर किया जलाभिषेक। प्रखंड क्षेत्र के कैरो शिव मन्दिर मे युवकों के द्वारा विगत दिनो रुद्राभिषेक का भी कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर रुद्राभिषेक युवकों को कराते हुए आचार्य कौशल कान्त त्रिपाठी ने कहा कि जो भी भक्त भगवान शिव के ही नाम रुद्र पर विधिवत पूजन अर्चन कर अभिषेक करता है भगवान भोलेनाथ उनकी मनोकामना पूर्ण करते हैं। वही आचार्य ने कहा कि इस तरह के आयोजन से जीवन मे सकारात्मक शक्तियाँ दैनिक जीवन मे प्रभावी हो जाती हैं जिससे किये गए सारे कार्य मंगल ही मंगल होते हैं। मौके पर रुद्राभिषेक कार्यक्रम मे विष्णु कुमार, देवेश कुमार, भोला साहू, अभिमन्यु प्रसाद, अंकित कुमार, ब्रजेश साहू, अमित कुमार इत्यादि ने रुद्राभिषेक कार्यक्रम मे भाग लिया।

## बैठक में सुदेश महतो के कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर नियुक्त किया गया प्रभारी



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा क्षेत्र के कुडू प्रखंड में प्रखंड प्रभारी एवं पंचायत प्रभारी गठन किया गया। जिस में मुख्य रूप से झारखंड आंदोलनकारी सह लोहरदगा के पूर्व विधायक स्व कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी एवं लोहरदगा विधानसभा की प्रभारी नीरू शांति भगत उपस्थित थे। बैठक का संचालन कुडू प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान जी ने किए, सभी पंचायत के पंचायत प्रभारी को दिशा निर्देश दिया गया है कि आगामी कार्यक्रम ग्राम प्रभारी के साथ झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री व आजसू सुप्रीमो आदरणीय सुदेश कुमार महतो का लोहरदगा जिला में आगमन होने वाले इस आगमन में सुप्रीम ग्राम प्रभारियों के साथ जन पंचायत का कार्यक्रम रखा गया है। इस कार्य को सफल बनाने हेतु कुडू प्रखंड में पंचायत प्रभारी नियुक्त कियाा। जिसमें पश्चिमी क्षेत्र से सलगी पंचायत से मनोहर ठाकुर एवं राजेंद्र लोहरा, छापी पंचायत से अवधेश पाठक, पंचम लाल सहदेव,सुंदरू पंचायत से नावेज खान, रामविलास, विजय उराँव, देवी पहान, अफरोज, प्रेमचंद, मंटू, चिरी पंचायत से विजय उराँव, कलीम खान, वारिस, मेराज, लवागई, शशि साहू, गुड्डू लाल शहदेव, कोलसिमरी से शकील, सलीम, पाडु, ओम प्रकाश भारती, अश्विनी यादव, चुन्नू उराँव को बनाया गया है। इस बैठक में सभी पंचायत के एवं जिला तथा केंद्र के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## शिवालय में शिव भक्तों की उमड़ी भीड़ लोगों ने नंदी महाराज को पिलाया दूध पानी

➲क्षेत्र के शिवालय में नंदी महाराज के इस चमत्कार को बता रहें है शिव का महिमा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड के विभिन्न शिवालयों में दिखा चमत्कार शिव भक्तों के हाथो दूध और जल पी रहे नंदी महाराज शिव भक्तों में बना चर्चा का सेन्हा विषय। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सेन्हा, चौकनी, अरू, बदला, सेरेंगहातु, चन्दकोपा, कोराम्बे, झखरा सहित विभिन्न शिवालय में शिव भक्तों का तांता लगा रहा। वही बताया जाता है। कि श्रावण माह के पहले सोमवार को प्रखंड के विभिन्न शिवालयों में पूजा करने के लिए शिव भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी सभी शिवालयों व मंदिरों में सुबह से ही शिव भक्तों का तांता लगा हुआ था। उसी बीच भक्तों के बीच एक नया चमत्कार देखने को मिला जहां पूजा करने आए भक्तो के



हाथों से नंदी महाराज जल और दूध पीकर भक्तो को खुश कर दिए लोग इसे श्रावण माह में शिव जी का चमत्कार बता रहे हैं। जल पीने की खबर धीरे धीरे आस पास के इलाके में फैलता चला गया और लोग शिवालय में जाकर नंदी महाराज को चमच और कटोरी में जल और दूध भरकर पिलाने लगे इस चमत्कार को देखकर लोगो में चर्चाएं तेज हो गई। वहीं भक्तों का मानना है कि शिव जी का महिमा है। और नंदी महाराज को जल अर्पित कर खुद को सौभाग्य समझ रहे हैं। दरअसल शिव मंदिरों में लोग नंदी महाराज के मुख पर जैसे ही जल से भरा कटोरी या चमच रखते हैं। तो देखते ही देखते उस कटोरी और चमच से जल खत्म हो जाता था। जिसे देख भक्तगण काफी उत्साह के साथ नंदी महाराज को जल अर्पित करने पहुंच रहे हैं। लोगो ने खुश होकर बताया की यह चमत्कार भगवान शंकर जी का श्रावण माह के पहले सोमवार को हुई है। और नंदी महाराज को जल अर्पित करना हम सभी भक्तों का सौभाग्य की बात है।

## अविराम सचिव इंद्रजीत कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का किया शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको, कुरू, लोहरदगा में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विषय पॉजिटिव स्ट्रोक्स और नेगेटिव स्ट्रोक्स पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सचिव सह कार्यशाला संरक्षक इंद्रजीत कुमार द्वारा दीपप्रज्वलन कर किया गया इसके। पश्चात स्वागत उद्बोधन कार्यशाला समन्वयक पंकज कुमार भारती द्वारा किया गया और मुख्य अतिथि डॉ प्रिया असिस्टेंट प्रोफेसर गवर्मेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज बरियातू द्वारा विषय पर अपना उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए कहा गया कि पॉजिटिव लोग अपनी परेशानियों को अपनी ढाल बना के आगे बढ़ते हैं न कि उनका रोना रोते है अतः नकारात्मक बात, व्यक्ति, और साथियों की संगति से दूर रहना चाहिए। कार्यशाला आयोजन सचिव डॉ



प्रतिमा त्रिपाठी ने कहा की अभाव में ही भाव निहित है सफल और इतिहास बनाने वाले सकारात्मकता के बल पर इतिहास सृजन किया है न कि किसी संसाधन से। वक्ताओं में शिव, ऋतु, रेणुका, पवन, ममता, अर्चना, शशि, चीनिवास, जंगबहादुर, आफताब, रेणुका, मनुऔर प्रशिक्षु अनिधा, अनूपा, श्रेया राय, कंचन रंजन, सचिन, नेहा, श्वेता, आरती, मृणाल, पूजा, फैजल कमर आदि ने अपने विचार रखे जिसमे नकारात्मकता से दूर रहने के लिए किसी से तुलना नहीं करना, अच्छी संगति, अच्छी सोच और कर्म, अच्छी पुस्तकें पढ़ना, असफलता को सहजता से लेना आदि विचार प्रस्तुत किए और कुछ गतिविधियों का आयोजन भी कराया गया जिससे ज्ञात होता है की किसी व्यक्ति के सोचने की दिशा सकारात्मक है या नकारात्मक। कार्यक्रम का संचालन शमशाद आलिया द्वारा किया गया, तकनीकी पक्ष में प्रशांत द्वारा सहयोग किया गया।

## मारवाड़ी समाज ने रानी सती दादी मंदिर निर्माण कार्य जल्द पूरा करने को लेकर की बैठक



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** निर्माणाधीन श्री राणी सती दादी मंदिर परिसर पर मारवाड़ी समाज की एक बैठक राणी सती मंडल के अध्यक्ष श्री शिव प्रसाद राजगढ़िया जी की अध्यक्षता में की गई,बैठक में श्री राणी सती दादी जी का मंदिर निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा कैसे हो इसके लिए मंथन किया गया। इस निमित्त एक ट्रस्ट बनाया जाएगा,जोकि मंदिर निर्माण कराने में सहायक होंगे,पिछले बैठक के निर्णय को यथावत रखते हुए ट्रस्टी बनने वाले के लिए राशि निर्धारण की गई निर्धारित राशि जमा करने के बाद ही ट्रस्टी बन सकेंगे और पूर्व में जो परिवार लोहरदगा में रहते थे वे अब बाहर रह रहे हैं वे सभी भी मंदिर के ट्रस्टी बन सकते हैं,अपने समाज के प्रत्येक घर से एक फाउंडर ट्रस्टी अवश्य हो इसके लिए एक तीन सदस्य टीम बनाई गई,जोकि 22 जुलाई 23 तक समाज के सभी लोगों से संपर्क कर ट्रस्टी बनने का आग्रह करेंगे। बैठक पर 10 लोगों ने ट्रस्टी बनने के लिए अपना नाम लिखाएं जो निम्न है सीताराम सर्राफ, अजय पोद्दार,राम प्रकाश मोदी,दीपक सर्राफ,विमल बंका,अवधेश मित्तल, अजय मोदी, जय प्रकाश शर्मा,अमर पोद्दार,निशांत सर्राफ ने अपनी सहमति दी।

## अनियंत्रित छड़ लदा ट्रक खाई में गिरा चालक की मौत, उप चालक गंभीर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** घटना कुडू चंदवा मुख्य पथ मध्य रात्रि की है, जहाँ एक ट्रक के गहरी खाई में गिरने से चालक की मौत हो गई, जबकि उपचालक गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची चंदवा थाना पुलिस ने ट्रक में फंसे चालक के शव और गम्भीर रूप से ज़ख्मी उपचालक को गैस कटर की मदद से काटकर ट्रक से निकाल कर अस्पताल भेजा गया,घटना कुडू चंदवा मुख्य पथ एनएच 75 स्थित लुकैया मोड़ के समीप शनिवार रविवार की मध्य रात्रि करीब 2 बजे की आस पास की है।मिली जानकारी के अनुसार ट्रक संख्या यूपी 42 बीटी-7275 उड़ीसा से छड़ और पाइप लोडकर उत्तर प्रदेश जा रहा था। इसी बीच शंख लुकैया मोड़ के समीप किसी कारण वश गाड़ियों की लंबी लाइन लगी थी। तभी वहां पहुंचे ओवर लोड ट्रक के चालक ने ट्रक से नियंत्रण खो दिया और सड़क के किनारे खाई में जा गिरा,जिससे चालक उत्तर प्रदेश के तिलखावां गांव निवासी कृष कुमार यादव 38 वर्ष की रुप में हुई है जिसकी मौत हो गयी वहीं उप चालक संत कुमार 19 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे एंबुलेंस से लोहरदग़ा सदर अस्पताल भेजा गया।

## आगामी चुनाव को लेकर बीएलओ और सुपरवाइजरों को दिया गया लघु प्रशिक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहतदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में अंचलाधिकारी सह प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी की अध्यक्षता में आगामी चुनाव को लेकर बीएलओ और सुपरवाइजरों का लघु प्रशिक्षण और समीक्षा बैठक आयोजित हुआ। स्पेशल समरी रिभिजन के तहत 2024 का चुनाव की तैयारी को लेकर अंचलाधिकारी सह प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी विजय कुमार के द्वारा लघु प्रशिक्षण सह समीक्षा बैठक आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में मोबाइल एप्प के माध्यम से मतदाता सूची में नया नाम जोड़ने तथा मृत व्यक्ति का नाम हटाने के बारे मद विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। साथ



ही समीक्षा के क्रम में बीएलओ द्वारा प्रपत्र 6,7 और 8 कि भरी हुई प्रपत्र कि जानकारी मांगी गई। वही बीएलओ द्वारा प्रपत्र 6,7 और 8 को मोबाइल एप्प से भरने में हो रही परेशानी के बारे में बताया गया। साथ ही डोर टू डोर भ्रमण कर मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने का निर्देश दिया गया।मौके पर राजस्व कर्मचारी सीताराम टाना भगत, दिनेश महतो, शैलेन्द्र कुमार मेहता, परमुनी देवी, अंगनी बेक, एतवारी देवी, शांता मिंज, टिंकी देवी, शहनाज बेगम, यशोदा कुमारी, रजनी देवी, निर्मला देवी सहित सभी बीएलओ मौजूद थे।

## सेंट जेवियर कॉलेज सिमडेगा के छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जिले के संत जेविय कॉलेज के वाणिज्य विभाग के सेमेस्टर सिक्स के छात्रों ने जमशेदपुर स्थित टिमकेन इंडिया लिमिटेड का दौरा किया। टिमकेन इंडिया लिमिटेड बेयरिंग निर्माण में भारत की एक अग्रणी कंपनी है। वर्तमान में वंदे भारत ट्रेन के चक्के में लगने वाले बेयरिंग भी टिमकेन ही बना रही है।

## ऑटोनॉमस पर्व के मौके पर मुड़िया में फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत जोक बहार पंचायत के मुड़िया गांव में सोमवार को ऑटोनॉमस पर्व के मौके पर नवयुवक संघ मुड़िया द्वारा 3 दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का झापा युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का जोकबहार मुखिया दुर्गा मुंडा मुख्य रूप से उपस्थित रहे सर्वप्रथम आए हुए अतिथि का आयोजन समिति के द्वारा स्वागत किया गया जिसके बाद खेल की शुरुआत हुई जहां पर सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए खेल की शुरुआत की गई। इस मौके पर मधुवन एवं सलडेगा के बीच खेल हुई जिसमें शानदार खेलते हुए मधुबन की टीम ने 1-0 से सलडेगा कि टीम को पराजित करते हुए जीत दर्ज की। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि सिमडेगा की धरती खेल नगरी के नाम से पूरे विश्व में विख्यात है यहां के दर्जनों खिलाडी अलग-अलग क्षेत्रों में जिले का नाम रोशन करने का काम किया है। आज वर्तमान समय में हॉकी हो फुटबॉल हो या फिर विभिन्न प्रकार के खेल हो सभी जगहों पर यहां के युवक युवतियां आगे हैं इसी प्रकार खेल को खेल भावना के साथ खेलते हुए सिमडेगा से बाहर निकलकर राज्यस्तरीय अंतर एवं विश्व पटल पर जाकर खेलें । झारखंड पार्टी हमेशा से खेल में सहयोग किया है।


## न्यायालय, समाहर्त्ता–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, कोडरमा वन प्रमण्डल

### न्यायालय सूचना

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बी0पी0एल0ई0 वाद संख्या में अवैध रूप से वन भूमि अतिक्रमण करने के आरोप में BPLE Act, 1956 के तहत न्यायालय समाहर्ता –सह– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, कोडरमा वन प्रमण्डल में चल रहे वादों में अभियुक्तों को उपस्थित होने हेतु पूर्व में नोटिस निर्गत किया गया था, परन्तु कुछ वादों में अभियुक्त या तो प्रारंभिक स्तर से अनुपस्थित है या कुछ वादों में कारण पृछा समर्पित कर लगातार अनुपस्थित है।

अतः निम्नलिखित BPLE वादों से संबंधित अभियुक्तों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए निंदेश दिया जाता है कि दिनांक – 13.07.2023 को 12.00 बजे अपराहन् में न्यायालय समाहर्ता –सह– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, कोडरमा वन प्रमण्डल के न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें अन्यथा आपके अनुपस्थिति में एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा।

| क्र0 सं0 | बी0पी0एल0ई0 वाद संख्या | अभियुक्त का नाम एवं पता | मौजा का नाम | थाना / थाना नं0 | प्लॉट संख्या | अतिक्रमित वन भूमि का रकवा (एकड़ में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 14/22–23 | 1. बलदेव मुर्मू, पिता – रूपन मुर्मू सा0 – गरमुन्डो, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। 2. सुमीत झा, प्रखण्ड समन्वक प्रधान मंत्री आवास योजना डोमचाँच प्रखण्ड। | गरमुन्डो | कोडरमा – 54 | 49 | 0.02 |
| 2. | 16/22–23 | 1. राजु मेहता, पिता – स्व0 देवनारायण मेहता 2. छोटेलाल मेहता , पिता – तेजो मेहता 3. सुरेश मेहता, पिता – स्व0 किशुनलाल मेहता तीनों का सा0 – सा0 – गरमुन्डो, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। 4. द्वारिका मेहता, पिता – स्व0 बालेश्वर मेहता सा0 – मसनोडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। 5. माणिक तुरी, पिता – स्व0 बुधन तुरी सा0 – कबराबुट, थाना – डोमचाँच जिला – कोडरमा। | गरमुन्डो | कोडरमा – 54 | 49 | 0.20 |

PR 301901 Forest, Environment and Climate Changes(23-24)D

समाहर्त्ता –सह– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, कोडरमा वन प्रमण्डल।



## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

*Email : eedwsd.lohardaga@gmail.com*

### संविदा पर नियुक्ति संबंधित सूचना

झारखण्ड राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन अन्तर्गत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही सम्पोषित ''स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)'' फेज–II अन्तर्गत योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु DPMU एवं BPMU स्तर पर जिला स्तरीय एवं प्रखण्ड स्तरीय रिक्त Accountant / Block wash Coordinator की संविदा आधारित नियुक्ति एवं सेवा शर्तें प्रक्रिया निम्नवत है :–

| क्र0 सं0 | पद | स्तर | संख्या | अहर्त्ता | परिलब्धि / मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Accountant | जिला | 01 (अनारक्षित) | **Qualification** :- सरकारी मान्यता प्राप्त विष्वविद्यालय / संस्थान में B.Com में 50% अंक से उत्तीर्ण। **कार्यानुभव** :– लेखा कार्य के क्षेत्र में कम से कम तीन वर्षों का कार्य से संबंधित अनुभव होना आवष्यक है। (Accounting terns add) **Computer Knowledge/ Experience** - Proficient In MS Office (Word, Excel, Power Point) Should be able to work over Spreadsheet, Basic MIS Skill. आयु सीमा :– न्यूनतम 21 वर्ष अधिकतम 35 वर्ष। | Rs. 20000.00 Per Month |
| 2 | Block wash Coordinator | प्रखण्ड | 02 (01 अनारक्षित) (01 अ0ज0जा0) | **Qualification** :- **Essential Qualification** Graduation in any steam with 55% marks from any reputed & recognized Institution/ University **Work Experience** - 03 year of experience in the Development Sector/ Water Sanitation and Hygiene additionally Experience in Handling Android Best Mobile Application or Digital tab Will be an Advantage. **Computer Knowledge/ Experience** - Knowledge of MS Office (Word, Excel, Power Point) आयु सीमा :– न्यूनतम 21 वर्ष अधिकतम 35 वर्ष। | Rs. 12000.00 Per Month |

राष्ट्रीयता :– आवेदक भारतीय नागरिक होना चाहिए।

1. शारीरिक विकलांग कोटि के लिए क्षैतिक आरक्षण का अनुपालन कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग, झारखण्ड के द्वारा निर्गत अद्यतन परिपत्रों के अनुसार किया जाएगा।
2. स्थानीय को प्राथमिकता दी जाएगी।
3. आवेदन प्राप्ति की तिथि :– **दिनांक 25–07–2023 के अपराहन 05:00 बजे** तक इच्छुक उम्मीदवाार सभी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र एवं आवासीय प्रमाण पत्र की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ विहित प्रपत्र में भरकर **Email ID - recruitment.lohardaga@gmail.com** पर केवल **PDF File** में अथवा निबंधित डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से **कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा** को भेजा जा सकता है।
4. सभी पदों पर नियुक्तियाँ पूर्णतः संविदा के आधार पर होगी। प्रारंभिक चरण में यह नियुक्ति एक वर्ष की होगी। कार्य संतोषप्रद पाये जाने पर अगले एक वर्ष के लिए अनुबंध का नवीनीकरण किया जा सकेगा। कार्यक्रम पूर्ण होने पर संविदा पर की गई नियुक्ति स्वतः समाप्त हो जाएगी।
5. जिला स्तरीय कर्मियों के पद के आवेदन हेतु आयु सीमा कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग, झारखण्ड द्वारा निर्धारित आयु सीमा के अनुसार होगी परन्तु वर्त्तमान में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अन्तर्गत कार्यरत कर्मियों के लिए अधिकतम उम्र 55 वर्ष होगी।
6. लिखित परीक्षा की तिथि एवं चयनित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार हेतु सूचना www.lohardaga.nic.in एवं विभाग के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
7. प्रत्येक पद के अन्तर्गत मार्किंग हेतु अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता का मापांक (Weightage) – 40 प्रतिशत, लिखित परीक्षा का मापांक (Weightage) – 20 प्रतिशत, संबंधित क्षेत्र में कार्य अनुभव का मापांक (Weightage) – 15 प्रतिशत, DW&SD में वर्त्तमान में कार्य अनुभव 10 प्रतिशत तथा दक्षता जाँच का मापांक (Weightage) – 15 प्रतिशत होगा।
8. आवेदन पत्र संलग्न।

**टिप्पणी** :– लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार में भाग लेने हेतु कोई यात्रा भत्ता / दैनिक भत्ता देय नहीं होगा। चयन समिति को किसी भी उम्मीदवार की पात्रता को स्वीकार एवं निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

PR 301915 Lohardaga(23-24)#D

**कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा**

## चलते चलते एक नजर

### कैट ने बारिश से व्यापारियों को हुए नुकसान की भरपाई की मांग की

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दो दिन की बारिश ने वर्ल्ड क्लास शहर बनाने के दिल्ली सरकार के सभी दावों की पोल खोल दी है। इस बीच कारोबारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने दिल्ली सरकार से बारिश की वजह से व्यापारियों को हुए नुकसान की भरपाई तुरंत करने की मांग की है। कैट के दिल्ली प्रदेश महामंत्री देवराज बवेजा एवं आशीष ग्रोवर ने सोमवार को संयुक्त बयान में कहा कि बारिश से दिल्ली के बाजारों को बहुत नुकसान हुआ है। बाजारों में खराब सीवर व्यवस्था होने से सड़कों पर पानी लगने से कई जगहों पर व्यापारियों की दुकानों में पानी भर गया, जिसके कारण दुकानदारों को बहुत नुकसान हुआ है। दोनों कारोबारी नेताओं ने सरकारी एजेंसियों की लापरवाही के कारण व्यापारियों को हुए नुकसान की भरपाई दिल्ली सरकार से तुरंत करने की मांग की है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल एवं प्रदेश अध्यक्ष विपिन आहूजा ने दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना से दिल्ली के सीवर एवं ड्रेनेज सिस्टम का तकनीकी ऑडिट कराने की मांग भी की है। कारोबारी नेताओं का कहना है कि दिल्ली के ड्रेनेज एवं सीवर सिस्टम पर दिल्ली जल बोर्ड, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली सरकार, नई दिल्ली नगर परिषद और अन्य सरकारी एजेंसियों द्वारा खर्च किए गए धन की जांच की जाए, ताकि पता लगे की जो धन इन पर खर्च किया गया, यदि वास्तव में ड्रेनेज एवं सीवर पर खर्च हुआ, तो फिर दो दिन में ही दिल्ली नदी क्यों बन गई। उन्होंने कहा कि उप राज्यपाल को इस विषय पर तुरंत ध्यान देकर कैट की मांग स्वीकार करनी चाहिए।

### यमुना रेलवे ब्रिज पर 20 किमी प्रति घंटे की गति का प्रतिबंध लगाया गया

**नई दिल्ली :** उत्तर रेलवे ने यमुना नदी में बढ़ते जल स्तर के मद्देनजर पुराना यमुना पुल (लोहा पुल) से गुजरने वाली रेलगाड़ियों पर 20 किमी प्रति घंटे की गति का प्रतिबंध लगा दिया है। उत्तर रेलवे के प्रवक्ता दीपक कुमार ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फिलहाल इस ब्रिज से रेलगाड़ियों का परिचालन सामान्य है लेकिन एहतियातन गति सीमा को नियंत्रित करने का निर्णय किया गया है। दिल्ली में यमुना आज रेलवे ब्रिज पर नदी का जलस्तर 204.36 मीटर रिकार्ड दर्ज किया गया। नदी का चेतावनी स्तर 204.50 मीटर है जबकि खतरे का निशान 205.33 मीटर है। हथिनीकुंड बैराज से लगातार नदी में पानी छोड़े जाने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हो रही है।

### पुंछ में बारूदी सुरंग विस्फोट होने से सेना का जवान घायल

**पुंछ :** पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास एक बारूदी सुरंग विस्फोट होने से सेना का एक जवान घायल हो गया है। सैन्य अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि केरनी सेक्टर के एक अग्रिम गांव में गश्त के दौरान जवान ने अपना पैर गलती से बारूदी सुरंग पर रख दिया और एक जोरदार विस्फोट हुआ। इस विस्फोट में जवान घायल हो गया। उन्होंने बताया कि घायल को एक सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पर जवान का उपचार जारी है। अधिकारियों ने कहा कि घुसपैठ के प्रयास को रोकने के लिए नियंत्रण रेखा के पास जमीन में बारूदी सुरंगें बिछाई जाती हैं, जो कभी-कभी बारिश के कारण मिट्टी बह जाने से ऊपर आ जाती हैं, जिसके परिणामस्वरूप इस प्रकार की दुर्घटनाएं होती हैं।

# हिमाचल प्रदेश में कल से बारिश में कमी होने की संभावना : आईएमडी




**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण वहां बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। हालांकि मौसम विभाग से प्रदेश के लिए राहत भरी खबर है। मौसम विभाग ने मंगलवार से हिमाचल प्रदेश में बारिश की रफ्तार में कमी आने की संभावना जताई है।

मौसम वैज्ञानिक सोमा सेन ने बताया कि सोमवार को हिमाचल प्रदेश में अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी दी गई थी, जिसके लिए वहां रेड अलर्ट जारी किया गया। हालांकि कल से हिमाचल प्रदेश में बारिश कम होने की संभावना है लेकिन उत्तराखंड में अगले तीन दिनों तक इसी तरह की या थोड़ी कम तीव्रता वाली बारिश जारी रहने की संभावना है। सोमवार को पूर्वी पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दक्षिणी राजस्थान में भारी बारिश की उम्मीद है।

दिल्ली में भी तेज बारिश की संभावना मौसम विभाग ने दिल्ली में भी तेज बारिश की संभावना जताई है। अगले दो दिनों के लिए यहां बारिश जारी रहने की संभावना है। सोमा सेन के मुताबिक दिल्ली में 12 सेमी तक बारिश की संभावना है, यह अधिक भी हो सकती है, जिसकी निगरानी की जा रही है। सोमवार के लिए दिल्ली में येलो अलर्ट है। उन्होंने बताया कि मंगलवार से उत्तर-पश्चिम हिमालय में बारिश थोड़ी कम हो जाएगी। मौसम विभाग के अनुसार चंडीगढ़, पंचकूला (हरियाणा) और मोहाली (पंजाब) के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है।

## गडकरी ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर बाढ़ के प्रभाव की समीक्षा की



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा और अन्य राज्यों में बाढ़ की स्थिति और राष्ट्रीय राजमार्गों पर इसके प्रभाव की समीक्षा की। गडकरी ने विशेष बैठक में अधिकारियों को प्रभावित सड़कों की मरम्मत और रखरखाव को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। मंत्री ने अधिकारियों से संबंधि राज्यों में बाढ़ की स्थिति के बारे में जानकारी ली। सड़क परिवहन और राजमार्ग सचिव, एनएचएआई के अध्यक्ष, डीजी रोड और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति वाली इस बैठक में गडकरी ने अधिकारियों को प्रभावित राजमार्गों की मरम्मत और रखरखाव को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया।

## नेशनल शूटर तारा शाहदेव मामले में सीबीआई की ओर से बहस शुरू, अगली बहस 17 को



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव मामले में सोमवार से सीबीआई की ओर से बहस शुरू हो गई। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में मामले की सुनवाई हुई। मामले में 17 जुलाई को अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित की गयी है। इससे पूर्व 23 जून को मामले में सुनवाई हुई थी। मामले के मुख्य आरोपित रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल की ओर से बनाए गए गवाह रिलायंस कम्यूनिकेशन, ईस्टर्न जोन की नोडल ऑफिसर मधुमिता गुप्ता की गवाही पूरी होने पर बचाव साक्ष्य बंद कर दिया गया था। अब सीबीआई की ओर से फाइनल बहस की जा रही है। मामले में मुख्य आरोपित रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल के अलावा हाई कोर्ट के बर्खास्त पूर्व रजिस्ट्रार मुश्ताक अहमद और कोहली की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रहे है। रंजीत कोहली और तारा शाहदेव की शादी सात जुलाई 2014 को हुई थी। शादी के बाद ही मारपीट एवं उत्पीड़न की घटनाएं होने लगी थी। सीबीआई ने हाई कोर्ट के आदेश पर 2015 में केस टेक ओवर किया था। लेकिन शादी के कुछ माह बाद उसे धर्म परिवर्तन करने को लेकर प्रताड़ित किया जाने लगा।

आरोपितों के खिलाफ दो जुलाई 2018 को आरोप गठित किया गया था।

## प्रधानमंत्री मोदी डिग्री विवाद में डीयू की याचिका पर जल्द सुनवाई से दिल्ली हाई कोर्ट का इनकार




**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिग्री विवाद के मामले पर केंद्रीय सूचना आयोग के आदेश के खिलाफ दिल्ली विश्वविद्यालय की याचिका पर जल्द सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने ये आदेश दिया। इस मामले पर हाई कोर्ट में सुनवाई की तारीख 13 अक्टूबर नियत है। प्रधानमंत्री मोदी के डिग्री विवाद के मामले पर केंद्रीय सूचना आयोग के आदेश के खिलाफ दायर याचिका में दिल्ली विश्वविद्यालय ने कहा है कि डिग्री छात्र और विश्वविद्यालय के बीच का मामला है। केंद्रीय सूचना आयोग ने दिल्ली विश्वविद्यालय को निर्देश दिया था कि मोदी की डिग्रियों के बारे में जानकारी सूचना के अधिकार के तहत सार्वजनिक किया जाए। दिल्ली हाई कोर्ट ने 24 जनवरी, 2017 को केंद्रीय सूचना आयोग के आदेश पर रोक लगा दी थी।दरअसल, आम आदमी पार्टी से जुड़े नीरज शर्मा ने सूचना के अधिकार के तहत दिल्ली विश्वविद्यालय से मोदी की डिग्रियों की जानकारी मांगी थी। विश्वविद्यालय ने इसे निजी जानकारी बताते हुए साझा करने से इनकार किया था। विश्वविद्यालय के मुताबिक इससे कोई सार्वजनिक हित नहीं पूरा होता है। उसके बाद नीरज शर्मा ने केंद्रीय सूचना आयोग का रुख किया, जिसने दिल्ली विश्वविद्यालय के सूचना अधिकारी मीनाक्षी सहाय पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। आयोग ने डिग्री से संबंधित जानकारी देने का भी आदेश दिया। केंद्रीय सूचना आयोग के इसी फैसले के खिलाफ दिल्ली विश्वविद्यालय ने दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया है।

# राज्यसभा चुनाव के लिए विदेश मंत्री जयशंकर ने दाखिल किया नामांकन



**एजेंसी**

**अहमदाबाद :** गुजरात में राज्यसभा की तीन सीटों के लिए होने वाले चुनाव में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सोमवार को गांधीनगर में अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल और राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य मौजूद रहे। भाजपा के मुताबिक डॉ. एस. जयशंकर ने राज्यसभा चुनाव के लिए विधानसभा परिसर में बनाए गए कार्यालय में 12.39 बजे अपना नामांकन दाखिल किया। गुजरात की तीन, पश्चिम बंगाल की छह और गोवा की एक राज्यसभा सीट पर चुनाव के लिए 24 जुलाई को वोटिंग होगी। मतों की गिनती भी उसी दिन मतदान पूर्ण होने के बाद शुरू हो जाएगी। नामांकन की अंतिम तारीख 13 जुलाई और नाम वापसी की अंतिम तारीख 17 जुलाई है। चुनाव की अधिसूचना छह जुलाई को जारी की गई थी। गुजरात विधानसभा में सदस्यों की संख्या 182 है। राज्यसभा उम्मीदवार को चुनाव जीतने के लिए कम से कम 46 विधायकों का मत मिलना जरूरी है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शक्तिसिंह गोहिल के अनुसार कांग्रेस राज्यसभा चुनाव में दावेदारी नहीं करेगी। कांग्रेस के पास विधानसभा में महज 17 विधायक हैं। गुजरात से भाजपा के 3 राज्यसभा सदस्यों- दिनेश अनावडिया, जुगलजी ठाकोर और एस जयशंकर का कार्यकाल 18 अगस्त को पूरा हो रहा है। उल्लेखनीय है कि गुजरात में राज्यसभा की 11 सीटें हैं। इनमें से अभी आठ भाजपा और तीन कांग्रेस के पास है।

**तृणमूल ने तय किया राज्यसभा उम्मीदवारों के नाम, सुष्मिता देव और शांता छेत्री को दिखाया बाहर का रास्ता**


**कोलकाता :** राज्यसभा की छह सीटों पर चुनाव और एक पर उपचुनाव के लिए पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने आखिरकार उम्मीदवारों के नाम तय कर लिये हैं।

रविवार को पार्टी के सभी विधायकों और सांसदों के साथ बैठक के बाद सोमवार को इसकी सूची को अंतिम रूप दे दिया गया है। पार्टी की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि पुराने राज्यसभा सदस्यों में से पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा में पार्टी के नेता डेरेक ओ ब्रायन को टिकट मिला है। इसी तरह से उच्च सदन में उप नेता सुखेंदु शेखर रॉय और तृणमूल कांग्रेस के श्रमिक संगठन की नेता डोला सेन को तीसरी बार राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया है जबकि शांता छेत्री और सुष्मिता देव को बाहर का रास्ता दिखाया गया है।

### मणिपुर में ताजा हिंसा में एक की मौत, कई घायल

**इंफाल :** मणिपुर में हिंसा की छिटपुट घटनाएं जारी हैं। गोलीबारी की ताजा घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह घटना इंफाल पश्चिम और कांगपोकपी जिलों की सीमा पर स्थित दो गांवों में हुई। यहां मिली जानकारी के मुताबिक रविवार की आधी रात से इंफाल पश्चिम और कांगपोकपी जिलों की सीमा पर स्थित फेयेंग और सिंघदा गांवों में गोलीबारी की घटनाएं हुई। झड़प की सूचना मिलने के बाद असम राइफल्स की अतिरिक्त टुकड़ियों को दोनों गांवों में भेजा गया। असम राइफल्स की भारी कार्रवाई से सोमवार सुबह गोलीबारी रुक गई। हालांकि दो प्रतिद्वंद्वी समुदायों के बीच गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक असम राइफल्स की मौजूदगी के बावजूद 10 जुलाई की सुबह सिंघड़ा गांव की पहाड़ियों की ओर फिर से अकारण गोलीबारी की गई।

# नॉलेज सेंटर को नॉलेज इकोनॉमी का सेंटर बनना चाहिए : राष्ट्रपति



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के तकनीकी संस्थानों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का प्रयोग करने की सलाह देते हुए कहा कि नॉलेज सेंटर को नॉलेज इकोनॉमी का सेंटर बनना चाहिए। राष्ट्रपति मुर्मू सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित दो दिवसीय आगंतुक सम्मेलन-2023 के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने इस दौरान नवाचार, अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास श्रेणियों में आगंतुक पुरस्कार 2021 भी प्रदान किए। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति मुर्मू उच्च शिक्षा के 162 केंद्रीय संस्थानों की विजिटर हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि नई शिक्षा नीति-2020 का उद्देश्य भारत को ग्लोबल नॉलेज पावर बनाना है। नई शिक्षा नीति का उद्देश्य छात्रों के लिए बेहतर माहौल स्थापित करना है साथ ही इसमें अच्छे शिक्षकों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया है। उन्होंने कहा कि समाज और देश के विकास में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है।

उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने में शिक्षा की अहम भूमिका होगी। सम्मेलन को शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आगामी 29 जुलाई को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की तीसरी वर्षगांठ मनाई जाएगी। इसमें देशभर के शिक्षाविदों को आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चरक, सुश्रुत से लेकर पाणिनी आदि को हम समाजशास्त्र, प्राणि विज्ञान, ज्योतिष और भूगोल शास्त्र में नाम ले सकते हैं। उन्हीं की बदौलत हम आज यहां तक पहुंचे हैं।

**सेमीकंडक्टर संयुक्त उद्यम से पीछे हटा फॉक्सकॉन**

# भारत ने कहा कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** फॉक्सकॉन के वेदांता के साथ भारत के सेमीकंडक्टर संयुक्त उद्यम से पीछे हटने के बाद केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा है कि इसका भारत पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। राजीव चंद्रशेखर ने ट्वीट कर कहा कि वेदांता के साथ अपने संयुक्त उद्यम से हटने के फॉक्सकॉन के फैसले का भारत के सेमीकंडक्टर फैब लक्ष्यों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि सोमवार को ताइवान की फॉक्सकॉन ने घोषणा की थी कि वह भारतीय समूह वेदांता के साथ 19.5 बिलियन डालर के सेमीकंडक्टर संयुक्त उद्यम से पीछे हट गई है। केन्द्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने अपने बयान में आगे कहा कि यह सर्वविदित था कि दोनों कंपनियों के पास कोई पूर्व सेमीकॉन अनुभव या प्रौद्योगिकी नहीं थी और उन्हें टेक पार्टनर से फैब तकनीक प्राप्त करने की उम्मीद थी। जबकि उनके जेवी वीएफएसएल ने मूल रूप से 28 एनएम फैब के लिए एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, वे उस प्रस्ताव के लिए एक उपयुक्त तकनीकी भागीदार नहीं बना सके। उन्होंने कहा कि यह सरकार का काम नहीं है कि वह क्यों या कैसे दो निजी कंपनियां की साझेदारी करना चुनती है या नहीं चुनती है।

सरल शब्दों में इसका मतलब है कि दोनों कंपनियां स्वतंत्र रूप से और सेमीकॉन में उचित प्रौद्योगिकी साझेदारों के साथ भारत में अपनी रणनीतियों को आगे बढ़ा सकती हैं और आगे बढ़ाएंगी।

# पश्चिम बंगाल में छिटपुट हिंसा के बीच पंचायत चुनाव पुनर्मतदान रहा शांतिपूर्ण, हाई कोर्ट पहुंचा विपक्ष



**एजेंसी**

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव के लिए 19 जिलों के 696 मतदान केंद्रों पर सोमवार को हिंसा की छिटपुट घटनाओं को छोड़कर पुनर्मतदान शांतिपूर्ण रहा। पश्चिम बंगाल राज्य चुनाव आयोग के अनुसार दोपहर एक बजे तक औसतन 30.54 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। मतगणना मंगलवार को सुबह 08 बजे से शुरू होगी। नादिया जिले में ग्रामीणों ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा कथित तौर पर सुबह मतदान करने से रोके जाने के बाद विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़कें अवरुद्ध कर दीं। प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने तृणमूल कांग्रेस के एक युवा नेता की जमकर पिटाई की और उनकी मोटरसाइकिल में तोड़फोड़ की। बाद में पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। सुबह मतदान की शुरुआत में ही तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता मोइदुल शेख के मौत की खबर आई। वह मुर्शिदाबाद का रहने वाला था। कोलकाता के एनआरएस अस्पताल में उसने दम तोड़ा। शनिवार को मतदान वाले दिन बम के हमले में वह घायल हुआ था। इसके अलावा नदिया जिले में मतदान केंद्र की लाइन में एक अधेड़ शख्स की गर्मी की वजह से मौत हो गई। कूचबिहार के दिन हटा में आपराधिक तत्व मतदान को बाधित करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन उन्हें चारों तरफ से घेरकर बीएसएफ जवानों ने पकड़ लिया और लाठीचार्ज कर भगाया। नादिया के नकाशीपारा में एक सीपीआई (एम) कार्यकर्ता अपनी पार्टी और तृणमूल कार्यकर्ताओं के बीच झड़प के दौरान गोली लगने से घायल हो गया। उनका इलाज कोलकाता के एक स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। इसी तरह कूचबिहार जिले के दिनहाटा में भी तृणमूल कांग्रेस और भाजपा समर्थकों के बीच झड़प हुई। कुछ देसी बम फेंके गए। पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र बल के जवानों ने तुरंत स्थिति पर नियंत्रण कर लिया।भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पार्टी के लोकसभा सदस्य सुकांत मजूमदार जैसे ही दक्षिण दिनाजपुर जिले के गंगारामपुर पहुंचे, उन्हें तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ा। मजूमदार करीब 40 मिनट तक वहां फंसे रहे और बाद में पुलिस ने उन्हें सुरक्षित निकाला। हावड़ा के डोमजूर इलाके के अंकुरहाटी में कथित तौर पर सीपीआई (एम) कार्यकर्ताओं ने तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार शेख सुल्ताना के वाहन को तोड़ दिया। पूर्व बर्दवान, दक्षिण 24 परगना से छिटपुट हिंसा की खबरें आईं। हालांकि, अब तक आ रही हिंसा की रिपोर्ट शनिवार को मतदान के दिन की तुलना में नगण्य थी। शनिवार को मतदान के दौरान कम से कम 16 लोगों की मौत हुई थी।

इधर पुनर्मतदान को आई वास करार देते हुए नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने ममता बनर्जी पर हमला बोला। अधीर ने इस संबंध में कलकत्ता हाई कोर्ट में याचिका लगाकर चुनावी हिंसा की किसी स्वतंत्र जांच एजेंसी से कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने मृतकों के परिजनों को वित्तीय मुआवजा और घायलों को बेहतर चिकित्सा की अर्जी लगाई। कोर्ट ने इसे स्वीकार किया है और घायलों को तत्काल बेहतर चिकित्सा उपलब्ध करवाने को कहा।